# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 11 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 157, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 64 अंकों की उछाल

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ने के चलते शेयर बाजार शुरुआती बढ़त को गंवा कर सेंसेक्स 64.42 अंक की बढ़त के साथ 73,983.18 अंक पर बंद हुआ। } 10

## मोदी ने राष्ट्र प्रथम की भावना से किया देश का विकास

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का कीर्तिमान स्थापित करने पर बधाई दी है और कहा उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना से देश का विकास किया। } 12



# कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ देश, जनता देख रही स्थिरता

○ 12 साल का कार्यकाल पूरा होने पर पीएम मोदी ने देश को किया संबोधित ○ राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक स्थिरता का महत्व समझती है जनता

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 साल का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर देश की जनता का आभार प्रकट किया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आज इस यात्रा के ऐसे सभी साथियों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर एनडीए के सदस्यों ने एक प्रस्ताव भी पेश किया है। यह आपकी उदारता है। मैं इस यात्रा को अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं मानता। यह हम सबकी सामूहिक उपलब्धि है। ये एनडीए के हर घटक दल की एक समान उपलब्धि है। इसलिए मैं इस प्रस्ताव को आप सभी को भाजपा समेत हमारे एनडीए परिवार के सभी कार्यकताओं को समर्पित करता हूं।



उन्होंने कहा, भारत की जनता का नीर-क्षीर विवेक हमेशा अद्भुत रहा है। देश की जनता ने राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक स्थिरता का महत्व समझा है। ये जनता-जनार्दन की परिपक्वता ही है कि उसने लंबे समय तक मुझे इस तरह जनता की सेवा का अवसर दिया। 2014 के पहले के कई दशक बहुत अस्थिरता और उथल-पुथल से भरे थे। इसका देश को नुकसान उठाना पड़ा था। लेकिन अब देश की जनता एक स्थिर सरकार का काम भी देख रही है और उसकी निर्णायक क्षमताओं को परख भी रही है। मैं जनता का आभार प्रकट करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा, साल 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवीय में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपना भरोसा हमें सौंपा। मुझे संतोष है, गर्व है कि एनडीए परिवार के तौर पर हमने देश के विश्वास को हमेशा और मजबूत किया है। 2014 में आशा का उदय होता सूरज आज नए आत्मविश्वास के प्रकाश पुंज में बदल गया है। भारत के लोगों ने पहली बार देखा है कि जब सही नीयत से सरकार चलती है तो तेज गति से विकास होता है। एनडीए सरकार के इन 12 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों का गरीबी से बाहर निकलना दिखाता है कि हमारी नीतियां सही हैं। उन्होंने कहा, ये सफलता आज देश के हर उस व्यक्ति को बताती है कि एक दिन उसके सपने भी पूरे होंगे। मैं मानता हूं कि कल जो गरीब था, आज जो नियो मिडिल क्लास बना है, उसे अब हमें पीछे नहीं होने देना है। इसलिए सरकार के नाते हमें दिन-रात काम करना है। परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है। इस संकल्प के साथ 140 करोड़ का यह देश हमसे जो उम्मीदें लगाए बैठा है वे जरूर पूरी हों। भारत का युवा, नारी शक्ति, मध्यम वर्ग, किसान, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राष्ट्र निर्माण में उत्तर प्रदेश का सर्वोत्तम योगदान : योगी

लखनऊ। निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 4399 दिन पूरे कर नरेंद्र मोदी सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहने वाले जनसेवक बन गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रदेशवासियों की तरफ से पत्र लिखकर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित पत्र में लिखा- राष्ट्रसेवा, सुशासन एवं जनकल्याण को समर्पित 12 वर्ष के सफलतम कार्यकाल पर आपको समस्त प्रदेशवासियों की ओर से अनंत शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व



में उत्तर प्रदेश राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देता रहेगा। सीएम ने पत्र में लिखा कि आपके यशस्वी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आस्था और अर्थव्यवस्था का अद्भुत संगम बनकर उभरा है। अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर रामलला का विराजमान होना, काशी विश्वनाथ धाम के सफल पुनरोद्धार आदि के साथ ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के आपके मूल मंत्र ने विगत 12 वर्षों में भारत के विकास को नई दिशा, नई गति और नया विश्वास प्रदान किया है। राष्ट्र ने सेवा, सुरक्षा, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर का मोबाइल अलीगढ़ से बरामद

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कानून व्यवस्था सुदृढ़ कर उत्तर प्रदेश में सुशासन स्थापित किया। अब उत्तर प्रदेश की पुलिस ने एक और बड़ा कार्य कर अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी अलग पहचान स्थापित की। आईपीएल फाइनल मैच के दौरान चोरी हुआ ऑस्ट्रेलियाई इन्फ्लुएंसर जेक जैकिंग्स का मोबाइल बरामद कर अलीगढ़ पुलिस ने सकुशल उसे सौंप दिया। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर यूपी का भरोसा मजबूत हुआ है। मोबाइल मिलने पर जेक जैकिंग्स ने अलीगढ़ पुलिस की त्वरित कार्रवाई और पेशेवर कार्यशैली की सराहना की।

### बाराबंकी : सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

बाराबंकी। जिले के देवा इलाके में मंगलवार देर रात मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने हुई टक्कर में छह वर्षीय बच्ची समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसा रात करीब 12:30 बजे देवा-चिनहट मार्ग पर गोपालपुर मोड़ के पास हुआ। मलिकसंड देवगांव निवासी ब्रजेंद्र कुमार (25) अपनी मां सुधा देवी (50) और छह वर्षीय बेटी नैना के साथ एक वैवाहिक समारोह में शामिल होकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। टक्कर के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने ब्रजेंद्र कुमार और सुधा देवी को मृत घोषित कर दिया।

## ईयू प्रमुख, मेलोनी, मुइज्जू व विश्व के नेताओं ने मोदी को दी बधाई

○ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल व मंगोलिया के कई नेताओं ने भी सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई

एजेंसी

ब्रसेल्सा रोम। यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी सहित दुनिया के कई देशों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार सबसे लंबे समय तक भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पद पर रहने के लिए बुधवार को बधाई दी।

मोदी ने बुधवार को 4,399 दिनों के लगातार कार्यकाल के साथ भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का 4,398 दिनों का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। मोदी को बधाई देने वाले वैश्विक नेताओं में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया



उर्सुला वॉन डेर लेयेन,



इतालवी पीएम जॉर्जिया मेलोनी,



द. कोरिया, राष्ट्रपति ली जाई-म्युंग,



मलेशिया पीएम अनवर इब्राहिम

मेलोनी, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जाई-म्युंग, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोग्बे, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और कई अफ्रीकी देशों के नेता शामिल रहे। अमेरिका और नेपाल व मंगोलिया जैसे देशों के कई नेताओं ने भी सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष लेयेन ने मोदी के नेतृत्व की तारीफ की और संगठन के देशों के साथ भारत की साझेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा, आपके नेतृत्व में भारत न सिर्फ चांद पर पहुंचा है, बल्कि सितारों तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है। प्रौद्योगिकी, परिवहन, सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में हमारे सहयोग से लेकर अब तक के सबसे बड़े व्यापार समझौते तक, हमने साथ मिलकर जो कुछ भी हासिल किया है, उसके लिए आपका धन्यवाद।

मेलोनी ने मोदी को बधाई देते हुए हाल में भारत और इटली के बीच शुरू हुई विशेष रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, पिछले दिनों रोम में एक बार फिर (प्रधानमंत्री मोदी से) मुलाकात करके और एक विशेष रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत करके खुशी हुई जो भविष्य में हमारे देशों और लोगों के लिए नए अवसर बनाने के लिए महत्वपूर्ण होगी। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारतीय प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा मालदीव आपसी सम्मान, संप्रभु समानता और साझा हितों के आधार पर भारत के साथ सहयोग को और मजबूत करने के लिए आशान्वित है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राजग ने पीएम मोदी के नेतृत्व में काम करने का लिया संकल्प

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने नरेन्द्र मोदी को सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने को लेकर बुधवार को बधाई दी और उनके नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम जारी रखने का संकल्प लिया।

नयी दिल्ली में एक दिवसीय सम्मेलन में पारित किए गए प्रस्ताव में, सत्तारूढ़ गठबंधन ने मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा के प्रति अथक समर्पण की प्रशंसा की। साथ ही, यह भी कहा कि उनका शासन नागरिकों की जरूरतों को समझने वाला, नये तरीकों पर आधारित और असरदार बदलाव लाने वाला है, जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की सच्ची भावना के अनुरूप है। प्रस्ताव में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, पिछले 12 वर्षों की मुख्य विशेषता जन केंद्रित विकास, भागीदारी वाला लोकतंत्र और प्रदर्शन-आधारित शासन का एकीकरण रही है।

इसमें कहा गया राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन भारत के लोगों का लगातार भरोसे और समर्थन के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करता है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण के लिए बधाई देता है। प्रस्ताव में कहा गया कि राजग अपने सहयोगी दलों, हर चुने हुए प्रतिनिधि और हर उस कार्यकर्ता के अमूल्य योगदान का भी सम्मान करता है, जिन्होंने इस ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विकसित भारत-गारंटी मिशन के लिए यूपी को मिले 9,721 करोड़

विशेष संवाददाता

लखनऊ। केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार और विकास को नई गति देने के उद्देश्य से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए अंतरिम धनराशि आवंटित की है। इस आवंटन में उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक 9,721.48 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है।

मंगलवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी तथा उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी भाग लिया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण रोजगार, श्रमिक कल्याण और ग्राम्य विकास को नई दिशा देने के लिए व्यापक वित्तीय और नीतिगत पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2026 से लागू होने वाली नई व्यवस्था में श्रमिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी श्रमिक रोजगार से वंचित न रहे। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा के तहत पहले ही 30,000 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नौसेना को मिलेगा ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट जैमर

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय नौसेना के लिए बेहतर क्षमता वाले 20 ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) जैमर खरीदने के लिए एक कंपनी के साथ 449 करोड़ रुपये का अनुबंध किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि यह अनुबंध स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी के तहत किया गया है। इसमें कहा गया है कि जीएनएसएस जैमर के शामिल होने से कई तरह के खतरों वाले माहौल में नौसेना के जहाजों के सुरक्षित अभियान का रास्ता साफ होगा। मंत्रालय ने बताया कि 449 करोड़ रुपये का यह अनुबंध बेंगलुरु की कंपनी एकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ा गतिरोध

टकराव से युद्ध समाप्त करने की कोशिशों के पटरी से उतरने का खतरा

एजेंसी

दुबई। अमेरिकी हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराने के बाद अमेरिका ने बुधवार तड़के ईरान पर हवाई हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने क्षेत्र के कई देशों को निशाना बनाया। इस टकराव से युद्ध समाप्त करने की कोशिशों के पटरी से उतरने का खतरा पैदा हो गया है।

बहरीन, कुवैत और जॉर्डन पर ईरान के हमले के कुछ घंटों बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया कि ईरान समझौते पर बातचीत करने में काफी समय लगा रहा है और अब उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि तेहरान के लिए इसका



असल में क्या मतलब होगा। सोमवार को ईरान और इजराइल द्वारा एक-दूसरे को निशाना बनाए जाने के बाद, इस हफ्ते दूसरी बार गोलाबारी की ऐसी घटनाओं से युद्धविराम खतरे में पड़ गया है। दोनों देश इस झगड़े को खत्म करने का कोई रास्ता ढूंढते दिख रहे हैं, बशर्ते वे इसे दोनों ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ओमान के पास जहाज पर हमला, 3 भारतीय लापता

मस्कट। ओमान के तट के पास एक कमर्शियल जहाज 'सेटोबेलो' पर हुए हमले में 24 भारतीय क्रू मेंबर्स में से अब तक 21 को बचा लिया गया है और 3 भारतीय लापता बताए जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हम ओमान के तट पर कमर्शिय जहाज 'सेटोबेलो' पर हुए हमले की निंदा करते हैं। जहाज पर मौजूद 24 भारतीय क्रू मेंबर्स में से अब तक 21 को बचा लिया गया है और 3 भारतीय लापता बताए जा रहे हैं। पीएमओ ने कहा कि ओमान में हमारा दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और चल रहे खोज और बचाव अभियान में ओमान के अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से तालमेल बिठा रहा है।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


○ एकेटीयू के नवाचार से प्रभावित हुए अधिकारी (पृष्ठ-02)

○ प्रधानमंत्री मोदी ने योगी संग यूपी को संवारा (पृष्ठ-02)

○ रुपया 14 पैसे चढ़कर डॉलर के मुकाबले 95.27 (पृष्ठ-10)

○ सोना 4300 रुपये टूटा, चांदी 10 हजार रुपये गिरी (पृष्ठ-10)

○ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई में निचले स्तर पर (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — तकनीक आधारित जांच व्यवस्था से सशक्त होगा ईओडब्ल्यू: सीएम योगी, वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलायें अभियान

## आर्थिक अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई और तेज करने के निर्देश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आर्थिक अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को और अधिक प्रभावी, त्वरित और परिणामोन्मुख बनाने के लिए आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ जांच प्रणाली और प्रभावी अनुश्रवण तंत्र से सशक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईओडब्ल्यू की कार्यप्रणाली एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए आर्थिक अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित जांच, प्रभावी कार्रवाई और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में आर्थिक अपराधों से संबंधित लंबित जांच, विवेचनाओं, गिरफ्तारी, अभियोजन, जनजागरूकता गतिविधियों तथा संगठनात्मक सुधारों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी, जालसाजी, गबन और अन्य आर्थिक अपराध न केवल सरकारी संसाधनों को



प्रभावित करते हैं, बल्कि आम नागरिकों के विश्वास को भी आघात पहुंचाते हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक में बताया गया कि संगठन द्वारा लंबित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2026 में 31 मई तक 155 जांच, विवेचना एवं अनुवर्ती कार्यवाहियों का निस्तारण किया जा चुका है। इसी अवधि में 71 अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुराने मामलों के निस्तारण में और तेजी लाई जाए तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन मामलों में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, उनमें अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया को गति दी जाए। उन्होंने सुदृढ़ पैरवी, गुणवत्तापूर्ण विवेचना और साक्ष्य संकलन के माध्यम से अधिकाधिक मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में महत्वपूर्ण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि प्रत्येक मामले की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया कि जांच, विवेचना और अनुवर्ती कार्यवाहियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए केस मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) विकसित किया गया ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नीट की दोबारा परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम

○ स्वास्थ्य, शिक्षा मंत्रालय के अफसरों ने दिया आश्वासन

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को एक संसदीय समिति को आश्वस्त किया कि 21 जून को नीट-यूजी पुनर्परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। तीन मई को आयोजित स्नातक चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी को प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के चलते 12 मई को रद्द कर दिया गया। इसके बाद, नीट पुनर्परीक्षा कराने के मामले पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मामलों की संसदीय समिति ने दोनों मंत्रालयों के सचिवों को तलब किया था। समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के शीर्ष अधिकारियों को भी तलब किया था। समिति के सदस्यों ने अधिकारियों से प्रवेश परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और गड़बड़ी-मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह भरोसेमंद एवं त्रुटिरहित व्यवस्था अपनाने को कहा। समिति के सदस्यों ने अधिकारियों से कहा कि चीन, अमेरिका और अन्य देशों में भी इसी प्रकार की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं, लेकिन वहां प्रश्नपत्र लीक होने या अन्य अनियमितताओं की घटनाएं सामने नहीं आतीं।

C M Y K

# प्रधानमंत्री मोदी ने योगी संग यूपी को संवारा

## वाराणसी से तीसरी बार सांसद बने मोदी ने सबसे लंबी अवधि तक निर्वाचित पीएम के रूप में नया रिकॉर्ड कायम किया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से तीसरी बार सांसद बनकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने सबसे लंबी अवधि तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में जनसेवा का नया रिकॉर्ड कायम किया। डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बनाया।

जनकल्याण के प्रतीक बने उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए विकास का पहिया दौड़ा तो आस्था के सैलाब ने पर्यटन की नई कहानी लिखी। एक तरफ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर), गंगा एक्सप्रेसवे, देश की पहली रैपिड रेल, एम्स, फर्टिलाइजर कारखाना, सेमीकंडक्टर यूनिट, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, केन-बेतवा नदी जोड़ो आदि परियोजनाओं के जरिए यूपी ने अलग पहचान बनाई तो दूसरी तरफ 500 वर्ष की बहुप्रतीक्षित आस्था राम मंदिर का



● डबल इंजन सरकार ने यूपी को बनाया देश का ग्रोथ इंजन

निर्माण कर मोदी-योगी की जोड़ी ने राम को उनके मंदिर में प्रतिस्थापित किया। काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या दीपोत्सव, प्रयागराज महाकुंभ आदि आस्था के संगम में दुनिया ने डुबकी भी लगाई।

28 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर) की सौगात उत्तर प्रदेश को दी।

यही नहीं महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या, कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी देश-प्रदेशवासियों को सौंपा। 594 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात भी प्रधानमंत्री ने यूपी को दी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मुख्य समारोह में भी प्रधानमंत्री ने यूपी का साथ दिया और सीएम योगी के आह्वान पर बड़े निवेशकों को विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश की धरती निवेश के लिए सबसे उपयुक्त है।

**राम मंदिर व काशी विश्वनाथ धाम का हुआ निर्माण :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम की नगरी अयोध्या में राम मंदिर का भूमिपूजन और शिलान्यास किया तो वहीं मंदिर का लोकार्पण भी किया। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का 2021 में लोकार्पण भी किया। वहीं प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में भी आस्था की डुबकी लगाई, यहां 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने भी डुबकी लगाई।

योगी सरकार के अविस्मरणीय आयोजन दीपोत्सव में भी प्रधानमंत्री ने न सिर्फ शिरकत की, बल्कि यहां की भावनाओं से खुद को भी जोड़ा। सीएम योगी के नेतृत्व में यह आयोजन प्रतिवर्ष ऊंचाइयों को प्राप्त हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 वर्षों में वाराणसी को विकास की सौगात देते हुए लगभग 36,211 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और करीब 25 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें ट्रेड फैसिलिटी सेंटर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, सिगरा स्टेडियम, रिंग रोड, रोपवे, फ्लाईओवर और कई घाटों के पुनर्विकास जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं।

पिछली सरकारों की अनदेखी के शिकार रहे उत्तर प्रदेश को मोदी-योगी की जोड़ी ने संवारा। कभी गोरखपुर की रीढ़ कहे जाने वाले फर्टिलाइजर कारखाने को मोदी-योगी की जोड़ी ने पुनर्जीवन दिया। यह कारखाना न सिर्फ फिर से प्रारंभ हुआ, बल्कि इसने रोजगार से जोड़ युवाओं के घरों में खुशियों का उजाला भी फैलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोरखपुर को एम्स की सौगात भी दी। इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश, नेपाल व बिहार के नागरिकों की चिंता दूर हुई। उन्हें अब अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बल्कि गोरखपुर में ही उनकी बीमारियों का इलाज हो जाता है। इसके अलावा 22 फरवरी 2026 को मेरठ में नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो मार्ग का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का शुभारंभ किया गया।

# योगी सरकार के प्रयासों से युवा बन रहे सफल उद्यमी

## आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश से मिल रहा स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार लगातार ऐसे प्रयास कर रही है, जिनसे गांवों में रहने वाले लोग स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। सरकार की विभिन्न योजनाएं न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही हैं, बल्कि उन्हें उद्यमी बनने का अवसर भी दे रही हैं। योगी सरकार के विजन आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश को लखीमपुर खीरी जिले के ग्राम देवरिया निवासी रामलखन ने धरातल पर उतारा है।

रामलखन ने बताया कि वे कुछ नया करने और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का सपना देखते थे। हालांकि संसाधनों और पूंजी की कमी उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। ऐसे समय में उन्हें जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी मिली। उन्होंने योजना के तहत



आवेदन किया और वर्ष 2024 में उन्हें 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। सरकारी सहयोग मिलने के बाद रामलखन ने दुग्ध उत्पादन का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने डेयरी संचालन की शुरूआत की और धीरे-धीरे अपने उद्यम को विस्तार दिया।

आज उनका डेयरी व्यवसाय प्रतिदिन लगभग 5 से 8 क्विंटल दूध का उत्पादन कर रहा है। स्थानीय स्तर पर दूध की आपूर्ति की जा रही है, जिससे स्थानीय बाजार भी मजबूत हो रहा है। इससे केवल रामलखन का ही जीवन नहीं बदला, बल्कि उनके साथ गांव के तीन और लोगों को भी रोजगार मिला है।

रामलखन आज खर्चों के बाद प्रतिमाह लगभग 15 से 30 हजार रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार द्वारा रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाएं प्रदेश में आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव तैयार कर रही हैं। सरकार की इस पहल से प्रदेश के युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर अन्य लोगों को रोजगार दे रहे हैं।

# धार्मिक पर्यटन के विस्तार से बदल रहा उत्तराखंड का परिदृश्य : सीएम धामी

## तीर्थ स्थलों में आधुनिक सुविधाओं और बेहतर संपर्क व्यवस्था से बढ़ा देश-विदेश के श्रद्धालुओं का आकर्षण

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में धार्मिक महत्व के स्थलों पर किये जा रहे विकास कार्य राज्य की प्रगति के नए अध्याय लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित विभिन्न पहलों ने देवभूमि के तीर्थ क्षेत्रों को नई ऊर्जा प्रदान की है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यटन गतिविधियों में तेजी आई है और स्थानीय लोगों की आजीविका के अवसरों में भी विस्तार हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान सदैव आध्यात्मिक परंपराओं, प्राचीन मंदिरों और सनातन संस्कृति से जुड़ी रही है। पिछले कुछ वर्षों में इन धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सुविधाओं के विस्तार के लिए किए गए प्रयासों ने राज्य को वैश्विक धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर और अधिक मजबूत स्थान दिलाया है। आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक यहां की आध्यात्मिक अनुभूति और



प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव करने पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केदारनाथ क्षेत्र में हुए पुनर्विकास कार्यों ने यह साबित किया है कि आधुनिक तकनीक और पारंपरिक आस्था का संतुलन स्थापित कर धार्मिक स्थलों को नई पहचान दी जा सकती है। बेहतर व्यवस्थाओं, सुरक्षित आवागमन और उन्नत सुविधाओं के कारण श्रद्धालुओं का अनुभव पहले की अपेक्षा अधिक सहज और व्यवस्थित हुआ है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बद्रीनाथ धाम में भी व्यापक स्तर पर परिवर्तनकारी कार्य किए जा रहे हैं। तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार, सार्वजनिक सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और धार्मिक परिसर के समग्र विकास के माध्यम से धाम को अधिक सुव्यवस्थित स्वरूप दिया जा रहा है। साथ ही इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विशेषताओं को सुरक्षित रखने के प्रयास भी लगातार जारी हैं।

उन्होंने कहा कि दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुंच को आसान बनाने के लिए आधुनिक परिवहन परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए प्रस्तावित रोपवे परियोजनाएं यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाएंगी। इससे विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश प्रवास के बाद सीमांत क्षेत्रों की ओर लोगों का आकर्षण बढ़ा है। इससे पिथौरागढ़ और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन आधारित गतिविधियों को नया प्रोत्साहन मिला है। स्थानीय स्तर पर होमस्टे, हस्तशिल्प, परिवहन सेवाओं और लघु उद्यमों को भी इससे लाभ प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कुमाऊं क्षेत्र की धार्मिक धरोहरों को संरक्षित और विकसित करने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से प्राचीन मंदिरों को बेहतर सुविधाओं, संपर्क मार्गों और पर्यटन अवसंरचना से जोड़ा जा रहा है, जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को नया संरक्षण मिल रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध हुई है। बेहतर सड़क नेटवर्क के कारण यात्रा का समय कम हुआ है और मार्ग पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित बने हैं। इसका लाभ न केवल तीर्थयात्रियों को मिल रहा है बल्कि पर्यटन आधारित कारोबार और स्थानीय बाजारों को भी व्यापक रूप से प्राप्त हो रहा है।

# भारत चौथी अर्थव्यवस्था से गिरकर छठी पर पहुंची : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार घेरा। उन्होंने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा की उत्तर प्रदेश एवं केन्द्र सरकार केन्द्र सरकार के 12 वर्ष बेमिसाल पूरे देश में मना रही है लेकिन यह बात समझ के बाहर है कि इन 12 वर्षों में मोदी सरकार के पास दिखाने के लिए ऐसी कौन सी उपलब्धि और कार्य हैं जो वह दिखाने के लिए जश्न मना रहे हैं। वास्तविकता यह है कि भाजपा सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंकहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के यह 12 साल याद किए जायेंगे एक भ्रष्ट सरकार के रूप में, जिसमें नौजवानों को एक ऐसी शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था प्रदान की जहां पूरे देश में 90 से अधिक पेपर लीक हुए हैं और जिसमें से सिर्फ उप्र में ही दो दर्जन से अधिक प्रतियोगी परीक्षाएं लीक हुईं। कोई भी प्रतियोगी परीक्षा सकुशल सम्पन्न नहीं करा पाये। इसके साथ ही यह 12 वर्ष शिक्षा के जगत में बेमिसाल हैं जहां सीबीएससी जैसे एक प्रतिष्ठित तंत्र को भी पूरी तरह से भ्रष्टाचार में ढकेल दिया गया।

उन्होंने कहा कि यह 12 साल बेमिसाल हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था जहां 80 करोड़ जनता लाइन लगाकर 5 किलो राशन प्राप्त कर रही है जिसमें उप्र से ही 16 करोड़ लोग शामिल हैं। इस भाजपा सरकार ने लोगों के हाथ से काम छीनकर राशन के झोले पकड़ा दिये हैं। यह 12 वर्ष बेमिसाल हैं जब भारत वैश्विक भुखमरी सूचकांक में लगातार नीचे गिरती जा रही है।

देश में बेरोजगारी के लिए भाजपा के झूठे वादों के लिए, जो 2 करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने के वादे के साथ आये थे आज भारत में बेरोजगारी पिछले 40 वर्ष के उच्चतम स्तर पर है। पहली बार भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था से गिरकर छठी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गयी। यह पिछले 12 साल का बेमिसाल कार्य है जब हमारी अर्थव्यवस्था नीचे की तरफ चल रही है। रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया पर यह आरोप है कि उन्होंने 12 बिलियन डालर का सोना बेच दिया जो पूर्व में कभी नहीं हुआ। भारत में प्रतिव्यक्ति आय आज अपने पड़ोसी बांग्लादेश से भी नीचे चली गयी। यह भी 12 वर्ष बेमिसाल की ही देन है। यह 12 वर्ष बेमिसाल है भारत की विदेश नीति के लिए जहां भारत की सम्प्रभुता को अमेरिका के आगे झुकते हुए देखा गया। आज भारत के फैसले अमेरिका के द्वारा किए जाते हैं कि भारत पाकिस्तान पर आक्रमण करेगा कि नहीं करेगा और कब संधि करेगा। भारत की विदेश नीति इतनी कमजोर हो गई कि जिस पाकिस्तान को कांग्रेस ने पूरे विश्व में अलग थलग कर दिया था आज वह कूटनीति में भारत से आगे दिखाई दे रहा है। यह 12 साल बेमिसाल हैं जब देश की संवैधानिक संस्थाएं सरकार के द्वार पर खड़ी हैं और अपनी निष्पक्षता तथा विश्वास पूरी तरह से खो चुकी हैं। लोकतंत्र नाम की चीज नहीं बची।

# जीएसटी बदलाव से महंगी हो सकती है ऐप आधारित सवारी

**लखनऊ।** ऐप आधारित टैक्सी और राइड-हेलिंग सेवाओं का उपयोग करने वाले यात्रियों को भविष्य में अधिक किराया चुकाना पड़ सकता है। नीति एवं शोध संस्थान एस्या सेंटर की एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि जीएसटी अधिनियम की धारा 9(5) के तहत सब्सक्रिप्शन आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म पर कर लागू करने से ड्राइवरों की आय प्रभावित हो सकती है और यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, 13 शहरों में 2,100 से अधिक ड्राइवरों और यात्रियों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि 86 प्रतिशत ड्राइवर बुकिंग प्राप्त करने के लिए सब्सक्रिप्शन मॉडल का उपयोग करते हैं। वहीं 56 प्रतिशत ड्राइवरों का मानना है कि यह मॉडल उनकी आय बढ़ाने में मददगार साबित हुआ है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि प्रस्तावित कर व्यवस्था लागू होने पर बुकिंग की संख्या में कमी, यात्रियों के लिए किराए में बढ़ोतरी तथा ऑफ-प्लेटफॉर्म सवारी के मामलों में वृद्धि हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वे में शामिल 68 प्रतिशत यात्रियों ने कहा कि यदि किराया बढ़ता है तो वे ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं का उपयोग कम कर देंगे। सिफारिशों में कहा गया है कि जीएसटी अधिनियम की धारा 9(5) केवल उन प्लेटफॉर्मों पर लागू की जानी चाहिए, जहां किराया निर्धारण और भुगतान प्रणाली पर प्लेटफॉर्म का प्रत्यक्ष नियंत्रण हो। परिवहन चालक कामगार ऑटो यूनियन के अध्यक्ष इस्माइल खान ने जीएसटी लगाने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए इसे ड्राइवरों और यात्रियों के हितों के खिलाफ बताया। यूनियन ने नीति निर्माण में ड्राइवर प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग की।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने किया कैंप कार्यालय

## उच्च शिक्षा मंत्री ने किया निर्माणाधीन राज्य उच्च शिक्षा परिषद भवन का निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के अशियाना स्थित निमार्णाधीन उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद भवन का निरीक्षण उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बुधवार को प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल के साथ किया। साथ ही उन्होंने उच्च शिक्षा निदेशालय के नवनिर्मित कैंप कार्यालय का लोकार्पण कर उसे विभागीय कार्यों के लिए समर्पित किया।

निरीक्षण के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री ने निमार्णाधीन भवन के विभिन्न भागों को देखते हुए निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित समय-सीमा की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए।



राज्य उच्च शिक्षा परिषद भवन के पूर्ण होने से नीति निर्माण, शैक्षणिक योजना, अनुसंधान प्रोत्साहन तथा संस्थागत समन्वय की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

निरीक्षण के बाद उच्च शिक्षा मंत्री ने उच्च शिक्षा निदेशालय के नवनिर्मित कैंप कार्यालय का फीता काटकर एवं पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि नये कैंप कार्यालय के प्रारंभ होने से विभागीय कार्यों के संचालन में सुगमता आएगी तथा शासन, निदेशालय, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। इससे विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा, अनुश्रवण और क्रियान्वयन की प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनेगी।

लोकार्पण के बाद अधिकारियों ने मंत्री को कैंप कार्यालय की व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने मंत्री को भवन निर्माण की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्ययोजना तथा विभागीय गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दिया।

# कई लोगों ने ली रालोद की सदस्यता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेता आदित्य विक्रम सिंह की उपस्थिति में औरैया के आशीष कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में औरैया विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी सुनीता दोहरे सहित दर्जनों लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता कार्यक्रम का संचालन रालोद नेता मयंक त्रिवेदी ने किया। संचालन करते हुए उन्होंने जानकारी दी कि सभी नवागंतुकों ने रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के नेतृत्व तथा पार्टी की किसान, युवा और सामाजिक न्याय आधारित विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता स्वीकार की। इस अवसर पर आदित्य विक्रम सिंह, बीएल प्रेमी, पीके पाठक, राम सेवक रावत आदि पदाधिकारियों ने सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि रालोद निरंतर प्रदेशभर में मजबूत हो रहा है।

# परीक्षार्थियों के लिए आवागमन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवा को बयान जारी कर कहा है कि युवाओं के लिए परीक्षा देना भी एक परीक्षा बन गया है। परीक्षार्थियों के लिए आवागमन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। परीक्षा सेंटरों पर छाया और पानी तथा अन्य सुविधाओं की भारी कमी है। इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्दशा के लिए भाजपा सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। परीक्षाओं के बाद बस स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों के जिस तरह के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, वह हैरान करने वाले हैं। आखिरकार सरकार क्या कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा सरकार ने बेरोजगारी को चरम पर पहुंचा दिया है। कुछ हजार सीटों के लिए लाखों लाख की संख्या में नौजवानों का परीक्षाओं में शामिल होना यह दिखाता है कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी ने भयावह रूप धारण कर लिया है। भाजपा सरकार में 10 साल में नौजवानों को धोखा और झूठे वादों के सिवा कुछ नहीं दिया।

**अखिलेश ने ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के विजेताओं को किया सम्मानित ... लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को राज्य मुख्यालय, लखनऊ में ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के विजेताओं को सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की। तीसरी स्वामी विवेकानंद ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप मथुरा-वृंदावन में 5, 6, 7 जून को हुई थी। इसमें सिद्धार्थनगर के देवम पासवान को स्वर्ण पदक, डुमरियागंज के समर वर्मा को कांस्य पदक मिला है। कपिलवस्तु के राजेश यादव और प्रिया जायसवाल को भी कांस्य पदक मिला है। इस अवसर पर बांसी सिद्धार्थनगर के ताइक्वांडो कोच दिलीप कुमार पासवान भी मौजूद थे।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर मन्दिरों में हुई पूजा-अर्चना

## पंकज चौधरी ने हनुमान सेतु व धर्मपाल सिंह ने बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में किया पूजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा उत्तर प्रदेश द्वारा पूरे प्रदेश में आस्था, राष्ट्रकल्याण एवं विकसित भारत के संकल्प को समर्पित विशेष पूजन-अर्चन कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने राजधानी लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने राजधानी लखनऊ के बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में पूजन किया जबकि पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्र की निरंतर प्रगति की कामना के साथ प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राजधानी लखनऊ



स्थित हनुमान सेतु मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं शिवार्चन कर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लोककल्याण एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर उन्होंने विकसित भारत के संकल्प की सफलता, देश की निरंतर उन्नति तथा प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, युवा भाजपा नेता नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित कई अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अंत्योदय के मंत्र को व्यवहार में उतारते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का नेतृत्व सेवा, सुशासन और राष्ट्र प्रथम की भावना का जीवंत उदाहरण है। उनकी दूरदर्शी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। आज भारत विश्व की प्रमुख शक्तियों में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर चुका है और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक निर्णय राष्ट्रहित, गरीब कल्याण और भविष्य के भारत के निर्माण को केंद्र में रखकर लिया गया है। यही कारण है कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार उन्हें अपना नेतृत्व सौंपकर उन पर अटूट विश्वास व्यक्त किया है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के पारा स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए सतत कार्य करते रहने के लिए महादेव से प्रार्थना की। उनके साथ पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, युवा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एकेटीयू के नवाचार से प्रभावित हुए अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में बुधवार को भारत सरकार के उद्योग एवं आतंरिक व्यापार संवर्धन विभाग यानि डीपीआईआईटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भ्रमण कर नवाचार एवं उद्यमिता के इकोसिस्टम को समझा।

इस दौरान अधिकारियों ने कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय से मुलाकात भी की। इस दौरान नवाचार एवं उद्यमिता पर चर्चा हुई। नवाचार एवं उद्यमिता के लिए विश्वविद्यालय की ओर से चलाई जा रही योजनाओं, सुविधाओं एवं इकोसिस्टम के बारे में विस्तार से जाना। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने इनोवेशन हब की ओर से किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बताया कि इनोवेशन हब के नेतृत्व में प्रदेश भर में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दिशा में विश्वविद्यालय ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्युबेशन सेंटर बनाने की पहल की है। जिसके तहत दूरदराज के युवाओं को भी इस क्षेत्र में आने का अवसर मिल रहा है।



भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित एआईसीटीई आइडिया लैब, इनोवेशन हब को वर्किंग स्पेश तथा विभिन्न नवाचार एवं स्टार्टअप गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने इन्क्यूबेटेड एवं उभरते हुए स्टार्टअप्स के संस्थापकों से संवाद किया, उनके नवाचारों, कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

अधिकारियों ने विश्वविद्यालय में विकसित नवाचार एवं उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं के साथ उत्कृष्ट समन्वय एवं कनेक्टिविटी स्थापित की गई है, जो स्टार्टअप एवं नवाचार संस्कृति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। यह भ्रमण अत्यंत सफल, प्रेरणादायक एवं फलदायी रहा, जिसने विश्वविद्यालय के नवाचार एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी जय प्रकाश शिवहरे, अवर सचिव डीपीआईआईटी कपिल मीणा, प्रवीण वर्मा, वित्त अधिकारी केशव सिंह, डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा, इनोवेशन हब के सीईओ महीप सिंह, सीआईओ वंदना शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे साथ आदि लोग उपस्थित रहे।

**संक्षेप**

## राम नाम के रटन में है भवसागर से पार का मार्ग: गायत्री नंदन



प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के रामपुर भेड़ियानी में बुधवार को कथा विश्राम में अयोध्या से पधारे गायत्री नंदन जी ने कहा कि भवसागर से पार लगने का सबसे सरल उपाय हर समय राम के नाम मे रमना है। उन्होने कहा कि मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का अनुपम चरित्र आज के युवाओं को त्याग तथा नीति व नैतिकता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा है। कथा व्यास गायत्री नंदन जी ने कहा कि भगवती सीता की अर्चना मे नारियों को पति के प्रति निश्छल अनुराग और समर्पण के भाव का दर्शन हुआ करता है। उन्होने कहा कि लक्ष्मण जी एवं श्री भरत जी व श्री शत्रुघ्न का श्रीराम के प्रति मर्यादित भातृत्व प्रेम कलिकाल में परिवार को अनिष्ट से बचाने का सुमंगल मंत्र कहा। विश्राम दिवस पर संयोजक पं0 श्यामशंकर पाण्डेय व आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव नारायण पाण्डेय ने कथाव्यास गायत्री नंदन जी का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से सम्मान किया। इस मौके पर भाजपा नेता ओमप्रकाश त्रिपाठी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, संजय शुक्ल, डा0 हरिश्चंद्र शुक्ल, रत्नाकर त्रिपाठी, डा0 राजेश पाण्डेय, कृष्णदेव शुक्ल, शिव त्रिपुरारि पाण्डेय, शिव नारायण पाण्डेय, दुर्गा प्रसाद शुक्ल, विमलेश तिवारी, प्रशांत भूषण मिश्र आदि रहे।

## आज जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज गुरूवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र मे विविध कार्यक्रमों मे शामिल होंगी। विधायक मोना दिन में एक बजे से लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगी। यहां वह संगठन सृजन अभियान की बैठक में भी शामिल होंगी। विधायक आराधना मिश्रा मध्यान्ह बारह बजे रानीगंज कैथौला बाजार में आयोजित धार्मिक आयोजन में भी शामिल होगी। एक दिवसीय दौरे मे वह अगई, उमापुर, पूरे छत्तू, भटनी, लोहंगपुर, दपकापुर में भी आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

## बढ़ रही अमय पांडेय की लोकप्रियता



बांसी, सिद्धार्थनगर। जनहित और गरीब पात्रों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा समाजसेवी अमय पांडेय इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। तहसील बांसी के लाल कहे जाने वाले अमय पांडेय की कार्यशैली, सरल व्यवहार और जनसेवा के प्रति समर्पण की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने वाले अमय पांडेय समाज के विभिन्न वर्गों के बीच अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। उनके सहयोगात्मक रवैये और जनकल्याणकारी कार्यों के कारण बांसी कस्बा एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों में उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अमय पांडेय का योगदान समाजहित के कार्यों में प्रेरणादायी साबित हो रहा है।

## महिलाओं को किया गया जागरूक

सिद्धार्थनगर, । क्षेत्राधिकारी इंटवा प्रवीन प्रकाश तथा इंटवा थानाप्र0नि0 संजय कु0 मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना इटवा पुलिस टीम ने ग्राम भोपलापुर में महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस टीम ने पम्पलेट वितरित कर महिला अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में किया गया।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी, महिला की मौत

### तीन यात्री गंभीर रूप से घायल

जिला संवाददाता

हरदोई। जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार देर रात एक यात्री बस के पलट जाने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। पुलिस के अनुसार, हादसा सवायजपुर थाना क्षेत्र में उस समय हुआ, जब अमेठी जिले के शंकरगंज से दिल्ली के आनंद विहार जा रही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी (हरपालपुर) सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण चालक को वाहन चलाते समय झपकी आना माना जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गया। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने अमेठी जिले के रानीगंज बाजार निवासी 32 वर्षीय सहर, पत्नी मोहम्मद नासिर, को मृत घोषित कर दिया। वहीं, जयेंद्र, असमो बानो और मोहम्मद नासिर गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मामले की जांच जारी है।

## बुजुर्ग की हत्या मामले में तीन आरोपी हिरासत में, दो की तलाश जारी

उन्नाव। जिले के बांगरमऊकस्बे में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या के मामले में नामजद पांच आरोपियों में से तीन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, घूरे टोला मोहल्ला निवासी बाबा मिलन दास को मंगलवार दोपहर गंभीर हालत में बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई वीरेंद्र सिंह की तहरीर पर बांगरमऊ थाने में इजराइल, लल्ली, यामीन, शानू और शफी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में त्वरित कार्वाई करते हुए पुलिस ने लल्ली, यामीन और शफी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, फरार आरोपियों इजराइल और शानू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि तीन आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है और शेष दो आरोपियों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद एहतियातन क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति पूरी तरह सामान्य है। हत्या के पीछे के कारणों और घटनाक्रम का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

## महंगे आईफोन की बरामदगी के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार



प्रतापगढ़। चोरी का माल बेंचकर लिए गए दो आईफोन की बरामदगी के साथ लालगंज पुलिस ने घटना मे शामिल दो अन्य वांछित आरोपियों को धर दबोचा। जिले के एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने चोरी की घटना के खुलासे के तहत वांछित आरोपियो की तलाश के लिए टीम गठित की। थाने के दरोगा बनवारी लाल पुलिस फोर्स के साथ बुधवार को गश्त पर निकले थे। पुलिस टीम द्वारा भेभौरा शिवदीन का पुरवा तालाब के पास दो संदिग्धो को दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपियो ने बीती पन्द्रह अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र के छेमी पूरे नोती में हुई चोरी की घटना में खुद के भी शामिल होने की बात स्वीकार की। पकड़े गये आरोपी महेशगंज थाना के नरियावां राजापुर निवासी कुनाल त्रिपाठी पुत्र रविशंकर त्रिपाठी तथा इसी गांव का आरोपी प्रिंस तिवारी पुत्र हीरामणि द्वारा बताया गया कि चोरी का माल बेंचकर दोनों ने पैतीस-पैतीस हजार कीमती दो आईफोन खरीदे थे। घटना में शामिल पुलिस द्वारा आधा दर्जन आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया गया था। बुधवार को दोनों आरोपी साथियों की गिरफ्तारी के डर के कारण वर्मा नगर से रायबरेली फरार होने को निकले थे। पुलिस टीम की सफलता पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय तथा लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र ने प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार के साथ सफलता लेने वाली टीम को सराहा है।

## अधिवक्ता जागृति की मौत को लेकर साथियों में पनपा आक्रोश, किया प्रदर्शन



प्रतापगढ़। प्रयागराज में महिला अधिवक्ता जागृति शुक्ला की चिकित्सीय लापरवाही के चलते हुई मौत को लेकर बुधवार को यहां वकीलों का आक्रोश भड़क उठा। वही अधिवक्ताओं में साथी अधिवक्ता राजेश्वर यादव पर बुधवार की सुबह हुए प्राणघातक हमले को लेकर भी गुस्सा देखा गया। वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की संयुक्त अगुवाई में तहसील गेट पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर गुस्से का इजहार किया। नाराज वकीलों ने एसडीएम समेत विभिन्न राजस्व एवं चकबंदी अदालतो में न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव भी पारित किया। आम सभा का संचालन महामंत्री शिवरंजन यादव व संयोजन उपाध्यक्ष नामवर सिंह ने किया। आम सभा को अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, कमलेशचंद्र तिवारी, संदीप सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, दिनेश मिश्र, शिव नारायण शुक्ल, अशोक शुक्ला, प्रमोद सिंह, केके शुक्ला, विपिन शुक्ला, विनोद मिश्र, नीरज सिंह, आशुतोष शुक्ला, राकेश पाण्डेय, सचिन पाण्डेय, आनन्द मोहन श्रीवास्तव आदि रहे।

## बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

श्रावस्ती। जनपद को वर्ष 2026-27 तक पूरी तरह बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद भी मौजूद रहे। बैठक में जनपद की चिन्हित 19 हॉटस्पॉट ग्राम पंचायतों को बाल श्रम से मुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष अभियान चलाया जाए और बाल श्रम में लगे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों से काम कराने वाले दुकानदारों, प्रतिष्ठानों और अन्य नियोजकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के परिवारों के आर्थिक पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों और सहयोगी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा बाल श्रम के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए.के. सिंह, सहायक श्रमायुक्त राजबहादुर यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आकांक्षा रावत सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## इंडो-नेपाल सीमा पर पुलिस, एसएसबी की पैनी निगाहें



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा लगातार संयुक्त गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिरसिया पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने गंभीरा नाका सहित अन्य संवेदनशील सीमा क्षेत्रों में पैदल एवं वाहन गश्त की। इस दौरान सीमा से आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की गहन जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है।

## सिद्धार्थनगर में खरीफ 2026 को लेकर उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफ 2026 की तैयारियों के मद्देनजर जनपद के थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं तथा उर्वरक प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, रैक प्वाइंट पर आपूर्ति, रियल टाइम एक्नॉलेजमेंट, निर्धारित दरों पर बिक्री, टैगिंग एवं ओवररेटिंग रोकने, सीसीटीवी कैमरा स्थापना तथा पीओएस मशीनों की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 10 जून 2026 तक जनपद में यूरिया 29,932.331 मीट्रिक टन, डीएपी 6,554.867 मीट्रिक टन, एमओपी 552.166 मीट्रिक टन तथा एनपीके 6,876.778 मीट्रिक टन उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, उर्वरक बिक्री दर एवं अनुदान संबंधी फ्लेक्स बैनर प्रदर्शित करें तथा किसी भी स्थिति में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री या टैगिंग न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों के उल्लंघन पर उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। थाना कठेला समय माता पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के एक मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 61/2026, धारा 105 बीएनएस से संबंधित दो अभियुक्तों को झकहिया चौराहा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रामबृक्ष विश्वकर्मा निवासी बिरवापुर तथा अनिल कुमार निवासी बेनिपुर उर्फ पुरैना, थाना इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर शामिल हैं। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक श्यामदेव प्रसाद, हेड कांस्टेबल कमलेश यादव तथा पुलिसकर्मी सुभाष कुमार और सत्यम चौधरी शामिल रहे।

## जनता दर्शन में वृद्ध महिला ने लगायी विधवा पेंशन की गुहार




श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन में ग्राम अकारा, तहसील जमुनहा निवासी वृद्ध महिला चन्द्रकला पत्नी स्वर्गीय दयाराम ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी विधवा पेंशन कई महीनों से नहीं मिल रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी को फोन कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जनता दर्शन में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा की गई कार्रवाई से शिकायतकर्ताओं और प्रशासन को भी अवगत कराया जाए।

## फैटी लिवर को नजर अंदाज करना पड़ सकता है भारी

### समय रहते उपचार और जीवनशैली में बदलाव जरूरी : डॉ. भास्कर शर्मा



**सिद्धार्थनगर।** आधुनिक जीवनशैली, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण फैटी लिवर की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यह एक ऐसी बीमारी है जो शुरूआती चरण में बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर को नुकसान पहुंचाती रहती है। यह जानकारी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ों राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्तम होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. भास्कर शर्मा ने दी। डॉ. शर्मा ने बताया कि लिवर शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, जो रक्त को शुद्ध करने, विषैले तत्वों को बाहर निकालने, पाचन क्रिया को सुचारु रखने और ऊर्जा संग्रहित करने का कार्य करता है। जब लिवर की कोशिकाओं में अत्यधिक वसा जमा होने लगती है तो इसे फैटी लिवर रोग कहा जाता है। यदि लिवर के वजन का पांच प्रतिशत से अधिक हिस्सा वसा में परिवर्तित हो जाए तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है। उन्होंने बताया कि फैटी लिवर मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है—नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (ठअऋछऊ) और अल्कोहलिक लिवर डिजीज (अछऊ)। मोटापा, मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल, इंसुलिन रेजिस्टेंस, गर्भावस्था, कुछ दवाओं के दुष्प्रभाव तथा आनुवंशिक कारण इसके प्रमुख कारक हैं। डॉ. शर्मा के अनुसार शुरूआत में रोग के लक्षण दिखाई नहीं देते, लेकिन समय के साथ थकान, कमजोरी, पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द या भारीपन, भूख में कमी, वजन घटना, पेट फूलना, मतली तथा त्वचा या आंखों का पीला पड़ना जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं। उन्होंने फैटी लिवर से बचाव के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम को सबसे प्रभावी उपाय बताया। पालक, लौकी, पत्ता गोभी, ब्रोकली, कद्दू, पपीता, सेब, अमरूद, ज्वार, बाजरा और ओट्स जैसे खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करने की सलाह दी। वहीं शराब, धूम्रपान, तली-भुनी चीजें, अधिक चीनी, मैदा, कोल्ड ड्रिंक्स और प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाने पर जोर दिया। फैटी लिवर की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड, लिवर फंक्शन टेस्ट, फाइब्रोस्कैन तथा आवश्यकता पड़ने पर बायोप्सी कराने की सलाह देते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि ग्रेड-2 फैटी लिवर के मरीज यदि समय रहते खानपान और जीवनशैली में सुधार करें तो बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। होम्योपैथिक उपचार के संबंध में उन्होंने बताया कि रोगी के लक्षणों और शारीरिक प्रकृति के अनुसार चेलिडोनियम मैजुस, कार्डुअस मारिएनस, लाइकोपोडियम, नक्स वोमिका, कैल्केरिया कार्बोनिका, फास्फोरस, ब्रायोनिया एल्बा, बोल्डो क्यू तथा अन्य औषधियों का चयन किया जाता है।

# चक्रवाती तूफान से बड़े पैमाने पर हुआ नुकसान

### बिजली के सात दर्जन पोल टूट कर गिरे, पेड़ों के गिरने से मचा हाहाकार



प्रतापगढ़। बारिश के साथ तीव्र गति से आये चक्रवाती तूफान के चलते मंगलवार की रात लालगंज क्षेत्र में जनजीवन अस्त व्यस्त हो उठा दिखा। चक्रवाती तूफान के चलते विद्युत विभाग के कई पोल टूट कर गिर गये। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ वाराणसी समेत प्रमुख मार्गो पर भी बड़े बड़े पेड़ व डालियां गिरने से देर रात तक यातायात व्यवस्था बाधित देखी गयी। विद्युत पोलों के टूटने से लालगंज टाउन एरिया की बाजार समेत दीवानी वार्ड, अझारा वार्ड, सांई की कुटी वार्ड, बाजार खास, शीतलमऊ वार्ड, नेताजीपुरम वार्ड, पूरे टीकाराम वार्ड के साथ पूरे हरिकिशुन, वर्मा नगर, तिना, धधुआ गाजन, बाबूगंज, पूरे वंशी, सलेम भदारी, समापुर, मिश्राइनपुर, बेलहा, नया पुरवा, अगई समेत लगभग पचास से अधिक गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। नगर के बाबा घुइसरनाथ रोड पर भी आधा दर्जन से अधिक बिजली के खम्भे टूट कर गिर गये।

वही आकलन के मुताबिक लगभग सात दर्जन विद्युत पोल टूट गये हैं। पेड़ों तथा डालियों के गिरने से लालगंज टाउन एरिया की बाजार में कई प्रतिष्ठानो के टिन शेड क्षतिग्रस्त हो उठे। वही कई दो पहिया तथा चार पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। शीतलमऊ तथा दीवानी वार्ड में पेड़ गिरने से आवागमन दूसरे दिन बुधवार को दोपहर बाद तक भी बाधित देखा गया। राजेन्द्र नगर नहर मार्ग, दीवानी वार्ड, घुइसरनाथ रोड तथा कालाकांकर रोड पर पेड़ गिरने से आवागमन ठप हो गया। इससे देर रात तक वाहनों का इन मार्गो पर ठहराव बना दिखा। नेशनल हाइवे पर आवागमन सुचारू बनाने के लिए आधी रात तक स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी हांफते देखा गया। विद्युत आपूर्ति ठप होने से घरो मे पेयजल आपूर्ति की कठिनाई से बड़ी संख्या मे लोग हलाकान दिखे। लालगंज के राजेन्द्र नगर चौराहे पर आरपी ग्रैण्ड, अझारा स्थित वैष्णवी मण्डपम, अवारा होटल तथा जमुना प्रसाद टी स्टाल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। अझारा वार्ड में ट्रांसफार्मर भरभराकर नीचे गिर गया। तूफान थमने के बाद से मंगलवार की रात से बुधवार की शाम तक मार्गो से गिरे पेड़ों को हटवाए जाने में वन विभाग व नगर पंचायत कार्यदायी संस्था को मशक्कत करते देखा गया। वहीं विद्युत विभाग भी आपूर्ति व्यवस्था की बहाली को लेकर कवायद में जुटा दिखा। तैंतीस हजार क्षमता की लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा उठी देखी गयी।

## नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

उन्नाव। उन्नाव में एक युवती की शादी के लगभग एक महीने बाद बुधवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई, जिसके बाद उसके परिवार ने दहेज प्रताड़ना और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। युवती की पहचान 20 वर्षीय चांदनी के रूप में हुई है, जो बिगापुर थाना क्षेत्र के ह्रदय नगर गांव की रहने वाली थी।

पुलिस के अनुसार युवती की शादी सात मई को उन्नाव शहर कोतवाली क्षेत्र के बक्खा खेड़ा के

### दहेज के लिए हत्या करने का आरोप

निवासी मनोहर नामक व्यक्ति से हुई थी। परिजन ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल वालों की ओर से अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी।

उन्होंने बताया कि शादी में मोटरसाइकिल देने के बावजूद परिवार पर कार की मांग को लेकर दबाव बनाया जा रहा था और इसी कारण युवती को प्रताड़ित किया जा रहा था। युवती के मामा दिलीप ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मंगलवार रात चांदनी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई और उसके पति व ससुराल वालों ने उसकी हत्या की है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर टीम घटनास्थल पर पहुंची और चांदनी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है और शिकायत व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी। ससुराल पक्ष से पूछताछ की जा रही है।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होना लोकतंत्र की हत्या : प्रमोद तिवारी



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मध्य प्रदेश में राज्य सभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन को रदद किये जाने को लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर हुई यह अलोकतांत्रिक कार्रवाई लोकतंत्र के इतिहास मे हमेशा के लिए बदनुमा कलंक दर्ज होगा। उन्होने कहा कि मीनाक्षी नटराजन की सुनिश्चित जीत देख एक बड़े षडयंत्र के तहत यह कार्रवाई प्रजातंत्र की सीधे तौर पर हत्या है। उन्होने तंज कसा कि पीएम मोदी जवाहर लाल नेहरू के सबसे लम्बे कार्यकाल को पार करने जा रहे हैं तब मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस अराजनैतिक कार्रवाई के जरिए उन्हें (पीएम को) तोहफे के रूप में लोकतंत्र की हत्या भेंट कर दी। बुधवार को जारी बयान में कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कटाक्ष किया कि मोदी जी ने नेहरू जी का रिकार्ड तोड़ा तो भाजपा जश्न मना रही है। उन्होने कहा कि कड़वा सच तो यह है कि यह जश्न मंहगाई और बेरोजगारी के चरम पर होने तथा विदेश नीति के फेल होने को लेकर बबार्दी का जश्न है। उन्होने कहा कि जवाहर लाल नेहरू ने अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में बिखरे भारत को जोड़ा। सांसद प्रमोद तिवारी ने पीएम मोदी पर प्रहार करते हुए कहा कि इतिहास गवाह होगा कि मोदी ने जोडे हुए देश को बांटा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि खातों में पन्द्रह लाख तथा दो करोड़ नौकरियों व तीस रुपए मे पेट्रोल का पीएम मोदी का झूठा वायदा बारह साल के उनके कार्यकाल का काला अध्याय ही साबित होगा।

## प्रमोद व मोना ने सीएम को लिखा पत्र



प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मंगलवार की शाम रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में आये भयंकर चक्रवाती तूफान एवं बारिश से हुई क्षति को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र लिखा है। बुधवार को मुख्यमंत्री को लिखे संयुक्त पत्र में विधायक आराधना मिश्रा तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने तहसील क्षेत्र के काफी बड़े हिस्से में व्यापक पैमाने पर तमाम पेड़ उखड़कर गिर जाने व मकानों के टिन शेड़ो के उड़ जाने से व्यापक नुकसान की बात कही है। संयुक्त पत्र में कहा गया है कि लखनऊ-रायबरेली, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रमुख मार्गो पर तमाम पेड़ गिर जाने से यातायात व्यवस्था कई घंटे बाधित हुई। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने पेड़ गिरने से कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान के साथ चक्रवाती तूफान से काफी संख्या में बिजली के खम्भे टूट कर गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी है। वहीं नेताद्वय ने आम सहित कई फसलों के बड़े स्तर पर नुकसान का भी सरकार से आकलन कराने को कहा है। विधायक आराधना मिश्रा व सांसद प्रमोद तिवारी ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सरकार से बड़े पैमाने पर हुई क्षति का आकलन कराकर इस दैवीय आपदा से बड़ी संख्या में लोगों को पहुंचे नुकसान को लेकर मुआवजे तथा प्राथमिकता पर विद्युत आपूर्ति अतिशीघ्र बहाल कराए जाने पर जोर दिया है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 06.07.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00522026 दिनांक 08.06.2026 |
| 2. | निविदा संख्या | 03-Sr-DEN-V-LKO-2026-27 |
| 3. | कार्य का नाम | Sr-DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN-II-LKO के अंतर्गत LKO-ML-SFH सेक्शन के बीच अलग-थलग जगहों पर रेलवे सीमा के साथ बाउंड्री वॉल का निर्माण, ताकि अतिक्रमण को रोका जा सके। (प्रा. सं. 120-2026)। |
| 4. | अनुमानित लागत | रू 4,41,57,365.39 |
| 5. | धरोहर राशि | रू 8,83,200.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 22.06.2026 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06.07.2026 को 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट-:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1979/26

संक्षेप

## पड़ोसी पर महिला से छेड़छाड़ का केस

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला अपने घर के दरवाजे पर सो रही थी, तभी मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह चिलुआताल थाना क्षेत्र में किराए के कमरे में रहकर मजदूरी करती है। खीरी लखीमपुर जिले के भचगई थाना क्षेत्र के नौगऊआ गांव निवासी जोगिंदर पुत्र कल्लू कनौजिया भी उसी मोहल्ले में किराए पर रहता है। 9 जून की रात करीब 3 बजे जब वह अपने घर के दरवाजे पर चारपाई पर सो रही थी, तभी जोगिंदर आया और उसके निजी अंग को छूने लगा। महिला की नींद खुली और उसने शोर मचाया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने जोगिंदर को दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी को चिलुआताल पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस संबंध में चिलुआताल के थानाध्यक्ष सूरज सिंह ने बताया कि छेड़खानी की सूचना मिली थी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## किशोरी को भगा ले गया युवक, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा मीरपुर में एक नाबालिग किशोरी को बहला पुसला कर एक युवक भगा ले गया। किशोरी की मां ने सूचना देकर पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस सुसंगत घारा में मुकदमा कायम कर जाँच शुरू कर दी है। ग्राम सभा मीरपुर निवासी एक महिला ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि 9 जून को दिन के बारह बजे के आसपास स्थानीय थाना क्षेत्र के हमीनपुर निवासी गोबिन्द साहनी पुत्र नरसिंह साहनी मेरी सोलह वर्षिय बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया। काफी खोजबीन के पश्चात कुछ पता नही चला पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## गांव में पसरा मातम, एक साथ होगा मां बेटे का ब्रह्मभोज

चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल धूसर स्थिति बड़ी रेतवहिया में निर्मम हत्या कांड का आरोपी अभी फरार है। बुधवार को भी परिवार सहित गांव में मातम पसरा हुआ है। जबकि हत्यारे की पत्नी राधा अभी भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतक शिवम् का भाई श्याम दाह संस्कार के साथ ही धार्मिक संस्कार कर रहा है। दरवाजे पर बैठे शोकाकुल परिवार व ग्रामीणों में आरोपी के गिरफ्तारी न होने पर आक्रोशित हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम आशा देवी था जिसे बदलकर मैंने आशा देवी अग्रवाल कर लिया है। भविष्य में मुझे आशा देवी अग्रवाल नाम से जाना पहचाना जाए। **आशा देवी अग्रवाल पत्नी श्री गोविंद प्रसाद अग्रवाल नि.- 409, रोहित पैराडाइस, ए.पी.सेन रोड, चारबाग, लखनऊ।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम निहान ऐश (Nihan Aaish) से बदल कर निहान यादव (Nihan Yadav) कर लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड व सभी सरकारी अभिलेखों में निहान यादव (Nihan Yadav) दर्ज किया जाये। अनिल कुमार यादव पुत्र हीरा यादव, नि.-87, भैसहा, राजा टोला, कुशीनगर, डुमरी, कुशीनगर उ.प्र.

**सूचना**

सूचित हो कि आपकी शाखा में खाता संख्या-18860100033786 में मेरा नाम सरवन कुमार अंकित है जबकि वास्तविक एवं सही नाम सरमन सिंह है। सरमन सिंह नाम ही अन्य प्रपत्रों में दर्ज है। सरमन सिंह एवं सरवन कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम हैं। सरमन सिंह पुत्र पूरन नि.-बी-161 प्रगति विहार, कल्याणपुर, विकास नगर, लखनऊ

# 12 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ




चरगांवा, गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विधायक महेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में झुगियां बाजार स्थित हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं विशेष प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां लोगों द्वारा प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं राष्ट्र की निरंतर उन्नति के लिए हनुमान जी से प्रार्थना की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपराइच विधानसभा के विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे देश आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, जिला मंत्री धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला सह कोषाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख वन्दना सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, प्रदीप यादव, रामनरेश निषाद, अनिल मद्रेशिया, वरिष्ठ नेता चन्द्रभूषण मिश्रा, राधेश्याम सिंह, लाल जी गुप्ता, आनंद शाही, संत गुलाब यादव, दयाशंकर मिश्रा, नरेन्द्र सिंह, रामानन्द यादव, रामभोग सिंह, संजीव पासवान, अरविन्द सिंह, विजय प्रताप सिंह, महेन्द्र यादव, शिवशक्ति निषाद, जिला पंचायत सदस्य रामउग्रह चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक मद्रेशिया, शशांक सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की समृद्धि, विकास और जनकल्याण की मंगलकामना के साथ हुआ।

## प्रधानमंत्री के 12 साल पूरे होने पर बुढ़िया माई मंदिर में पूजन, सुंदरकांड और भंडारा



गोरखपुर। प्रधानमंत्री के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को गोरखपुर के बुढ़िया माई मंदिर प्रांगण में एक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन चरगांवा ब्लॉक प्रमुख वंदना सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद दोपहर तीन बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आराधना की। सुंदरकांड के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। धार्मिक आयोजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने आयोजन की सराहना की और इसे सामाजिक समरसता तथा धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया। आयोजकों ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इसी खुशी और जनभागीदारी के उद्देश्य से इस धार्मिक आयोजन को संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में गोरखपुर सांसद रवि किशन, बृजेश सिंह 'गुड्डू', ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह उर्फ मुन्ना, दीपक सिंह, दीपू सिंह, ओम प्रकाश चौहान, राम केवल पासवान, राकेश कन्नौजिया, उमेश कन्नौजिया, राज कुमार पाल, राज कुमार भारती, शिव कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# तहसीलदार से एसडीएम बने 20 अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण



गोरखपुर। प्रशासनिक दक्षता को और मजबूत करने के उद्देश्य से तहसीलदार पद से पदोन्नत होकर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) बने अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 20 नवपदोन्नत उप जिलाधिकारियों को तीन दिनों के विशेष मॉड्यूल के तहत 8 से 10 जून तक गोरखपुर भेजा गया, जहां एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में उन्हें व्यावहारिक और क्षेत्रीय प्रशासन से जुड़ी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। जानकारी के अनुसार, ये सभी अधिकारी 1 मई से लखनऊ में आयोजित मुख्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, जो 12 जून तक चलेगा। इसी प्रशिक्षण के अंतर्गत फील्ड एक्सपोजर और व्यवहारिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से इन्हें अलग-अलग जनपदों में अल्पकालिक प्रशिक्षण के लिए भेजा गया, जिसके तहत गोरखपुर में तीन दिवसीय सत्र आयोजित हुआ।

गोरखपुर पहुंचने पर सभी उप जिलाधिकारियों ने जिलाधिकारी दीपक मीणा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान डीएम ने सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट किया और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एसडीएम प्रशासन की एक अहम कड़ी होते हैं और उनकी कार्यशैली का सीधा प्रभाव आम जनता पर पड़ता है। ऐसे में निष्पक्षता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करना अत्यंत आवश्यक है।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने अधिकारियों को राजस्व प्रशासन, कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई, आपदा प्रबंधन, अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया, भूमि विवादों के निस्तारण और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फील्ड में आने वाली वास्तविक चुनौतियों और उनके समाधान के व्यावहारिक तरीके भी साझा किए। प्रशिक्षण में केस स्टडी और उदाहरणों के माध्यम से अधिकारियों को यह समझाया गया कि किस प्रकार संवेदनशील मामलों में त्वरित और न्यायसंगत निर्णय लिया जाए। साथ ही डिजिटल प्रशासन, ऑनलाइन पोर्टल्स के उपयोग और समयबद्ध निस्तारण की प्रक्रिया पर भी जोर दिया गया, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।गौरतलब है कि इनमें से कई अधिकारी पहले से ही पदोन्नत होकर उप जिलाधिकारी के रूप में विभिन्न स्थानों पर कार्य कर रहे थे। ऐसे में यह प्रशिक्षण उनके अनुभव को और परिष्कृत करने तथा प्रशासनिक कार्यों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## नगर पालिका की उदासीनता से सड़क पर जलभराव



उन्नाव। नगर क्षेत्र के एबी नगर स्थित कब्रिस्तान के निकट सड़क वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रही है, लेकिन नगर पालिका की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना बारिश के भी सड़क पर पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र निवासी संजय पाण्डेय, कुद्दू, रिंकू शुक्ला, रास बिहारी श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जलभराव के कारण सड़क पर गड्ढे बन गए हैं और आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका ने समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। लोगों ने आरोप लगाया कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण यह समस्या लगातार बनी हुई है। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त कर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## प्रकृति पर्यावरण प्रहरी सम्मान से सम्मानित हुए पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी

उन्नाव। पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जनपद के पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी एवं सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा को ष्प्रकृति पर्यावरण प्रहरी सम्मानष से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें लखनऊ में एलिस महिला प्रशिक्षण संस्थान के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न नामचीन हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित विशेष चर्चा में सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभर रहे हैं। इन समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण और प्रदूषण नियंत्रण सबसे कारगर उपाय हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ वातावरण में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण को शुद्ध बनाते हैं। साथ ही छाया और वाष्पोत्सर्जन की प्रक्रिया के माध्यम से आसपास के तापमान को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्राकृतिक एसी के रूप में जाने जाने वाले पीपल, बरगद और नीम जैसे छायादार एवं फलदार वृक्षों का अधिक से अधिक रोपण करना चाहिए तथा उनकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए।

## 12 सदस्यीय टीम में उन्नाव के शिक्षक का चयन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तहत लक्षय निर्धारण भी विद्यालयों में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक संचालित करने का निर्णय लिया गया, इसी क्रम में लक्ष्यों के निर्धारण हेतु परियोजना द्वारा बनाई गई प्रदेश स्तरीय समिति में क्षेत्र के एक शिक्षक को भी चयनित किया गया है। उतर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में अब कक्षा 3 से कक्षा 5 के छात्र छात्राओं को भी निपुण बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य परियोजना कार्यालय से अपर राज्य परियोजना निदेशक प्रेम रंजन सिंह द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए गए है।राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेश के क्रम में निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को कक्षा 3 से कक्षा5 तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त के क्रम



में कक्षा 3 से कक्षा5 के लिए निपुण लक्ष्यों के निर्धारण हेतु 12 सदस्यों की टीम बनाई गई है, जिसमें राज्य परियोजना कार्यालय से प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से 12 शिक्षको में से क्षेत्र के भड़सर नौशहरा गांव स्थित पीएम श्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक क्षितिज कुमार श्रीवास्तव को भी शामिल किया गया है। इस महत्वपूर्ण मिशन में प्रतिभागिता हेतु क्षेत्र के शिक्षक अवसर मिलने से विद्यालय के प्रधान शिक्षक यशपाल सिंह द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है। क्षेत्र के तमाम शिक्षक भी उनकी इस उपलब्धि पर विभिन्न माध्यम से बधाई दे रहें हैं। बताते चले कि अभी मार्च माह में भी क्षितिज कुमार श्रीवास्तव को जनपद की ओर से गुजरात राज्य एक्सपोजर विजिट हेतु भेजा गया था।

### पूर्व छात्र ने संस्थान को दी 11.5 लाख अमेरिकी डॉलर की मदद

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर की अनुसंधान एवं शैक्षणिक अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए संस्थान के 1969 बैच के छात्र जगजीत सिंह बिंद्रा ने 11.5 लाख अमेरिकी डॉलर के उदार योगदान की घोषणा की है।

**PUBLIC NOTICE**

I, Yogendra Kumar/ Sarita Devi, S/o Hiralal Yadav, R/o will- Sonda, GautamPuri colony Deoria-1, Lost MOU dated 04-03-2025 Against customer ID ZLBS/ 264 respectively issued by Be Together Developers Pvt. Ltd. is misplaced somewhere any person who finds it please return it to omaxe ltd. at - omaxe ltd. Cyber Tower 2nd floor TC- 34/ V2, Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow or call 9935092305

# विधायक ने किया जनसंवाद , उपलब्धियां गिनायीं

**हिलौली, उन्नाव।** जिले की आदर्श नगर पंचायत मौरावां में 10 जून को भाजपा विधायक अनिल सिंह ने जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम सरकार आपके द्वार की तर्ज पर किया गया, जिसका उद्देश्य केंद्र में भाजपा सरकार के 12 वर्ष और प्रदेश में 9 वर्ष पूरे होने पर उसकी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना था। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने विधायक अनिल सिंह का माल्यार्पण, पटुका और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने भाजपा सरकार की योजनाओं की पारदर्शिता का बखान किया। उन्होंने बताया कि सरकार स्वास्थ्य सेवा, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह, हर घर जल-हर घर नल, राशन, आवास और शौचालय जैसी कई योजनाएं लोगों को मुफ्त में उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर विधायक अनिल सिंह ने पिछली सपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारें गरीबों की योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंचने देती थीं और उनके हक का राशन खा जाती थीं। सपा के पूर्व विधायक उदयराज यादव के क्षेत्र में दर्जनों विद्युत पावर हाउस बनवाने के दावे पर पलटवार करते हुए अनिल सिंह ने कहा कि उनके




क्षेत्र में तीन से अधिक पावर हाउस नहीं दिखते। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने पुरवा विधानसभा क्षेत्र के 900 मजरों तक विद्युतीकरण कराया, जहां आजादी के बाद से बिजली नहीं थी। उन्होंने उदयराज यादव के 2027 में उन्हें हराने के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि पहले वे अपनी टिकट सुनिश्चित करें। जनसंवाद के दौरान लोगों की दर्जनों शिकायतें सामने आईं, जिनमें सबसे अधिक शिकायतें नगर में पानी न पहुंचने से संबंधित थीं।

मातेश्वर मंदिर में कार्यकताओं ने विधायक के साथ हवन पूजन भी किया। इस दौरान भी अनिल सिंह ने सपा पर कटाक्ष किया और कहा कि पहले की सरकारों में जनप्रतिनिधि जीतने के बाद पांच साल तक लोगों के बीच नहीं जाते थे। उन्होंने मौरावां नगर पंचायत में पूर्व में रहे सपा समर्थित अध्यक्ष के कार्यकाल पर भी टिप्पणी की और कहा कि 75 साल के मुकाबले उनकी सरकार ने 5 साल में अधिक विकास किया है। और 2027 में भी खुद को विधायक और भाजपा सरकार बनने की बात कही। इस दौरान उन्होंने नगर अध्यक्ष संग झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिया वहीं 100 बेड अस्पताल का निरीक्षण कर वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान असोहा ब्लॉक प्रमुख आनंद गुप्ता, पुरवा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चैधरी, डॉ. रजनीश वर्मा, हिलौली प्रधान प्रतिनिधि महेश सोनी समेत लगभग 300 से अधिक लोग मौजूद रहे।

## कोल्ड स्टोरेज की 250 फुट लंबी बाउंड्री वॉल गिरी, लाखों का नुकसान



जसवंतनगर, इटावा। मंगलवार देर शाम आई तेज रफ्तार आंधी ने क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित संतोष भुवनेश कोल्ड स्टोरेज, कैस्त की करीब 250 फुट से अधिक लंबी बाउंड्री वॉल तेज हवाओं का दबाव नहीं झेल सकी और भरभराकर गिर गई। देखते ही देखते पूरी दीवार जमीन पर ध्वस्त हो गई, जिससे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आंधी के दौरान हवाओं की गति काफी तेज थी। इसी बीच कोल्ड स्टोरेज की बाहरी दीवार अचानक गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय दीवार के पास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। कोल्ड स्टोरेज के मालिक डॉ. भुवनेश यादव ने बताया कि बाउंड्री वॉल गिरने से उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। दीवार के मलबे को हटाने और पुनर्निर्माण में भी काफी खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि आंधी की वजह से परिसर की अन्य व्यवस्थाएं भी प्रभावित हुई है।

## पुलिस परीक्षा तीसरे दिन सकुशल नकलविहीन सम्पन्न हुई



इटावा। जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को तीसरे दिन सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने केकेडीसी डिग्री कॉलेज, जीजीआईसी, एसडी फील्ड इंटर कालेज, शिवनारायण इंटर कॉलेज, शोरावाल इंटर कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में 10 से 12 बजे व 3 से 5 बजे तक परीक्षा सम्पन्न हुई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी निगरानी, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, पुलिस बल एवं अन्य कार्मिकों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

## बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या, आरोपी हिरासत में

इटावा। वैदपुरा थाना क्षेत्र के अधियापुर गांव में मंगलवार रात एक मामूली पारिवारिक विवाद ने ऐसा खूनी मोड़ ले लिया कि बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की बेरहमी से हत्या कर दी। शराब के नशे में शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में इतना बढ़ गया कि बड़े भाई ने डंडे, ईंट और धारदार हंसिए से ताबड़तोड़ हमला कर छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। अधियापुर गांव निवासी सगे भाई शिवशंकर शाक्य और सुशील शाक्य लकड़ी काटने का काम करते हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि मंगलवार दिन में किसी बात को लेकर मृतक सुशील की अपने बड़े भाई शिवशंकर के बेटे से कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी दौरान सुशील ने भतीजे के साथ मारपीट भी कर दी थी। इसी बात को लेकर परिवार के भीतर तनाव बना हुआ था। घटना के समय घर में केवल बच्चे मौजूद थे। बच्चों के शोर मचाने और घटना की जानकारी मिलने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही वैदपुरा थाना प्रभारी नागेंद्र चैधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने मौके से ही आरोपी शिवशंकर को हिरासत में ले लिया। हत्या में प्रयुक्त डंडा और हंसिया भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खेत में मूंग की फलियां तोड़ते समय बिगड़ी तबीयत, तोड़ा दम

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम कैस्त निवासी 70 वर्षीय जवाहरलाल पुत्र सरमन लाल का बुधवार को उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय निधन हो गया। वृद्ध की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार जवाहरलाल बुधवार को अपने खेत में मूंग की फसल से फलियां तोड़ रहे थे। इसी दौरान उन्हें तेज गर्मी महसूस होने लगी। उन्होंने परिजनों से अधिक गर्मी लगने और सीने में जलन होने की शिकायत की। कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत खराब होने पर परिजन उन्हें घर ले आए, लेकिन उनकी स्थिति लगातार गंभीर होती चली गई। परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर लेकर पहुंचे, जहां अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया अधिक गर्मी लगने के कारण हार्ट अटैक आने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि चिकित्सकीय जांच के बाद ही हो सकेगी। मृतक के बड़े पुत्र निरंजन सिंह ने बताया कि उनके पिता खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में छोटे पुत्र हर प्रसाद के अलावा चार विवाहित पुत्रियां हैं। वृद्ध की पत्नी मुन्नी देवी सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जवाहरलाल के निधन की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उनके आवास पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। मृतक के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

## चेन पुलिंग से इंटरसिटी रूकी

भरथना, इटावा। दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर आगरा से लखनऊ जा रही 12180 आगरा कैंट-लखनऊ सुपरफास्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को भरथना स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद चैन पुलिंग के कारण मेन डाउन लाइन पर रुक गई। ट्रेन करीब 10 मिनट तक रेलवे क्रॉसिंग के पास खड़ी रही, जिससे यात्रियों में हलचल मच गई। सुबह करीब 9 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस भरथना रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। ट्रेन में आगरा से अपने दो बच्चों के साथ यात्रा कर रही एक महिला को भरथना उतरना था। स्टेशन पर अधिक भीड़ होने के कारण महिला ट्रेन से नहीं उतर सकी, जबकि उसके दोनों बच्चे प्लेटफॉर्म पर उतर गए। इसी बीच ट्रेन चल पड़ी। ट्रेन के स्टेशन से निकलने के बाद महिला की नजर बच्चों पर नहीं पड़ी, तो वह घबरा गई और शोर मचाने लगी। महिला की बात सुनकर ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने तत्काल चैन पुलिंग कर दी। इसके चलते ट्रेन रेलवे क्रॉसिंग संख्या 20बी के समीप रुक गई। सूचना पर रेलवे कर्मी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच की।

## आचार्य विशुद्ध सागर का 12 जून को नगर प्रवेश

इटावा। गणाचार्य आचार्य विराग सागर महाराज के शिष्य परम पूज्य पट्टाचार्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ससंघ के 12 जून को प्रस्तावित भव्य नगर प्रवेश को लेकर जैन समाज एवं दिगम्बर जैन साधु सेवा समिति द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। नगर के विभिन्न मार्गों एवं प्रमुख चैराहों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा पूरे शहर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आचार्य श्री का भव्य नगर प्रवेश 12 जून शुक्रवार सुबह 7 बजे इटावा नगर में होगा। नगर प्रवेश यात्रा छैराहा, पचराहा, राजागंज चैराहा, सीओ सिटी चैराहा, जिला परिषद, सराय शेख, तिकोनिया, पक्की सराय, नगरपालिका चैराहा, राजागंज चैराहा, रंगलाल चैराहा एवं महावीर मार्ग से होते हुए दिगम्बर जैन मंदिर, लालपुरा पहुंचेगी। दिगम्बर जैन साधु सेवा समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं प्रतिष्ठित स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाने तथा गुरुवर के पावन चरणों का प्रक्षालन एवं आरती कर भव्य स्वागत करने की अपील की है।

संक्षेप

## नवविवाहिता की मौत

सिंगाही खीरी। शादी के डेढ़ महीने बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से सनसनी फैल गई। विवाहित का शव मायके में फंदे से लटकता हुआ मिला, मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव दक्षिण सहिंजना में बुधवार सुबह एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। 22 वर्षीय राजकुमारी पुत्री मनीराम का शव मायके में फंदे से लटकता हुआ घर में मिला,राजकुमारी की शादी लगभग डेढ़ महीने पहले 27 अप्रैल 2026 को पलिया कोतवाली क्षेत्र के अतरिया गांव निवासी नीरज कनौजिया के साथ हुई थी। मायके वालों का कहना है कि शादी के बाद से ही पति, सास-ससुर और अन्य परिजन बाइक, वाशिंग मशीन और अन्य सामान की मांग को लेकर उसे ताने देते थे। इसी बात को लेकर वह मानसिक तनाव में रहने लगी थी।परिजनों के मुताबिक कुछ दिन पहले राजकुमारी ने ससुराल में भी आत्महत्या का प्रयास किया था,लेकिन समय रहते उसकी जान बचा ली गई थी। इसके बाद उसने पिता मनीराम को फोन करके मायके से बुलाया था। सोमवार को पिता उसे अपने साथ घर ले आए थे। मायके वालों का आरोप है कि मायके आने के बाद भी ससुराल पक्ष की ओर से फोन पर दहेज की मांग पूरी करने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी तनाव के चलते बुधवार सुबह करीब 6 बजे राजकुमारी ने मायके में कमरे के कुंडे से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही सिंगाही पुलिस मौके पर पहुंची।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ट्रांसफार्मर फुकने से महिलाओं ने घेरा पॉवर हाउस

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव गरबापुर में 15 दिनों से अधिक समय से ओवरलोड होने के चलते ट्रांसफार्मर रखते ही फुंक जाने से ग्रामीण भीषण गर्मी में त्रस्त होकर महिलाओं समेत बड़ी संख्या में पावर हाउस पहुंचकर जमकर नारे बाजी करते हुए शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की दीवार लगाई है। बुधवार को गांव के नफीस, जलीस, अशफाक, तारिक मुजीब, लईक, और इदरीश सेम सैकड़ो महिलाएं और पुरुष भीषण गर्मी में बिजली न होने के चलते बूंद बूंद पानी को तरस गए पूरी रात सड़क पर काटने को मजबूर हो गए जिससे उनका धैर्य टूट गया बड़ी संख्या में लोग प्रशासन और विद्युत कर्मियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पावर हाउस में पहुंचकर घेराव करने से कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए आनन-फानन में सुरक्षा के लिए पुलिस बल पहुंच गया और समझा बुझाकर प्रदर्शन कारियों को वापस भेज कर अधिकारियों ने क्षमता वृद्धि कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का भरोसा दिलाया है।

## बजरंग सिंघल जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत

लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने पूर्व कोषाध्यक्ष बजरंग सिंघल को जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। इनसे अपेक्षा की है कि समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यो को जनता के बीच में पहुंचकर अपनी कर्मठता से संगठन को मजबूत करके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे।इस अवसर पर खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, जिला महासचिव अंसार महलूद, पूर्व सांसद दाउद अहमद, पूर्व मंत्री डा0 आरए उस्मानी, पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व जिलाध्यक्ष मो0 कयूम खां, सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा सहित सभी नेताओं और कार्यर्ताओं ने उनके मनोनयन पर माला पहनाकर बधाई दी।

# सिपाही भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन 1298 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का तीसरा दिन बुधवार को जिले के सभी आठ परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन माहौल में संपन्न हुआ।

प्रशासन और पुलिस विभाग की कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा कराई गई, लेकिन तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। तीन दिनों में कुल 4614 अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई है। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बुधवार को जिले में कुल 5264 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।इनमें से 3966 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1298 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 3264 अभ्यर्थियों का पंजीकरण था, जिनमें 2444 उपस्थित रहे और 820 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2000 अभ्यर्थियों में से 1522 ने परीक्षा दी, जबकि 478 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का स्तर सामान्य से मध्यम रहा। हालांकि गणित और रीजनिंग विषय के कुछ प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को काफी उलझाया। कई अभ्यर्थियों का कहना था कि इन प्रश्नों को हल करने में अपेक्षा से अधिक समय लगा, जिससे समय प्रबंधन चुनौतीपूर्ण रहा। वहीं हिंदी विषय के प्रश्न अपेक्षाकृत सरल रहे, जिससे अभ्यर्थियों को राहत मिली। भर्ती परीक्षा के पहले दो दिनों में 3316 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे थे। तीसरे दिन 1298 और अभ्यर्थियों के गैरहाजिर रहने से कुल संख्या 4614 पहुंच गई। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी और सघन जांच व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न कराई गई। जिला प्रशासन ने दावा किया कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन रही तथा सभी केंद्रों पर कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की गई।

## बढ़ी सख्ती, कुंडल-मंगलसूत्र तक उतरवाये

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। गोरखपुर और हापुड़ में परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल पहुंचने की घटनाओं के बाद सीतापुर में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के तीसरे दिन सुरक्षा व्यवस्था और अधिक कड़ी कर दी गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी लेकर ही प्रवेश दिया गया। सुबह से केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। जांच के दौरान अभ्यर्थियों को कलावा, बेल्ट, हाथों के कड़े तथा सोने-चांदी के आभूषण तक उतारने पड़े। महिला अभ्यर्थियों के कानों के कुंडल, मंगलसूत्र और बालों में लगे क्लेचर तक हटवाए गए। इसके बाद मेटल डिटेक्टर और अन्य सुरक्षा उपकरणों से जांच कर उन्हें परीक्षा कक्ष में भेजा गया। प्रशासन का कहना है कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जा रही है।

## ईओ ने नपवाया रास्ता निष्पक्ष कार्रवाई का दिया भरोसा

सीतापुर। नगर पंचायत तंबौर में चल रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र सिंह को खुद मोर्चा संभालना पड़ा। बाबा बुढ़ानदीन मजार से नगर पंचायत कार्यालय तक प्रस्तावित सड़क उच्चीकरण और नाला निर्माण के दौरान अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर कुछ लोगों ने विरोध जताया, जिसके बाद मामला गर्मा गया।

सूचना मिलते ही अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने नालों के बीच की दूरी स्वयं मापकर देखी तथा ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरे मार्ग में दोनों नालों के बीच समान दूरी और एकरूपता बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि उनकी सीढ़ियां गलत तरीके से तोड़ी गई हैं। इस पर ईओ ने संबंधित लोगों को आश्वस्त किया कि नगर पंचायत किसी के साथ भेदभाव नहीं करेगी और सभी विकास कार्य पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ कराए जाएंगे। अधिशासी अधिकारी ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को भी फटकार लगाते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए जिससे विवाद की नौबत आए। उनके हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया और लोगों ने निष्पक्ष रवैये की सराहना की। नगर पंचायत का कहना है कि सड़क और नाला निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही पूरा कराया जाएगा।

## 73.56 लाख की लागत से बनेगी सड़क



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत कोटवारा से कोटखेरबा मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अमन गिरि एवं 8 वर्षीय शौर्य मिश्र ने किया। सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों में उत्साह देखा गया।करीब एक किलोमीटर लंबी सीसी सड़क के निर्माण के लिए आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुशील वर्मा, देवकली प्रधान राम सिंह चैधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुर्जन लाल वर्मा, अवधेश मिश्र, रामगुलाम पाण्डेय, आशीष मिश्र, मिथिलेश मिश्र, आलोक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक अमन गिरि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। सड़क निर्माण से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। अवर अभियंता मनीष गिरि ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। परियोजना की अनुमानित लागत 73.56 लाख रुपये है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। सड़क बनने से कोटवारा, कोटखेरबा तथा आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

## आग से पांच परिवारों की गृहस्थी राख



सीतापुर। महोली थाना क्षेत्र के ग्राम सादिकपुर सरैया में मंगलवार शाम लगी भीषण आग ने पांच परिवारों की जिंदगी भर की कमाई को कुछ ही मिनटों में राख में बदल दिया। अज्ञात कारणों से भड़की आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना के समय अधिकांश लोग घरों से बाहर थे, जिससे आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका। ग्रामीणों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि घरों में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर, बर्तन, नकदी और अन्य घरेलू सामान बचाने का मौका तक नहीं मिला। आग की लपटों में दो मासूम बकरी के बच्चे भी जिंदा जल गए। देखते ही देखते कई परिवारों की पूरी गृहस्थी राख के ढेर में तब्दील हो गई। प्रारंभिक आकलन में करीब पांच लाख रुपये के नुकसान की बात सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के सामने उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक अधिकांश नुकसान हो चुका था। दमकल कर्मियों ने आग को आसपास के अन्य मकानों तक फैलने से रोककर बड़ी अनहोनी टाल दी। तहसीलदार अंकुर यादव ने बताया कि आगजनी की घटना में पांच परिवार प्रभावित हुए हैं। राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजकर क्षति का आकलन कराया जा रहा है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और प्रभावित परिवारों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। घटना के बाद गांव में मातम जैसा माहौल है। जिन परिवारों के घर और सामान जलकर राख हो गए, उनके सामने अब सिर छिपाने और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत और आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## सख्त पहरे में संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर रहे कड़े इंतजाम

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा 2025 बुधवार को अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी। इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 13248 में से 9989 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3259 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने एडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह के साथ दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (पीके इंटर कॉलेज, गुरुनानक इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं-सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चौक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।



उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया। हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट व इंस्पेक्टर की अगुवाई में भारी पुलिस बल व महिला सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में मेटल डिटेक्टर, फोटो स्कैनर, बायोमीट्रिक सत्यापन के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश कराया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद सभी ओएमआर शीट जमा कराने के बाद परीक्षार्थियों को केंद्र से बाहर जाने की अनुमति दी गई। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## गोला कप में भसीन स्वीट्स हसन और खालसा का जलवा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्व. राजेंद्र गिरी स्टेडियम पीआईसी में आयोजित 19वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में मंगलवार रात खेले गए मुकाबलों में भसीन स्वीट्स, हसन क्रिकेट क्लब और खालसा एलेवन ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। मुकाबलों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में मौजूद रहे।

पहले मैच में भसीन स्वीट्स ने विशेष (35) और रोहित (31) की पारियों की बदौलत 171 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुन्नुगंज की टीम मानवेन्द्र (24) और सन्नी (28) के प्रयासों के बावजूद 100 रन पर सिमट गई और भसीन स्वीट्स ने आसान जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में अंकित इलेवन ने 89 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हसन क्रिकेट क्लब ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर पांच विकेट शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। मोनू ने 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। तीसरे मैच में यूपी ग्रामीण बैंक ने गौरव (49) और पंकज (22) की मदद से 109 रन बनाए। जवाब में खालसा एलेवन के पवन ने नाबाद 84 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी। पवन का 84 रन का स्कोर टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी बन गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भसीन स्वीट्स के विशेष, हसन क्रिकेट क्लब के मोनू और खालसा एलेवन के पवन को दिया गया। मैचों में अंपायरिंग सौरभ शुक्ल, अनवर और पवन कश्यप ने की। खिलाड़ियों से परिचय सुखजीत सिंह शेखों, पंकज गुप्ता और रक्षपाल राजपूत ने कराया।

## निघासन कोतवाल से परेशान होकर भाजपा नेता ने दिया त्यागपत्र

लखीमपुर खीरी। मंडल महामंत्री ने प्रभारी निरीक्षक अवध राज सिंह निघासन से परेशान होकर त्यागपत्र पार्टी से दे दिया है। भाजपा के लेटर पैड में भाजपा कार्यकर्ता ने लिखा है कि में शिवकुमार पाल मंडल महामंत्री भाजपा निघासन जो पाल समाज अति पिछड़े समाज से आता हूं आज सुबह अपने गांव के पार्टी कार्यकर्ता के कार्य हेतु कोतवाली निघासन गया था प्रभारी निरीक्षक अवध राज सिंह ने मुझे अपने चेंबर में बुलाकर गाली गलौज किया एवं धमकी दी कहां की जिला व प्रदेश जिसे चाहो मेरी शिकायत कर दो मेरा कुछ नहीं कर पाओगे धक्का मार कर भगा दिया। उक्त घटना से आहत होकर अपने पद मंडल महामंत्री से त्यागपत्र दे रहा हूं।

## जन जागरूकता चौपाल में गिनायीं केंद्र सरकार की योजनाएं




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे विशेष जनसंपर्क एवं जन जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को नगर के वार्ड संख्या-4 स्थित बाल्मीकि बस्ती में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लोगों को उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

चौपाल को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना तथा उज्वला योजना जैसी योजनाएं आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। सरकार का उद्देश्य इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र ने कहा कि जन जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने भी नागरिकों से विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन संजीव दीक्षित ने किया। इस अवसर पर सभासद धर्मेंद्र बाल्मीकि, इजरान अहमद, रामकिशोर बाल्मीकि, लालता प्रसाद गौतम, राम प्रसाद गौतम, शत्रोहन मिश्रा, रविंद्र कटियार, कैलाश गुप्ता, धीरज बाजपेयी सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## दबंगई से त्रस्त ऑटो चालकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। तहसील धौरहरा क्षेत्र के सिसैया चौराहा ओवरब्रिज पर यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई है।

सिसैया ऑटो चालक सेवा समिति ने उपजिलाधिकारी धौरहरा शशिकांत मणि को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि कुछ प्राइवेट बस चालक एवं कंडक्टर मनमानी और दबंगई के चलते क्षेत्र में अव्यवस्था फैला रहे हैं, जिससे आम जनता, ऑटो चालकों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि कई प्राइवेट बस चालक निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करने के बजाय सिसैया चौराहा एवं ओवरब्रिज के आसपास मुख्य मार्ग पर बसें खड़ी कर देते हैं। इससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है और अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्कूल वाहनों, एंबुलेंस तथा अन्य छोटे-बड़े वाहनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे आम नागरिकों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ बस चालक एवं कंडक्टर असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को सवारी बैठाने से रोकते हैं। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार, धमकी और मारपीट जैसी घटनाएं सामने आती हैं। कई बार यात्रियों को जबरन बसों में बैठाने तथा ऑटो चालकों के वाहनों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास भी किए जाते हैं।

समिति का कहना है कि इन घटनाओं के कारण क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है तथा सैकड़ों ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पूर्व में भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका।

ज्ञापन के माध्यम से समिति ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि सिसैया चौराहा ओवरब्रिज क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए, सड़क पर अवैध रूप से खड़े किए जाने वाले वाहनों पर रोक लगाई जाए तथा ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों और वाहन चालकों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।


**कार्यालयः जिलाधिकारी, लखनऊ।**

पत्र संख्या 376/अ.जि.अ.(भू.अ.)/न.म.पा.-1, लखनऊ दिनांक 04 जून 2026

(नियम-3 का उपनियम (1))
सामाजिक समाधात निर्धारण की प्रारंभिक अधिसूचना
एस.आई.ए. अधिसूचना

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 (भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली 2016 के नियम 3 (1) के अधीन राज्यपाल सर्वसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित करते है कि नीचे अनुसूची में उल्लिखित भूमि को लोक प्रयोजन अर्थात लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ से संचालित नैमिष नगर आवासीय योजना भाग-6 हेतु ग्राम पल्हरी तहसील बक्शी का तालाब जिला लखनऊ की प्रस्तावित भूमि स्थाई रूप से आवश्यकता है।

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के प्रावधान के अन्तर्गत भूमि अर्जन की कार्यवाही से पूर्व चयनित एजेन्सी द्वारा लोक हित में सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) व सामाजिक प्रबन्धन योजना तैयार किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

* अपेक्षक निकाय का नाम — लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ
* प्रस्तावित भूमि के अर्जन का उद्देश्य — लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ की नैमिष नगर योजना का सम्पूर्ण विकास
* संगठन जिसके द्वारा अध्ययन किया जायेगा — गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश
* संगठन का संपर्क विवरण — रजिस्ट्रार, गौतम बुद्व विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्व नगर, उत्तर प्रदेश
ई-मेल आई.डी. registrar@gbu.ac.in
फोन नं. 01202344213
* भूमि का विवरण

| क्र. | जिला | तहसील | ग्राम | गाटा | अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल (हे. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 320 | 1.3010 |
| 2. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 321 | 0.3940 |
| 3. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 322 | 0.1800 |
| 4. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 323 | 0.2090 |
| 5. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 324 | 0.1800 |
| 6. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 326 | 0.1210 |
| 7. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 327स | 0.5272 |
| 8. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 329 | 0.1395 |
| 9. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 330 | 0.2230 |
| 10. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 331 | 0.0400 |
| 11. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 332 | 0.0990 |
| 12. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 333 | 0.8080 |
| 13. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 334 | 0.0557 |
| 14. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 335 | 0.0906 |
| 15. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 337 | 0.3580 |
| 16. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 338 | 0.0320 |
| 17. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 339 | 0.0440 |
| 18. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 340 | 0.2380 |
| 19. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 341 | 0.3640 |
| 20. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 343 | 0.1492 |
| 21. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 344 | 0.1650 |
| 22. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 345 | 0.4678 |
| 23. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 346 | 0.3220 |
| 24. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 349 | 1.4180 |
| 25. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 349अ | 0.2340 |
| 26. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 350 | 0.3480 |
| 27. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 352 | 0.5070 |
| 28. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 353 | 0.5420 |
| 29. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 355 | 0.5220 |
| 30. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 357 | 0.1800 |
| 31. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 358 | 0.4930 |
| 32. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 360 | 1.2090 |
| 33. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 361 | 0.6870 |
| 34. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 362 | 1.3070 |
| 35. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 365 | 0.5980 |
| 36. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 370 | 2.0420 |
| 37. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 408 | 0.1470 |
| 38. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 409 | 0.1110 |
| 39. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 410 | 0.2130 |
| 40. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 411 | 0.1320 |
| 41. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 412स | 0.0820 |
| 42. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 413 | 0.0380 |
| 43. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 413स | 0.3160 |
| 44. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 414 | 0.2130 |
| 45. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 415 | 0.3850 |
| 46. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 416स | 4.0030 |
| 47. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 417 | 0.0510 |
| 48. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 418 | 0.0760 |
| 49. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 419 | 0.2660 |
| 50. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 420 | 0.1450 |
| 51. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 421 | 0.0820 |
| 52. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 422 | 0.0570 |
| 53. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 423 | 0.1010 |
| 54. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 424 | 0.0510 |
| 55. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 425 | 0.0820 |
| 56. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 426 | 0.2280 |
| 57. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 427 | 0.0890 |
| 58. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 428 | 0.0890 |
| 59. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 429 | 0.0890 |
| 60. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 430 | 0.1640 |
| 61. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 431 | 0.0510 |
| 62. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 432 | 0.0380 |
| 63. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 433स | 0.2910 |
| 64. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 434स | 0.1390 |
| 65. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 435 | 0.4550 |
| 66. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 436स | 4.0320 |
| 67. | लखनऊ | बक्शी का तालाब | पल्हरी | 437स | 8.7150 |
| | | कुल योग (हेक्टेयर में) | | | 37.5260 |
| | | कुल योग (एकड़ में) | | | 92.7287 |

1: प्रस्तावित योजना लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ से संचालित नैमिष नगर आवासीय योजना के सम्पूर्ण विकास से सम्बन्धित है।
2: उक्त योजना हेतु प्रस्तावित भूमि का अर्जन लखनऊ विकास प्राधिकरण के पक्ष में जनपद लखनऊ के सुनियोजित विकास हेतु किया जा रहा है।
3: अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित भूमि, परियोजना के प्रस्ताव के लिए नितान्त आवश्यक है तथा अन्य कोई विकल्प विस्थापन विकल्प उपलब्ध नही है।
4: सामाजिक समाघात का निर्धारण अधिकतम 50 दिनों के अन्दर पूर्ण कराया जाना है।

टिप्पणीः उक्त योजना सम्बन्धी विस्तृत विवरण कार्यालय अपर जिलाधिकारी (भूमि अर्जन), नगर महापालिका-प्रथम, 6 जगदीश चन्द्र बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ में सभी कार्य दिवसों में देखा जा सकता है।

कलेक्टर,
लखनऊ
(भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ)

UPID-252405 Date: 10.06.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## हॉकी सुलतानपुर की टीम नैनीताल में बिखेरेगी जलवा

**सुलतानपुर।** उत्तराखंड के नैनीताल में लगातार सौ वर्षों से आयोजित प्रतिष्ठित हॉकी प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। चार से 24 जून के मध्य अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन नैनीताल में हो रहा है। टीम को विगत वर्षों के उम्दा प्रदर्शन के आधार पर प्री क्वार्टर में जगह दी गई है, जिसका पहला मैच 13 से खेला जाएगा। प्रतियोगिता में देश भर से 60 से 70 टीमें प्रतिभाग करती हैं। टीम में प्रभाकर गजेंद्र मो साहिल विष्णु मोनू राहुल मो शाहिद सहित जिले के अच्छे खिलाड़ी अपना दम खम दिखाएंगे। टीम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, एमएस बेग हॉकी सुलतानपुर, अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सचिव तारिक वसीम, उपसचिव इरशाद खान, मो. आसिफ खान, समाजसेवी नफीस अहमद उर्फ सोनू, मुनेंद्र मिश्र, साहबजादे सहित खिलाड़ियों ने शुभकामना दी।

## दहेज उत्पीड़न का आरोप, पति समेत चार पर केस दर्ज

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक मामला प्रकाश में आया है। सबई मधईपुर गांव निवासी एक विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में पूजा वर्मा ने आरोप लगाया है कि 8 जून की सुबह करीब 10 बजे उसके पति लवकेश, ससुर रामजी, देवर हरिकेश तथा सास ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि विरोध करने पर सभी ने उसे घर में बंद कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी घटना में उसे चोटें भी आई। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आईडीटीआर मोटर ट्रेनिंग स्कूल का अपर परिवहन आयुक्त ने किया निरीक्षण

**हरचंदपुर, रायबरेली।** क्षेत्र के दतौली के पास स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) मोटर ट्रेनिंग स्कूल में आज उस समय हड़कंप मच गया, जब अपर परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) मयंक ज्योती ने केंद्र का औचक निरीक्षण किया। लगभग दो घंटे तक चले इस सघन निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अपर परिवहन आयुक्त मयंक ज्योती ने आईडीटीआर सेंटर के छात्रावास (हॉस्टल), मुख्य कंट्रोल रूम, टेक्निकल वर्कशॉप और अन्य महत्वपूर्ण कक्षों का दौरा किया। उन्होंने वहां मौजूद ट्रेनिंग उपकरणों और सुविधाओं की स्थिति को देखा। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और फाइलों की भी गहनता से जांच की। सर्किल का मुआयना करने के दौरान केंद्र पर बने शौचालयों में भारी गंदगी देखकर अपर परिवहन आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

# बस-बाइक टक्कर के बाद रोडवेज बस में लगी आग

## परिचालक की सतर्कता से निकाले गये सभी यात्री सुरक्षित बाहर



**रायबरेली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के दरीबा स्थित निमार्णाधीन रिंग रोड पर शुक्रवार को कानपुर से रायबरेली आ रही रोडवेज बस और बाइक की टक्कर के बाद बस में भीषण आग लग गई। राहत की बात यह रही कि चालक-परिचालक की सतर्कता से बस में सवार सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार, कानपुर से रायबरेली लौट रही रोडवेज बस दरीबा के पास निमार्णाधीन रिंग रोड पर बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में अचानक आग भड़क उठी और कुछ ही पलों में लपटें पूरे वाहन में फैल गईं। उस समय बस में बड़ी संख्या में छात्र सवार थे, जो परीक्षा देकर रायबरेली वापस लौट रहे थे।

बस चालक धर्मेंद्र सिंह ने बताया, टक्कर के तुरंत बाद धुआं उठता दिखा। मैंने और परिचालक ने बिना देर किए सभी यात्रियों को चिल्लाकर बस से नीचे उतारा। 2-3 मिनट बाद ही पूरी बस आग की चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शी धीरज पटेल ने कहा, हमने देखा कि बस में आग लग गई है और अंदर लोग फंसे हैं। ड्राइवर और कंडक्टर ने बहादुरी से सबको बाहर निकाला। अगर थोड़ी भी देर होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आधार अपडेट काउंटर खुला

**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद के नागरिकों की सुविधा के लिए कार्यालय परिसर में आधार अपडेट काउंटर का शुभारंभ किया गया है। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद अली व अधिशासी अधिकारी राज भान शुक्ला के प्रयास से यह सुविधा शुरू की गई है, जिससे नगरवासियों को आधार से संबंधित कार्यों के लिए दूर-दराज भटकना नहीं पड़ेगा। नगर पंचायत कार्यालय में संचालित इस आधार अपडेट काउंटर पर नया आधार एनरोलमेंट, जन्मतिथि संशोधन, मो. नंबर अपडेट, पता परिवर्तन, पिता या पति के नाम में संशोधन, बायोमैट्रिक अपडेट, फोटो व फिंगरप्रिंट अपडेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल होने पर दो हेड कांस्टेबल सस्पेंड

मथुरा। वृंदावन नगर में सोशल मीडिया पर वाहनों को प्रवेश दिलाने के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कराई गई जांच के बाद थाना वृंदावन में तैनात हेड कांस्टेबल राजकुमार और ट्रैफिक हेड कांस्टेबल नरसिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के अनुसार विभाग में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी या अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है।

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर करायी गयी जांच, विभाग में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर दो वीडियो तेजी से वायरल हुए थे, जिसमें पुलिसकर्मियों द्वारा कथित तौर पर पैसे के लेन-देन की बात सामने आ रही थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद एसएसपी ने तत्काल पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश दिए क्षेत्राधिकारी (सीओ सदर) सदर प्रीतम पाल सिंह के अनुसार, वायरल वीडियो की गहनता से जांच की गई, जिसमें दो अलग-अलग बातें सामने आईं है। उन्होंने जांच में पाया गया कि पहले वायरल वीडियो में जो पैसे का लेन-देन दिख रहा था, वह कोई अवैध वसूली या रिश्वत नहीं थी। दरअसल, वह एक मजदूर और ठेकेदार के बीच चल रहे आपसी पैसे के विवाद का मामला था। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता कराया था और लिखित रूप में विवाद सुलझाया था। दूसरे वीडियो की जांच में थाना वृंदावन क्षेत्र के हेड कांस्टेबल राजकुमार और ट्रैफिक हेड कांस्टेबल नरसिंह की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध पाई गई। वीडियो में साफ दिख रहा था कि कुछ व्यक्तियों द्वारा पर्स से पैसे निकालने के बाद एक बस को आगे जाने की अनुमति दी गई। प्रथम दृष्टया इस अनियमितता (रिश्वतखोरी) की पुष्टि होने पर दोनों को सस्पेंड कर दिया गया। फिलहाल, दोनों हेड कांस्टेबलों के निलंबन के साथ ही इस पूरे प्रकरण की विभागीय और गहन जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक ने दी तीन करोड़ के इलेक्ट्रिक शवदाहगृह की सौगात



**सुलतानपुर (वीओएल)।** शहर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने जनपदवासियों को आधुनिक इलेक्ट्रिक शवदाहगृह की सौगात दी है। लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से हथियानाला स्थित श्मशान घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाहगृह का निर्माण कराया जाएगा। बुधवार को विधायक ने विधिवत भूमि पूजन कर परियोजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, सभासद और समाजसेवी मौजूद रहे। विधायक विनोद सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के चलते जिले में लगातार जनहित की परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। उन्होंने बताया कि लखनऊ-वाराणसी फोरलेन और टांडा-बांदा हाईवे के संगम स्थल अमहट चैराहे पर फ्लाईओवर का निर्माण भी कराया जाएगा। इससे शहरवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। विधायक ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास विभाग के सहयोग का आभार व्यक्त किया।

## बुजुर्ग ने प्रधान पति समेत पांच पर लगाया हमला व लूट का आरोप, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा गांव में खेत से मिट्टी खुदाई के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। 78 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद दूबे ने गांव के प्रधान पति सहित पांच नामजद और दो अज्ञात लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और नकदी से भरी अटैची ले जाने का आरोप लगाया है। स्थानीय पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर मामला अब न्यायालय पहुंच गया है। अदालत में दाखिल प्रार्थना पत्र में राजेन्द्र प्रसाद दूबे ने बताया कि 20 अप्रैल की शाम उनके खेत से जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी की खुदाई कराई जा रही थी। विरोध करने के बाद वह अपने घर लौट आए। आरोप है कि कुछ देर बाद प्रधान पति अशोक तिवारी अपने सहयोगियों के साथ लाठी-डंडे लेकर उनके दरवाजे पर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। बुजुर्ग का कहना है कि जान बचाने के लिए वह घर में घुस गए, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान घरेलू सामान तोड़ दिया गया तथा उनके कपड़े भी फाड़ दिए गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि हमलावर उसके 20 हजार रुपये नकद और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरी अटैची भी उठा ले गए। उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए अदालत से एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। कादीपुर कोतवाली ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## कार्यालयी कार्य में डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग विषय पर तकनीकी कार्यशाला का आयोजन




**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के राजभाषा विभाग द्वारा कार्यालयी कार्य में डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग विषय पर तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायबरेली से विभिन्न कार्यालयों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यशाला में आरेडिका के कार्य प्रबंधक उत्कर्ष ओझा ने डिजिटल टूल्स पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। श्री ओझा ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में कार्यालयी कार्यों के प्रभावी निष्पादन हेतु डिजिटल टूल्स का समुचित ज्ञान एवं उनका व्यावहारिक उपयोग अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल तकनीकों के माध्यम से न केवल समय की बचत होती है, बल्कि कार्य की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने कार्यशाला के दौरान विभिन्न डिजिटल टूल्स, ई-ऑफिस प्रणाली, आईआरपीएस, यूडीएम, परिचय, स्पैरो, ई-मेल का प्रभावी उपयोग, ऑनलाइन डेटा संग्रहण सबंधी क्लाउड तकनीक, गूगल डॉक्स, विभिन्न एआई टूल्स, साइबर सुरक्षा सबंधी अनुप्रयोगों तथा कार्य उत्पादकता बढ़ाने वाले सॉफ्टवेयरों के उपयोग पर विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही प्रतिभागियों को इन उपकरणों के व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से उनके उपयोग की प्रक्रिया भी समझाई गई। इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी रमेश चन्द्र, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अभिनव यादव, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन सहित अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कबड्डी में आजाद एकादश ने हासिल की जीत



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कुड़वार ब्लॉक के तिरछे गांव में आयोजित स्व. वेदमित्र द्विवेदी मेमोरियल खेलकूद प्रतियोगिता में ग्रामीण प्रतिभाओं ने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सब जूनियर एवं जूनियर बालक-बालिका वर्ग के विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं के साथ कबड्डी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम बहादुर यादव ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आजाद एकादश और नेहरू एकादश के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में आजाद एकादश ने नेहरू एकादश को 20-18 अंकों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दौड़ प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 50 मीटर दौड़ में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में विजय कुमार दीक्षित एवं शिव रामपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति के राजीव द्विवेदी, विनय मित्र द्विवेदी, आलोक द्विवेदी तथा अनिल द्विवेदी एडवोकेट सहित अनेक लोगों ने सहयोग प्रदान किया। समापन अवसर पर आयोजक राजीव द्विवेदी ने मुख्य अतिथियों, खिलाड़ियों, सहयोगियों एवं उपस्थित खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और खेल संस्कृति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता में संतराम मिश्रा, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, शिवनाथ द्विवेदी, उमेश द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, बदल द्विवेदी, दीपक द्विवेदी, वरुण द्विवेदी, तनय द्विवेदी, विजय मिश्रा, अजय द्विवेदी, नरेंद्र द्विवेदी, करुणा शंकर द्विवेदी, पार्थ द्विवेदी ने सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता के आयोजक राजीव द्विवेदी ने मुख्य अतिथि, प्रतिभागी खिलाड़ियों, सहयोगियों एवं उपस्थित खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

## स्पोर्ट्स कॉलेज की मुख्य चयन परीक्षा में जिले के आठ खिलाड़ी चयनित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रदेश के पांच स्पोर्ट कॉलेज में विभिन्न खेलों में आयोजित मुख्य चयन प्रक्रिया में जिले से 8 खिलाड़ियों का चयन हुआ, कक्षा 6 9 और 11 में प्रवेश के लिए प्रदेश के पांच स्पोर्ट्स कॉलेज में सीटों का निर्धारण किया गया था जिस क्रम में जिले से कई खिलाड़ियों ने मंडल ट्रायल दिया जिसमें प्रारंभिक चयन सूची जारी हुई, जिसमें चयन के बाद मुख्य परीक्षा में जिले के खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की जिसमें हैंडबॉल में वैभव सिंह, गुरु हर्ष नारायण सेन, मेहताब अहमद चयनित हुए, कबड्डी बालक वर्ग में मोहम्मद असलम और हॉकी बालिका में स्वाती का चयन हुआ वहीं क्रिकेट में ओंकार भार्गव आयुष यादव और फुटबॉल में आकाश सिंह सफल घोषित किए गए, हैंडबॉल में एक साथ तीन खिलाड़ियों ने सफल हो जिले का मान बढ़ाया, सफल खिलाड़ियों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया की खिलाड़ियों का चयन उनकी मेहनत और त्याग का परिणाम है, जिसमें उनके कोच की महती भूमिका रही। उनकी इस सफलता पर स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा, प्रदीप यादव, रामनरेश आशा, आनंद श्रीवास्तव, आशुतोष गुप्ता, विक्रम सिंह, मुनेंद्र मिश्रा, खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया, सहित शिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी।

# डीएम ने रायबरेली विकास प्राधिकरण कार्यालय का किया निरीक्षण

- कार्यालय व्यवस्था, लंबित प्रकरणों के निस्तारण और नागरिक सुविधाओं की गुणवत्ता सुधारने के दिये निर्देश



**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज रायबरेली विकास प्राधिकरण (आरडीए) कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के रख-रखाव, अभिलेखों एवं फाइलों के निस्तारण की प्रगति, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही नागरिक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की।

डीएम ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा आगंतुकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। साथ ही कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं कार्य संस्कृति में सुधार लाने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि प्राधिकरण सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त प्रकार के पूर्व निर्मित बिल्डिंग्स जिनका मानचित्र पास नहीं है तथा निमार्णाधीन भवनों के मानचित्र स्वीकृत/शमन हेतु आवेदन अगले 7 दिवस में अवश्य करा लें, मानचित्र स्वीकृति के लिए विकास प्राधिकरण में सिंगल बिन्डों सिस्टम है। विकास प्राधिकरण लैण्डयूज के अनुरूप 15 दिवस में मानचित्र स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण/एडीएम (न्यायिक) विशाल यादव सहित आरडीए के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में 25 फीसदी अभ्यर्थियों ने नहीं दी परीक्षा

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आयोजित की जा रही उत्तर प्रदेष पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु भारतीय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज खागीपुर सड़वा व पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, यातायात व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि आज की आयोजित उत्तर प्रदेष पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2837 अभ्यर्थी उपस्थित व 907 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 3744 अभ्यर्थियों में से 2823 अभ्यर्थी उपस्थित व 921 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 7488 अभ्यर्थियों में से 5660 अभ्यर्थी उपस्थित व 1828 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

- डीएम-एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## अठैसी में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों के क्रम में बुधवार को ग्राम सभा अठैसी स्थित पंचायत भवन में अंतिम मतदाता सूची का विधिवत प्रकाशन किया गया। कार्यक्रम उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम ने मतदाता सूची को सार्वजनिक करते हुए ग्रामीणों से सूची का अवलोकन करने और किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर नियमानुसार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया के लिए शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची का होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में वीआरसी रत्नेश कुमार एवं दिलीप कुमार ने मतदाता सूची प्रकाशन की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने मतदाता सूची के महत्व और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े आवश्यक बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अठैसी अतुल मिश्रा सहित ग्राम सभा के अनेक मतदाता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन का स्वागत करते हुए पंचायत चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प व्यक्त किया। प्रशासन की ओर से पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां किए जाने की बात भी कही गई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## शक्ति नगर में बदहाल सफाई व्यवस्था: सड़क पर बह रही गंदी नाली, नगर पालिका बेखबर

**रायबरेली।** स्वच्छता के बड़े-बड़े दावे करने वाली नगर पालिका की जमीनी हकीकत शक्ति नगर मोहल्ले के मुख्य मार्ग पर साफ दिखाई दे रही है। यहां महीनों से नाली की सफाई न होने और उसे ढकने की व्यवस्था न किए जाने के कारण गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन दूभर हो गया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सड़क पर फैले गंदे पानी से लोगों को रोजाना गुजरना पड़ रहा है, जबकि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिस नगर पालिका का दायित्व शहर को स्वच्छ और सुरक्षित रखना है, उसी की उदासीनता के चलते मोहल्ले में गंदगी का साम्राज्य फैलता जा रहा है। क्षेत्र में तैनात सफाई सुपरवाइजर और सफाई कर्मियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों और प्रचार अभियानों तक सीमित होकर रह गई है। नाली में जमा गंदा पानी और कचरा मच्छरों तथा रोग फैलाने वाले बैक्टीरिया के पनपने का केंद्र बन चुका है। ऐसे में डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन की चुप्पी लोगों की चिंता बढ़ा रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल नाली की सफाई, मरम्मत और ढकने की व्यवस्था कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी भी बीमारी के फैलने या दुर्घटना होने की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। अब सवाल यह है कि आखिर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी कब जागेंगे और शक्ति नगर के लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिलेगी?

# मां संकटा देवी मंदिर में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**लालगंज, रायबरेली।** मां गंगा के पावन तट गेगासो स्थित मां संकटा देवी मंदिर परिसर में सोनू मिश्रा के नेतृत्व में मंगलवार देर रात तक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर में माता की आराधना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में लोक गीत, भजन और रामलीला झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा, मां संकटा देवी की कृपा से ये भूमि पवित्र है। सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी सनातन संस्कृति और लोक परंपरा को जीवित रखते हैं। युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने मंदिर समिति के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन और आयोजन कुलदीप सोनू मिश्रा ने किया। स्थानीय कलाकारों ने देवी स्तुति और जागरण की प्रस्तुति दी। देर रात तक चले कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और भंडारे का आनंद लिया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी सहित शैलेन्द्र अग्निहोत्री, अशोक सिह विधायक, लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता, अवनीश पांडे, अतुल त्रिपाठी, विजय सिंह, आदित्य मिश्रा, पुष्पा शुक्ला, राकेश द्विवेदी, उपेन्द्र सिह ठेकेदार मुन्ना बाजपेयी, मुन्नू शुक्ल, धीरज सिह, राहुल पाण्डेय, सरोज काका, श्रीकांत गुप्ता, शानू बाजपेयी, सचिन सेठ, अमित द्विवेदी, गोलू गुप्ता, मगन पाण्डेय, रज्जन, वासुदेव तिवारी, सतीश, मनीष, अजय, नितिन, निखिल, राहुल, हरिओम अंकुश द्विवेदी और कुनाल, अमित सिंह, मंतोष पांडे आदि भक्तगण मौजूद रहे।



## आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में फिरोजाबाद पुलिस को प्रथम रैंक

**फिरोजाबाद।** एसएसपी के निर्देशन में आईजीआरएस के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जिला फिरोजाबाद ने 75 जनपदों के मध्य लगातार तीसरी बार उप्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाफिरोजाबाद को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में 125 में से पूरे 125 अंक प्राप्त किए हैं। मई 2026 में आईजीआरएस के माध्यम से कुल 4364 शिकायतें प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें जनपद पुलिस द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही कर आवेदकों से फीडबैक लेते हुए प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया। जनपद पुलिस ने प्राप्त सभी शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही की जिसमें कोई भी प्रार्थना पत्र डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं गया।

## हादसे में घायल जितेंद्र की इलाज के दौरान मौत

**हरचंदपुर, रायबरेली।** कस्बे के मुख्य चैराहे पर एक सप्ताह पहले हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने आखिरकार दम तोड़ दिया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे जितेंद्र मिश्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुखद खबर के मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। गौरतलब है कि बीते एक जून को हरचंदपुर कस्बे के मेन चैराहे पर उस वक्त हड़कंप मच गया था, जब एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने कई लोगों को रौंदते हुए भारी तबाही मचाई थी। इस भीषण सड़क हादसे में करीब 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। घायलों में जितेंद्र मिश्रा की हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल से भी सुधार न होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। तमाम प्रयासों के बाद भी डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा सके और आज इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। जितेंद्र की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और बाजार में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संक्षेप

## सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी का आरोप सरकारी धन के बंडरबाट का आरोप

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम पंचायत भरहे चौरा, छावनी टोला मोड़ से मलहटोलिया के रास्ते भरहे चौरा स्वास्थ्य केंद्र दुर्गा मंदिर तक जाने वाली सड़क अभी कुछ दिन पहले ही बना है और रोड पर गड्ढा हो गया व रोड जर्जर होती जा रही है पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हिंदू युवा वाहिनी विश्व हिंदू परिषद के नेता टार्जन यादव ने ठेकेदार व कुछ मिली भगत अधिकारी पर लूटपाट व धनउगाही कर उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ को बदनाम करने की नीयत से इस तरीके से ठेकेदार व कुछ अधिकारी ऐसे हरकत कर रहे हैं टार्जन यादव ने सोमवार को रोड का फोटो फेसबुक ट्विटर एक्स पर पोस्ट कर रोड का फोटो लगाकर वह मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर विरोध किया

ठेकेदार व मिली भगत अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग किया कि आने वाले समय में देवरिया जनपद ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में कोई भी ठेकेदार रोड पर धनवाही ना कर सके।

# डीएम ने दो निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता




**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को जनपद में निर्माणाधीन दो प्रमुख परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता

● गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

मानकों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी परियोजनाओं में तेजी लाते हुए समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम परसिया मिश्र स्थित निर्माणाधीन जीएसटी कार्यालय एवं आवासीय भवन परियोजना का निरीक्षण किया। सितंबर 2025 में प्रारंभ हुई इस परियोजना की कुल लागत 20.09 करोड़ रुपये है, जिसमें 8.58 करोड़ कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन 11.51 करोड़ की कार्य परियोजना सम्मिलित है तथा इसकी पूर्णता तिथि दिसंबर 2026 निर्धारित है। परियोजना में कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यों में गति लाने तथा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इसके उपरांत जिलाधिकारी मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, डुमवलिया की निमार्णाधीन परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे। लगभग 24.78 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली यह परियोजना फरवरी 2026 में प्रारंभ हुई है तथा इसकी पूर्णता तिथि अगस्त 2027 निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने तथा भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था सीएनडीएस एवं सीडको के अभियंता गण, डीएसटीओ अंगद यादव, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मछुआरों का एनएफडीपी पोर्टल पर हुआ पंजीकरण

बरहज, देवरिया। मछली पालन, झींगा पालन, मछली विक्रेताओं, मत्स्य सहकारी समितियों, मछुआरा समूहों और मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े 50 हितधारकों का प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण हुआ। बरहज विकास खण्ड के कपरवार में बुधवार को मत्स्य विभाग देवरिया के तत्वाधान एवं बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड कपरवार व बरहज के संयोजकत्व में आयोजित पंजीकरण शिविर में मछुआरों ने एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण कराया। इस अवसर पर मत्स्य पालक किसान अभिकरण देवरिया के मत्स्य निरीक्षक अधिकारी रितेश शाही ने कहा कि इस पोर्टल का उद्देश्य मछली पालन और उससे जुड़े क्षेत्रों को आधुनिक तकनीकों और योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाना है। चेयरमैन जितेन्द्र भारत ने कहा कि एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण करके मछली। लाभ डिजिटल माध्यम से आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सोमनाथ मंदिर में हुआ पूजा-पाठ और हवन



**देवरिया।** बुधवार, केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देवरिया स्थित सोमनाथ मंदिर में विशेष पूजा-पाठ एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।इस अवसर पर मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए हवन संपन्न कराया गया। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास, सुशासन और जनहितकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।अभियान के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण तथा वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया।हवन एवं पूजा-अर्चना के उपरांत सभी श्रद्धालुओं और कार्यकताओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की प्रगति, समाज में सुख-शांति तथा जनकल्याण की कामना के साथ हुआ।इस अवसर पर महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अर्चना पांडे, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, मारकंडे गिरी, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, गोविंद चौरसिया, दीपक श्रीवास्तव बिल्लू, विजय बेलदार, अटल बरनवाल, रविंद्र राव, सुशील सिंह, बजरंगी मणि, हरेंद्र पाल सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डीएम ने टीकाकरण सत्र एवं आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) के अंतर्गत ग्राम करौंदी में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण कार्य, उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने टीकाकरण सत्र में वैक्सीन, दवाओं एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाए तथा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। साथ ही मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड (एमसीपी कार्ड) के सभी बिंदुओं को सही एवं वास्तविक तथ्यों के आधार पर भरने पर विशेष बल दिया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र परसिया मिश्र का निरीक्षण कर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) के मानकों के अनुरूप चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के दृष्टिगत जनपद के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), देवरिया तथा महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, देवरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा का संचालन पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सतर्क निगरानी रखी जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप अभ्यर्थियों की जांच सुनिश्चित की जाए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होती मिली।

## सार्वजनिक सड़क व मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत, जांच की मांग

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर के एक निवासी ने सार्वजनिक सड़क एवं ब्रह्मस्थान मंदिर की भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण और निर्माण कार्य किए जाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी सलेमपुर को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है हतवा वार्ड संख्या-1 निवासी पंकज कुमार श्रीवास्तव ने दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके बगलगीर द्वारा नगर पंचायत की सार्वजनिक सड़क से सटी भूमि पर अवैध निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सड़क संकरी होने तथा सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न हो रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह निर्माण सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वार्ड के ही एक अन्य व्यक्ति द्वारा ब्रह्मस्थान मंदिर की भूमि पर पूर्व में स्थायी निर्माण कर लिया गया है, जिससे मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा होने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार इस संबंध में नगर पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों को पूर्व में भी अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई शिकायतकर्ता ने उपजिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए सार्वजनिक सड़क एवं मंदिर की भूमि पर हो रहे कथित अवैध अतिक्रमण और निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने तथा दोषियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करने की मांग की है।

## पास्को का वांछित अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)**7 स्थानीय थाना का पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने बभनौली खुर्द से गिरफ्तार कर लिया।बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम



में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी अनशुमान श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में भटनी पुलिस के नेतृत्व में थाने में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या - 137/2026धारा 137(2) 352,351(3)बी एन एस में विवेचनात्मक कार्यवाही में बढोत्तरी धारा 87,64(1)बी एन एस व 5जे(2)/6पास्को एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सोनू राजभर पुत्र अवधेश राजभर ग्राम बभनौली खुर्द निवासी थाना भटनी को बुधवार को मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने उसके गाँव से ही गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर रही है ।ज्ञातव्य है कि25मई को वादिनी द्वारा थाना भटनी को तहरीर देकर सूचना दी गयी थी कि वांछित अभियुक्त द्वारा मेरी पुत्री को 22 मई को बहलाफुसला भगा लिया गया था । और पीडिता को भी 30मई को सकुशल बरामद कर लिया गया था ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार आरक्षी धनंजय राय व विशाल चौहान शामिल रहे ।

# ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम का डीएम ने किया निरीक्षण



**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गणो के साथ निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में

● सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं अभिलेखों की स्थिति की हुई गहन समीक्षा

रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, सीलिंग प्रक्रिया तथा अभिलेखों के रख-रखाव की गहन समीक्षा की गई ।निरीक्षण के समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं की स्थिति का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने गोदाम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास नियंत्रण प्रणाली, डबल लॉक व्यवस्था, सील की स्थिति तथा अभिलेखों के नियमित संधारण की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी निगरानी प्रणाली निरंतर सक्रिय रहे तथा रिकॉर्डिंग का नियमित परीक्षण भी किया जाए। साथ ही सीलिंग प्रक्रिया एवं अभिलेखों के संधारण में पूर्ण पारदर्शिता एवं सावधानी बरती जाए। उन्होंने नियमित अंतराल पर गोदाम का निरीक्षण एवं सत्यापन कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा, सहित निर्वाचन कार्यालय के समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस प्रकरणों में प्राप्त आख्या की डीएम ने की समीक्षा

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही एवं त्रुटिपूर्ण आख्या लगाए जाने को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पांच अधिकारियों को सुधार लाए जाने के कड़े निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि शिकायतों का वास्तविक समाधान किए बिना निस्तारण आख्या अंकित करना स्वीकार्य नहीं है। सभी अधिकारी आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, तथ्यपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी आईजीआरएस सेल के पटल सहायक बृजेंद्र चौधरी एवं रिचा सिंह द्वारा प्राप्त फीडबैक की समीक्षा के दौरान कई प्रकरणों में शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण किए बिना आख्या अपलोड किए जाने की स्थिति सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए समीक्षा में ग्राम पचौरा निवासी सदाशिव की चकमार्ग सीमांकन संबंधी शिकायत में बिना वास्तविक निस्तारण के आख्या लगाए जाने पर उपजिलाधिकारी सदर की तथा पथरदेवा क्षेत्र के ग्राम चिगनीभार निवासी संतोष कुशवाहा की रास्ते से अतिक्रमण हटाने संबंधी शिकायत में तहसीलदार सदर की आख्या भी संतोषजनक नहीं पाई गई। उन्हें गुणवत्तापूर्व निस्तारण के निर्देश दिए गए।

## जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने नवागत बीएसएको समस्याओं से अवगत कराया



**देवरिया ।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद देवरिया के एक स्वागत मण्डल ,जनपद के नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्या जी के स्वागत व अभिनन्दन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच कर बुके देकर स्वागत किया।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष श्री अशोक कुमार सिंह,जिला अध्यक्ष श्रध्देय विनोद कुमार सिंह,महामंत्री नन्दलाल, जिला कोषाध्यक्ष डा हेमन्त शुक्ल ,प्रदेश संयुक्त मंत्री/अध्यक्ष पथरदेवा श्री नरेन्द्र सिंह ,मण्डल महामंत्री श्री अशरफ अली,जिला संयुक्त मंत्री श्री गिरीशचन्द कुशवाहा,प्रदेश आडिटर/तरकुलवा अध्यक्ष श्री अमरनाथ वर्मा ,,बैतालपुर अध्यक्ष श्री कृपानरायन सिंह,रामपुर अध्यक्ष श्री रासीद अहमद,मंत्री श्री उदयप्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष श्री रईस अहमद, नवनाथ मौर्या, हीरालाल शर्मा, जिला आडिटर अशोक कुमार, आदि ने पुष्प बुके देकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का स्वागत एंव अभिनन्दन किया ।स्वागत की कड़ी में जिला महामंत्री नन्दलाल द्वारा सभी पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों के सममस्याओं से अवगत कराया गया ।

## रोटरी क्लब सदर ने जेठ के मंगल पर किया कार्यक्रम




**देवरिया ।** रोटरी क्लब देवरिया सदर * द्वारा ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगलवार को डा. विपिन बिहारी शर्मा के क्लीनिक अमर ज्योति चौक पर वीर हनुमान जी का पूजन अर्चन कर श्रद्धालुओं को मीठा बुनिया और शीतल जल की सेवा देर रात तक चलता रहा ' श्रद्धालु मीठा बुनिया प्रसाद लेते हुए हनुमान जी का जयकारा भी लगाते है, मेरे जैसा माहौल था, ध्वनी विस्तारक साउंड बॉक्स से भजन बजता रहा ' इस अवसर पर क्लब के सदस्य रोटेरियन राकेश घर द्विवेदी चार्ट ? अध्यक्ष, रोटेरियन डॉक्टर विपिन बिहारी शर्मा जोन सचिव एवं असिस्टेंट गवर्नर, रोटेरियन मनोज सेठ, रोटेरियन सिद्धनाथ चतुर्वेदी, रो एलियन संदीप कुमार गुप्ता रोटेरियन मिथिलेश कुमार रोटेरियन इमरान लारी रोटेरियन हिमांशु सिंह रोटेरियन अनिल कुशवाहा रोटेरियन विनोद लाठ, बलवंत गुप्ता, ओंकार शर्मा, शिव शंकर शर्मा मारकंडे मिश्रा सहित अन्य गाण मान्य नागरिक उपस्थित होकर बुनिया की सेवा की '

# विधायक को पत्रक सौंप सुरक्षा कानून लागू करने और प्रेस क्लब की मांग

जिला संवाददाता

कुशीनगर। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीसएस) तहसील इकाई तमकुहीराज, कुशीनगर द्वारा विधायक तमकुहीराज डॉ असीम कुमार राय को पत्रक सौंपकर तमकुहीराज में प्रेस क्लब की स्थापना करने और पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग की ।संगठन के राष्ट्रीय

● पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ: विधायक डॉ असीम राय
● प्रेस क्लब की स्थापना और पत्रकार हित को लेकर विधायक तमकुहीराज ने दिया आश्वासन

अध्यक्ष जिग्नेश कलवाड़ियां और प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा के निर्देशन में तहसील अध्यक्ष तमकुहीराज मुन्ना कुमार राय के नेतृत्व में बुधवार को विधायक श्री राय को पत्रकारों के साथ पत्रक सौंपा और तमकुहीराज उपनगर में एक प्रेस क्लब हेतु भूमि की उपलब्धता और उस पर भवन की स्थापना और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। पत्रकारों ने विधायक श्री राय का अभिनंदन हुए कहा कि तमकुहीराज में पत्रकारों को अपनी खबरों के संकलन, आदान प्रदान, संपादन को लेकर कोई सुविधा नहीं होने से काफी दिक्कत होती है ऐसे में तमकुहीराज में प्रेस क्लब की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही मांग किया कि पत्रकारों को अपने कार्य के दौरान विभिन्न प्रकार की चुनौतियों एवं कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कई बार समाचार संकलन के दौरान उनकी सुरक्षा भी प्रभावित होती है। ऐसे में इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाय। विधायक श्री राय ने पत्रकार के हित और कर्तव्य पर चर्चा करते हुए आश्वस्त किया कि तमकुहीराज में बहुत जल्द प्रेस क्लब की स्थापना के लिए प्रयास किया जायेगा। कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। सरकार पत्रकारों के मान, सम्मान और हक के लिए सदैव तत्पर है। पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के मुद्दे पर सकारात्मक कदम उठाया जायेगा। इस दौरान पत्रकार मौजूद रहे।

## ग्रेट निकोबार द्वीपसमूह को कार्पोरेट धरनों को सौंपने नहीं देगी कांग्रेस

बरहज, देवरिया।अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ग्रेट निकोबार द्वीपसमूह को कार्पोरेट घरानों को सरकार द्वारा सौंपने की तैयारी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी जागरूकता तथा हस्ताक्षर अभियान कांग्रेसियों ने मंगलवार को स्थानीय तहसील गेट के पास चलाया। ग्रेट निकोबार द्वीपसमूह की वन संपदा व प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए कांग्रेस द्वारा संचालित किए जा रहे इस अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर करके अपना समर्थन दिया। हस्ताक्षर अभियान को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी अब्दुल जब्बार ने कहा कि मोदी सरकार पूंजीवादी व्यवस्था को प्रश्रय दे रही है।

सरकार वन और प्राकृतिक संपदाओं का दोहन करके धन कमाने की पूंजीपति मित्रों के कुकृत्य में लिप्त है। मोदी सरकार सरकारी संस्थाओं को बेचने के बाद अब प्राकृतिक संसाधनों को बेचना चाहती है जो पर्यावरण और मानव जीवन के लिए खतरनाक कदम है। अभियान को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी ने कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीपसमूह पर दिल्ली से चार गुना क्षेत्रफल में वन संपदा फैला हुआ है।

# भारत-नेपाल हिन्दी सेवी सम्मान से सम्मानित हुए साहित्यकार सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय 'मन्नू'



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर कस्बा निवासी साहित्यकार एवं अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पाण्डेय 'मन्नू' को हिन्दी भाषा के अंतरराष्ट्रीय प्रचार-प्रसार तथा भारत-नेपाल के साहित्यिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत-नेपाल हिन्दी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया।यह सम्मान नेपाल के पोखरा स्थित पृथ्वी हॉल, होटल शारा में 5 से 9 जून तक आयोजित 21वें लेखक मिलन शिविर के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भारत और नेपाल के साहित्यकारों, कवियों एवं हिन्दी प्रेमियों ने सहभागिता कर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संवाद को नई दिशा देने पर विचार-विमर्श किया।पूर्वोत्तर हिन्दी अकादमी द्वारा जारी सम्मान-पत्र में कहा गया है कि अभिमन्यु पाण्डेय 'मन्नू' ने हिन्दी भाषा के वैश्विक विस्तार, साहित्यिक गतिविधियों तथा सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी रचनात्मक लेखनी ने साहित्यिक संवाद को समृद्ध करने के साथ मानवीय मूल्यों के संवर्धन में भी अहम भूमिका निभाई है। सम्मान-पत्र में भारत और नेपाल के साहित्यकारों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत बनाने में उनके योगदान की भी सराहना की गई। उनकी इस उपलब्धि पर ओमप्रकाश द्विवेदी 'ओम', जितेंद्र पाण्डेय 'जौहर' तथा अवध किशोर 'अवधू', सत्यप्रकाश शुक्ल बाबा, ब्रजेश त्रिपाठी, श्याम नारायण गुप्ता, हरेंद्र पांडेय आदर्श, भूपेंद्र राय गंवार, बनारसी दास खरवार, कन्हैया लाल सरस, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, मनंजय तिवारी, संतोष संगम सहित अनेक साहित्यकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर हुई चर्चा

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश उन्होंने दिए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि देश की रक्षा के लिए सैनिक अपना सर्वस्व समर्पित कर देते हैं। ऐसे वीर सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान, सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए संकल्पित है। जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों से संवाद करते हुए कहा कि प्रशासन और पूर्व सैनिकों के बीच नियमित संपर्क एवं समन्वय बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या अथवा कठिनाई की जानकारी तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसका शीघ्र और प्रभावी समाधान कराया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा अनावश्यक विलंब न होने पाए।

# उपलब्धियां और चुनौतियां

केन्द्र में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे हो गये हैं। इस मौके पर स्वाभाविक है कि सरकार और उसके मंत्री सरकार की उपलब्धियां गिनायेंगे। दूसरी तरफ विपक्ष है कि वह लगातार सवाल उठा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने 12 साल में अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी का तो यहां तक कहना है कि आर्थिक सुनामी आने वाली है इके साथ ही राहुल गांधी ने फिर भविष्यवाणी की है कि मोदी सरकार एक साल में गिर जाएगी। पलटवार में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए और कहा कि देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जो आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजाक उड़ाते हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि देश ऐसी अराजकता, निराशा, अनिश्चितता को पसंद नहीं करता, लिहाजा कांग्रेस को बार-बार खारिज कर रहा है। इस 'जुबानी जंग' के दौरान भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 2025-26 की आखिरी तिमाही (जनवरी-31 मार्च) के आंकड़े जारी कर सभी को चौंका दिया। चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी रही और कुल वित्त-वर्ष की विकास दर 7.7 फीसदी रही। यह विश्व में सर्वाधिक है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय में भारत बहुत नीचे है। बहरहाल इस तिमाही के दौरान ईरान युद्ध का एक महीना भी झेलना पड़ा, क्योंकि युद्ध 28 फरवरी को शुरू हो गया था। अर्थव्यवस्था और विकास दर पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा का आकलन महत्वपूर्ण और संवेदनशील है कि ईरान युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित हुई है और भारतीय बाजार में भी इसका असर दिखायी दे रहा है। इससे महंगाई बढ़ेगी और जीडीपी की विकास दर घटेगी।




**युद्ध और भूराजनीतिक संकट का असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है लेकिन इसके बावजूद आर्थिक प्रगति की गति दुनिया में सबसे तेज है।**

इस तरह हमारी अर्थव्यवस्था भी वैश्विक उथल-पुथल के दौर में है, लिहाजा रिजर्व बैंक का नया अनुमान है कि 2026-27 (जारी वित्त वर्ष) में विकास दर 6.6 फीसदी रह सकती है, जबकि पहले अनुमान 6.9 फीसदी का था। महंगाई दर 5.1 फीसदी से अधिक हो सकती है, जबकि पहले का अनुमान 4.6 फीसदी का था। रिजर्व बैंक के गवर्नर का यह भी मानना है कि विकास दर के अनुमान पर निगेटिव जोखिम बरकरार रहेगा। विदेशी मुद्रा 4.4 लाख करोड़ रुपये घटी है, फिर भी हम सुखद स्थिति में हैं, लेकिन जीडीपी में जिस मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान 18 फीसदी तक होता था, वह घट कर करीब 13 फीसदी हो गया है, जबकि मोदी सरकार ने 25 फीसदी योगदान का लक्ष्य तय किया था। कृषि पर आज भी दो-तिहाई परिवार आश्रित हैं, लेकिन पूरे वित्त वर्ष में कृषि की विकास दर 3 फीसदी रही है, जबकि बीते वर्ष के दौरान यह विकास दर 5 फीसदी से भी अधिक थी। अलबत्ता चौथी तिमाही के दौरान कृषि की विकास दर 3.6 फीसदी रही है। जीडीपी में जो बढ़ोत्तरी दिख रही है, वह सेवा क्षेत्र, व्यापार, होटल, परिवहन, पर्यटन और बैंकिंग आदि के कारण है। ऊर्जा की महंगाई दर 24.71 फीसदी हो गई है, जिसकी कमी के कारण देश का हरेक तबका, आम आदमी, औसत घरों में संकट महसूस किया जा रहा है। एक बार फिर घरेलू एलपीजी का सिलेंडर (14.2 किग्रा) 29 रुपये महंगा कर दिया गया है। बीती 7 मार्च को भी 60 रुपये प्रति सिलेंडर दाम बढ़ाये गये थे। देश में रोजगार सृजन प्रभावित हुआ है। औसत आमदनी यथावत है, आम उपभोक्ता की क्रय-शक्ति बढ़ नहीं पा रही है, तो देश की आर्थिक विकास दर मजबूत कैसे हो सकती है? अर्थव्यवस्था के जो बुनियादी मुख्य कारक हैं, यदि उनमें बढ़ोत्तरी नहीं है, तो जीडीपी की विकास दर इतनी सशक्त कैसे संभव है? रिजर्व बैंक समेत लगभग सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के ताजा आकलन हैं कि भारतीय जीडीपी की विकास दर 6 फीसदी से कुछ अधिक रहेगी, लेकिन सरकार 7.7 फीसदी के आंकड़े को बड़ी उपलब्धि मानती है। अर्थव्यवस्था और विकास दर को लेकर ऐसे विरोधाभासी आंकड़े बहुत गंभीर हैं। इससे आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। इसलिए सरकार को अर्थव्यवस्था की बुनियादी कमजोरियों को पकड़ना होगा। ऊर्जा सुरक्षा, सप्लाई चेन, आयात पर निर्भरता को घटाना होगा और आर्थिक को वैश्विक चुनौतियों से बचाने की नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही विनिर्माण उद्योग को तेजी से आगे बढ़ाने के साथ संसाधनों के वितरण में समाज के सबसे कमजोर तबके का ध्यान रखना होगा।

## विचार

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हो, उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

–फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुन: कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

–मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

–महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

–तिरुवल्लुवर.

# पीओके में नरसंहार कर रही पाक सेना



नौशाबा परवीन

**पाकिस्तानी सेना लगातार पीओके में हत्याएं कर रही है। पाक ने पीओके में 14,000 सैनिक तैनात किये हुए हैं और कम्युनिकेशन पर पूर्ण ब्लैकआउट है। 'डॉन' अखबार के मुताबिक 'कानून व्यवस्था' बनाये रखने के लिए बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लिया गया है।**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हालात निरंतर बद से बदतर होते जा रहे हैं। राज्य द्वारा प्रायोजित हिंसा का चक्र अप्रत्याशित है। रावलकोट की सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे नागरिकों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों व अर्द्धसैनिक रेंजर्स पिछले 5-6 दिनों के दौरान स्वचालित हथियारों से अनेक बार फायरिंग की है और आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। इन घटनाओं में आधिकारिक तौरपर 11 पुरुषों की मौत होना बताया गया है। लेकिन इंटेलिजेंस डोसियर में जो विस्तृत जानकारी दी गई है, उसके अनुसार बारमंग पूल की शूटिंग के बाद 5 व 9 जून 2026 के बीच पाकिस्तानी बलों की सुनियोजित हिंसा में 19 बच्चे व 7 गर्भवती महिलाएं भी मारी गई हैं। निहत्थे नागरिकों पर फायरिंग जारी रहने की भी खबरें हैं। पाकिस्तान ने पीओके में 14,000 सैनिक तैनात किये हुए हैं और कम्युनिकेशन पर पूर्ण ब्लैकआउट है। 'डॉन' अखबार के मुताबिक 'कानून व्यवस्था' बनाये रखने के लिए अभी तक 72 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है।

उधर इंग्लैंड में ब्रेडफोर्ड स्थित पाकिस्तानी कांसुलेट के समक्ष 9 जून 2026 को कश्मीरियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पीओके में मय्यत पर विलाप कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी बलों ने अंधाधुंध गोलियां बरसायीं और पीओके के अन्य क्षेत्रों में भी नागरिकों के खिलाफ अत्यधिक बल का प्रयोग किया जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले 30 ब्रिटिश सांसदों ने पीओके में भयंकर मानवाधिकार उल्लंघन का संज्ञान लेते हुए कूटनीतिक हस्तक्षेप की मांग की थी। ब्रिटेन के इस संसदीय दल ने पीओके में संचार व्यवस्था बंद किये जाने, गिरफ्तारियों, बढ़ती हिंसा व तनाव पर चिंता व्यक्त की थी। कश्मीर पर सर्वदलीय संसदीय ग्रुप के प्रमुख इमरान हुसैन (सांसद ब्रेडफोर्ड ईस्ट) ने इंग्लैंड के विदेश मंत्रालय को लिखे अपने पत्र में लिखा कि पीओके में लॉकडाउन लगा दिया गया है और कम्युनिकेशन ब्लैकआउट भी है। पत्र में इंग्लैंड की सरकार से आग्रह किया गया है कि वह 'अपनी तरफ से पहल करते हुए कूटनीतिक चैनलों का इस्तेमाल करते हुए स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रयास करे'। हालांकि इस समय जो पीओके में चिंताजनक स्थितियां हैं, उनका ट्रिगर तो 5 जून 2026 की रात को बारमंग पुल की घटना है, लेकिन हालात वर्षों से सुलग रहे थे, बस एक चिंगारी की प्रतीक्षा थी। हुआ यह कि 5 जून की रात अर्द्धसैनिक बलों ने बारमंग पुल के निकट एक वाहन को रोका, जिसमें स्थानीय मानवाधिकार एक्टिविस्ट सरदार उमर नजीर कश्मीरी और जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी के एग्जीक्यूटिव सदस्य शाहजेब हबीब सफर कर रहे थे। अर्द्धसैनिक बलों ने इस वाहन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। एक गोली कश्मीरी के कान पर लगी और वह किसी तरह से वहां से भागने में सफल रहे, उनकी जान बच गई, लेकिन शाहजेब की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। इस कोल्ड-ब्लडेड हत्या ने आग में घी का काम किया और जो नागरिक दशकों से आर्थिक शोषण को बर्दाश्त करते आ रहे थे, वह भड़क उठे। हजारों दुखी नागरिक व जेएएसी के सदस्य शाहजेब की मय्यत में हिस्सा लेने के लिए रावलकोट में कंबाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल के समक्ष एकत्र हो गये। अस्पताल के मैदान में विलाप कर रहे लोगों पर सुरक्षा बलों ने गोलियों व आंसू गैस के गोलों से हमला करना शुरू कर दिया। दर्जनों लोग मारे गये। जेएएसी नेता शौकत नवाज मीर के अनुसार, 'स्टेट रावलकोट में हमारे लोगों का नरसंहार कर रही है। सर्वाइवल के लिए हमारे शांतिपूर्ण संघर्ष को आतंकवाद से जोड़ना भयावह दमन है। हम पीछे नहीं हटने वाले।'

## सामयिक

ध्यान रहे कि पाकिस्तान ने आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत जेएएसी को प्रतिबंधित किया हुआ है और नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे एक्टिविस्ट्स के साथ 'सशस्त्र विद्रोहियों' जैसा व्यवहार किया जाता है। दरअसल, इस सारे हंगामे की जड़ें बहुत गहरी व दशकों पुरानी हैं। पीओके लोगों की शिकायतें सिर्फ. आर्थिक शोषण तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि राजनीतिक तौर पर भी उन्हें हाशिये पर डाला हुआ है। पीओके में हजारों मेगावाट सस्ती, साफ हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर का उत्पादन होता है, लेकिन स्थानीय लोगों को कम व महंगी बिजली मिलती है] क्योंकि बिजली का अधिकांश हिस्सा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत को दे दिया जाता है।

इस पृष्ठभूमि में जेएएसी ने लोगों को 38-पॉइंट चार्टर ऑफ डिमांडस पर एकजुट किया है, जिनमें से तीन मांगों पर वह किसी भी सूरत में समझौता करने के लिए तैयार नहीं है। एक, पीओके को बिजली व आटा रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाये। दो, पाकिस्तानी नौकरशाहों व उनके क्षेत्रीय चाटुकार नेताओं को जो लक्जरी पर्क्स, आधिकारिक प्रोटोकॉल व भत्ते दिये जाते हैं, उन्हें रद्द किया जाये। तीन, पीओके की लेजिस्लेटिव असेंबली में जो 'नॉन-रेजिडेंट्स' के लिए 12 सीट आरक्षित हैं, उन्हें खत्म किया जाये। इस्लामाबाद में जो मुख्य राजनीतिक दल हैं वह नियमित तौरपर इन सीटों का दुरुपयोग करते हैं और बाहरी प्रत्याशियों को स्थानीय असेंबली में ठूंस देते हैं। इस तरह न केवल स्थानीय लोकतांत्रिक इच्छा को पूर्णतः अनदेखा कर दिया जाता है बल्कि स्थानीय नीति में भी गड़बड़ करके उसे पाक पंजाब के पक्ष में कर दिया जाता है। गौरतलब है कि इस सिलसिले में अक्टूबर 2025 में मुजफ्फराबाद समझौता हुआ था और संवैधानिक व आर्थिक मांगों को छह माह के भीतर लागू करने का वायदा किया गया था। इस्लामाबाद का यह समझौता आखिरकार चुनावी वायदा ही साबित हुआ, जो कभी पूरा नहीं किया जाता। इस वायदाखिलाफी का विरोध करने के लिए 9 जून 2026 को 4.5 मिलियन कश्मीरियों ने 'लांग मार्च' निकाला, जिसे रोकने के लिए पाकिस्तानी सेना ने जबरदस्त बल का प्रयोग किया, नतीजतन जगह-जगह हिंसा हुई। इंटरनेट बंद करने की वजह से यह तो मालूम नहीं हो सका कि सैन्य दमन में कितने लोग मारे गये व जख्मी हुए, लेकिन अपने सूत्रों के माध्यम से विभिन्न अखबार व न्यूज एजेंसीज जो जानकारी एकत्र कर पायीं, उनसे मालूम होता है कि पीओके में हालात चिंताजनक व विस्फोटक हैं। भिम्बर में अर्द्धसैनिक बलों ने रावलकोट की ओर जा रहे निहत्थे नागरिकों के कान्वोय पर गोलियां चलायीं। मंग में, जहां 27 नागरिकों के मारे जाने की खबर है, प्रदर्शनकारियों ने एक पाकिस्तानी सैनिक को 'बंदी' बनाया।

रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना ने पीओके के एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर सरदार इनायत की हत्या केवल इसलिए की क्योंकि उसने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के आदेश को मानने से इंकार कर दिया था। हालांकि इस्लामाबाद इस संकट को 'अराजकता' से प्रेरित सुरक्षा खतरा के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि दशकों के दमन व शोषण के खिलाफ पीओके के लोग अपने मानवीय, आर्थिक व राजनीतिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष कर रहे हैं। पाकिस्तान के लिए पीओके सिर्फ. एक 'कॉलोनी' है, जिसके प्राकृतिक संसाधनों का वह शोषण कर रहा है। दूसरी ओर नई दिल्ली ने निरंतरता के साथ दोहराया है कि पीओके सहित सम्पूर्ण जम्मू कश्मीर भारत का अटूट हिस्सा है, जोकि ऐतिहासिक दृष्टि से एकदम सही बात है। इसलिए आज जब पीओके लोग बिना डरे अपने अधिकारों की मांग के लिए उठ खड़े हुए हैं, तो नई दिल्ली को भी चाहिए कि वह पाक पर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाये और कश्मीर के अपने हिस्से को वापस ले।



## सोशल मीडिया

12 वर्षों में पेपर लीक, परीक्षा की चोरी, टेंडर में धांधली को संरक्षण देकर इसे अपराध का संगठित सिंडीकेट बना दिया है, जब तक है मोदी सरकार तब युवाओं का भविष्य नीलाम। राहुल गांधी.



विगत 12 वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने सुशासन, सामाजिक न्याय, विकास वैश्विक प्रतिष्ठा व सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में नये प्रतिमान स्थापित किये हैं। सीएम योगी.



मोदी जी का नेतृत्व संकल्प से सिद्धि और सेवा से सुशासन की यात्रा का प्रतीक है, देश ने उनके नेतृत्व में आत्म विश्वास, विकास और प्रतिष्ठा के नये मानक बनाये हैं। अमित शाह.



# सामाजिक उत्थान

## अंतर्दृष्टि

नागरिकों का चरित्र समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में महती भूमिका निभाता है। राष्ट्र के उत्थान के लिए यह जरूरी है कि बालकों के व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण की कोशिश होनी चाहिए। बालकों के चरित्र निर्माण के लिए यह जरूरी है कि उनमें दुनियादारी की समझ विकसित होने का पूरा मौका देना चाहिए। ऐसा न हो कि हम उन्हें हमेशा बालक ही समझकर व्यवहार करते रहें। चरित्र निर्माण के विषय में एक खास बात यह है कि हम उसे सदैव निष्क्रिय और पराश्रित बनाये रखने का प्रयत्न न करें। यह सच है कि बालक मनुष्य के लिए परम आनन्द का साधन होता है। जिसके घर में बालक नहीं, उसके घर में आनन्द नहीं। आनन्द का ऐसा यथेष्ट उपयोग करने के लिए मनुष्य आकाश-पाताल एक कर देता है। हमारे समाज में भी बांझपन, अपशकुन और अभाग्य का कारण माना जाता है। बांझपन का कलंक टालने के लिए स्त्री-पुरुष अपने वश भर कोई बात उठा नहीं रखते। घर में पालना बंध जाने से जो आनन्द प्राप्त हो सकता है, उसकी तुलना में दूसरे किसी आनन्द से नहीं की जा सकती। यह आनन्द देह और देही दोनों का है। इस परम आनन्द ने ही संसार की सततृता को बनाये रखा और मनुष्य की शुभ वृत्तियों को हमेशा ऊपर चढ़ाया है। ऊर्ध्वगामी बनाया है। यह मनुष्य के आनन्द का जनक है। जब ऐसे आध्यात्मिक आनन्द को देने वाला कोई पात्र परिवार में जन्म लेता है तो वह न केवल अपने माता-पिता के, बल्कि सब किसी के आनन्द का साधन बन जाता है। उसे देखकर सब आनन्द मग्न हो जाते हैं। उसे गोद में लेकर सब कोई तृप्ति का अनुभव करते हैं। उसके कारण सारा परिवार आनन्द से परिप्लावित रहता है। बालक के आनन्द में माता-पिता का सच्चा आनन्द समाया हुआ है। जब बालक का आनन्द लुप्त होता है, तो माता-पिता का आनन्द भी जाता रहता है। बालक सममूचे कुटुम्ब के आनन्द का केन्द्र बन जाता है। कुटुम्ब के परिचित लोग भी बालक को देखकर खुश होते हैं और एक प्रकार के गहरे आनन्द का अनुभव करते हैं। किन्तु जैसे-जैसे समय बीतता गया, वैसे-वैसे इस आनन्द की कक्षा और इसका प्रवाह बदलता रहता है। सब किसी के आनन्द का कारण बनने वाला धीरे-धीरे सबके आनन्द का स्थूल और स्वार्थी साधन बनने लगता है। माता-पिता और बड़े-बूढ़े समझते नहीं कि बालक का भी अपना आननद होता है। जन्म के बाद तुरंत ही जो बालक अपनी रक्षा और अपने पोषण की अपेक्षा रखता है और अपने ढंग से अपना विकास करने लगता है। वह धीरे-धीरे समझदार और सशक्त भी बनता जाता है। बालक के लिए कामों को करने में माता-पिता को जो आनन्द मिलता है अथवा घर के बड़ों बूढ़ों द्वारा जो काम या आयोजन बच्चों के लिए, बच्चों का पोषण करने की दृष्टि से किये जाते हैं उनसे हमेशा आनन्द मिलता ही है।

# चुनाव हारे नेता के आंसू

## व्यंग्यलोक

नेताजी दहाडें मारकर रोते हुए मेरे घर आये। बोले- मैं बर्बाद हो गया शर्मा, मुझे बचा लो। मैं बोला-आखिर हुआ क्या है बलराम जी? वे और जोर से रोने लगे। रोते-रोते ही बोले-मैं चुनाव हार गया? मैंने कहा-देखिये चुनाव में एक ही जीतता है। दूसरों को तो हारना ही होता है। आप द्यैर्य रखें, आगे और चुनाव हैं। मौके खत्म थोड़े ही हुये हैं। सब ठीक हो जायेगा। मैंने सब कुछ दांव पर लगा दिया शर्मा। मैं कंगाल हो गया। जीप वाला, ढाबे वाला, माइकवाला और उधारी मांगने वाले मुझे ढूंढ रहे हैं। मैं करूं तो क्या करूं? वे बोले। उन्हें कहो कि पार्टी से पैसा मिलेगा तब चुका दूंगा उधारी। कोई ज्यादा ही दादागिरी करे तो आप भी गुण्डई पर उतर आयें। मांगना भूल जायेगा। मैंने कहा मुझे कहीं छिपा दो शर्मा। मैं किस मुंह से जनता केसामने जाऊं। मैंने सब्जबागों के वादे किये थे, लेकिन वोटरने मेरी जमानत जब्त करा दी। बलराम जी बोले। राजनेता होकर कैसी कायरों वाली बातें कर रहे हो? थोड़ा तो नेतागिरी का हौंसला पैदा करो और सबको धताबता दो। आप तो जब प्रधान थे तो मनरेगा में लाखों का घोटाला कर चुके हैं। घबराने की क्या बात है। मैंने कहा तो वे बोले- सब डूब गया। मेरी काली कमाई सब निकल गई। सोचा था, चुनाव बाद कई गुना कमाकर घर भर लूंगा। शर्मा मेरे सपनों पर पानी फिर गया। जीतने वाला चांदी काटेगा। आपको निराश होने की जरूरत नहीं है बलराम जी, दिन आपके भी फिरेंगे। देखना मध्यावधि चुनाव होंगे। ये गठबंधन चलने वाला नहीं है। हिम्मत से काम लें। मैंने कहा तो उन्होंने अपनी रोनी सूरत को शांत किया और बोले आपको पक्का विश्वास है कि मध्यावधि होंगे! सच मजा आ जायेगा। अबकी बार मैं सारे पैंतरे काम में ले लूंगा। देखना जनता को मूर्ख बनाने में मैं कोई कमी नहीं छोडूंगा। दरअसल सामने वाले ने खुलकरनोट बांटे थे और मैं पार्टी से मिला पैसा बचाने मैं मारा गया। वैसे शराब का तो मयखाना मैंने भी वोटर के लिए खोल दिया था। लेकिन भाई आजकल नोट के बदले वोट का जमाना है। मंहगाई के मारे वोटरों को नकद चाहिए। वह सब तो ठीक है, लेकिन मध्यावधि में मान लो पार्टी आपको टिकट नहीं दिया तो क्या करोगे? मैंने पूछा तो वे हौंसले से बोले निर्दलीय लड़ पडूंगा। आजकल निर्दलियों की भी चांदी है। आयडिया तो बुरा नहीं है बलराम जी। लेकिन चुनावजीतना जरूरी है, इस तरह माल मारने के लिए। मैंने कहा तो वे उछल पड़े, चिंता मत करो शर्मा। खजाना खोल दूंगा। अभी मैंजो रो रहा था न, वे घड़ियाली आंसू थे। चिंता की बात नहीं है, देखना मध्यवधि में मैं क्या गुल खिलाता हूँ। यह कहकर वे चल दिये। मैंने राहत की सांस ली कि आयी बला टली। नेता का दिल वाकई बहुतपक्का होता है। वह रोता भी है तो उसका कोई मकसद होताहै।



पूरन सरमा

# मानसून के दिनों में अपने स्वास्थ्य के प्रति रहें सतर्क



स्वास्थ्य

डॉ.माजिद अलीम

भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत दिलाता है यह मानसून का मौसम। मानसून की शुरूआत होते ही मौसम में बदलाव आ जाता है और इसके साथ ही हमें अपनी दिनचर्या में कई तरह के बदलाव करने होते हैं, ताकि हम इस मौसम में अपने आपको स्वस्थ रख सकें। बारिश के दिनों में कई तरह के इंफेक्शन होने के खतरे बढ़ जाते हैं। गला सूखना, वायरल इंफेक्शन, फंगल इंफेक्शन और पानी की कमी जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इस मौसम को हम पूरी तरह एंज्वॉय नहीं कर पाते। ..तो इस बार बादलों को देखकर, खुश होकर क्यों न बारिश में मस्ती की जाए। बस थोड़ा सा अपने स्वास्थ्य का अगर हम ध्यान रखते हैं तो इस मौसम में हम बीमार पड़ने से बच सकते हैं।

**अपने खानपान पर ध्यान दें**

शरीर में पानी की कमी को पूरी करने के लिए अलग अलग तरह की हर्ब्स का इस्तेमाल करें। शरीर से बैक्टीरिया बाहर निकालने के लिए हर्बल चाय बेहद फायदेमंद होती है। इसके अलावा दालचीनी, अदरक, पुदीना भी हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखते हैं। इन दिनों रात के समय ज्यादा मसालेदार खाना नहीं खाना चाहिए। क्योंकि रात के समय इस तरह के खाने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है और गैस, अपच, खटी डकारें आने की दिक्कत होती है। रात के समय कम नमक वाला खाना, खाना चाहिए।

मौसमी सब्जियां और फल खाने चाहिए। भुनी मूंगफली, चने, उबला मक्का यह हमारे स्वास्थ्य को दुरुस्त रखते हैं। इन्हें जब हम भूनकर या उबालकर खाते हैं तो उस समय उनमें बटर या ऑयल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। गलत खानपान की वजह से अगर आपको वजन बढ़ने की समस्या है, तो अपने खाने में ज्यादा तला, भुना न लें। ज्यादा अचार और दूसरे तेल में तले स्नैक्स खाने से बचें। अचार को खराब होने से बचाने के लिए हमेशा साफ और सूखे चम्मच का इस्तेमाल करें ताकि इन दिनों अचार खराब होने की समस्या न पैदा हो।

**ज्यादा समय तक पानी में न रहें**

मानसून के दिनों में त्वचा संबंधी रोग होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। गंदे पानी के कारण पैरों में भी फंगल इंफेक्शन हो सकता है। बाहर से आने के बाद अपने पैरों को अच्छी तरह से धोने के बाद उनमें टेलकम पाउडर का इस्तेमाल करें। अंडरआर्म्स के पसीने को सुखाने के लिए भी टेलकम पाउडर लगाएं। सिर धोने के बाद या गीले कपड़ो में एयरकंडीशन वाले कमरे में अचानक अंदर आने से आपको ठंड लग सकती है, इससे बचें। ऑफिस जाने के दौरान अगर आप बारिश में भीग जाते हैं तो अपने साथ एक्स्ट्रा कपड़े रखें ताकि लंबे समय तक गीले कपड़ों में न रहना पड़े और इससे किसी तरह का फंगल इंफेक्शन आपको न हो। बाहर से आने के बाद यदि बारिश में भीग जाते हैं तो आते ही अपने सिर और पैरों को किसी सूखे कपड़े से साफ करें।

**गर्मी, मानसून के दिनों में वायरल इन्फेक्शन, फंगल इन्फेक्शन, गला सूखना और पानी की कमी जैसी समस्याएं प्राय: हो जाती हैं, इनसे बचना जरूरी है।**

बारिश के मौसम में बहुत सारे बैक्टीरिया, वायरस और फंगस पूरे वातावरण में होते हैं। इन दिनों बाहर का खाना न खाएं और डेयरी प्रोडक्ट्स जिनमें ज्यादा गर्मी और नर्मी के कारण बैक्टीरिया पैदा होने की आशंका होती है, उससे भी कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं। इसलिए पनीर, दूध, दही और चीज जहां तक हो सके ताजा और घर का बना ही खाएं। क्योंकि इनमें बारिश के दिनों में सबसे जल्दी बैक्टीरिया पैदा होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य को खराब करते हैं। नहाने के लिए किसी एंटीसेप्टिक साबुन का इस्तेमाल करें या पानी में एक रात पहले ही नीम की पत्तियों को भिगोकर रखें और इससे अपने बालों को धोएं। बालों में तेल लगाने के लिए भी उसमें नीम की पत्तियों को तेल में डालकर तेल को जलाकर लगाएं ..ताकि किसी तरह का फंगल इंफेक्शन होने के खतरों को कम किया जा सके।

## आप की बात

### संसाधनों का वितरण

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

**मधुकर वर्मा, लखनऊ.**

### रोजगार के बढ़ते मौके

उत्तर प्रदेश में निवेश का जो माहौल बना है उससे आने वाले दिनों में विकास तेज होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। दरअसल अस्थिर और जातिवादी व साम्प्रदायिक राजनीति के कारण प्रगति के मामले में यूपी बहुत पीछे छूट गया था, लेकिन अब निवेश बढ़ने का जो सिलसिला शुरू हुआ है उससे यूपी के विकास को जरूर पंख लगेंगे। नब्बे के दशक में जब विषम आर्थिक परिस्थितियों और भुगतान संतुलन के गंभीर संकट के बीच आर्थिक सुधारों की दिशा में देश आगे बढ़ा तब उत्तर प्रदेश देश के साथ कदमताल नहीं कर सका। उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की धारा में गुजरात, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत के राज्य और दिल्ली-एनसीआर व हरियाणा तक तेजी से आगे बढ़े जिसके कारण यहां तेज औद्योगिक विकास हुआ और बड़े पैमाने पर अवसरों का सृजन हुआ जिसके कारण यहां के लोगों के जीवन में भी सुधार देखने मिला। उत्तर प्रदेश सियासी अस्थिरता के कारण करीब-करीब दो दशक पीछे छूट गया। नब्बे के दशक में निवेश और औद्योगिक विकास की जो धारा बही उसका लाभ उत्तर प्रदेश को नहीं मिला क्योंकि यहां सियासी अस्थिरता ओर भागीदारी वाली राजनीति के कारण किसी की दिलचस्पी विकास में नहीं थी, सबके सब प्रदेश में उपलब्ध संसाधनों, केन्द्र से मिले धन के बल पर अपनी सियासत चमका रहे थे। सरकारी नौकरियों, पदों और ठेको-पट्टों पर कब्जे के जरिया सियासी और व्यक्तिगत स्वार्थ साधने की राजनीति चरम पर थी। ऐसे दौर में प्रदेश के सियासी नेतृत्व में वह दृष्टि थी ही नहीं जिससे प्रदेश की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन अब माहौल बदला है।

**सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## टोल फ्री नम्बर के माध्यम से किसानों की सुलझेंगी समस्याएं

ललितपुर। उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त किसानों को अवगत कराया है कि कृषि मंत्री, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में विगत माह लखनऊ में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया था कि कृषि विभाग द्वारा प्रदेश में कार्यरत बीमा कम्पनियों के समन्वय से एक संयुक्त टोल फ्री नम्बर 0522-2317003 विकसित किया जाये, जिस पर कृषकों की समस्याओं, जिज्ञासाओं का समाधान कराया जायेगा एवं उन्हें जानकारियां प्राप्त करायी जायेगी और उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उपनिदेशक कृषि ने बताया कि जनपद के समस्त किसान भाईयों से अनुरोध है कि वह कृषि एवं फसल बीमा से संबंधित समस्याओं एवं जिज्ञासाओं हेतु कृषि विभाग में स्थापित किसान कॉल सेंटर के टोल फ्री नम्बर 0522-2317003 पर सम्पर्क कर समस्याओं का समाधान करायें।

## कोछा बाजार में खुलेगी पुलिस चौकी

अयोध्या। जनपद की कानून व्यवस्था एवं पुलिसिंग को सुदृढ़ एवं सुगम बनाये जाने को लेकर थाना चैकी की स्थापना का कार्य जारी है। नित नई अस्थाई पुलिस चैकी का निर्माण किया जा रहा है। लखनऊ हाईवे पर मवई और सुचितागंज में अस्थाई पुलिस चैकी घोषित किए जाने के बाद एसएसपी ने अब प्रयागराज हाईवे पर कोछा बाजार में अस्थाई पुलिस चैकी के संचालन को हरी झंडी दी है। साथ ही इस पुलिस चैकी का क्षेत्राधिकार घोषित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा गौरव ग्रोवर की ओर से बीकापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित अस्थाई नवीन चैकी कोछा बाजार में कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर पारा, बेला ताजपुर, मरूई सहाय सिंह, ग्यासुद्दीनपुर, कोडरा, मुसलमीन, शिवतर, करौंदीमाफी, गौजा, हरिहरपुर, कोडरा ब्रह्मनान, रजौरा, देवापुर, बढ़नपुर, सरायखर्गी, सफीपुर, कादीपुर, वासुपुर, असरेवा, मोहम्मदपुर, हदयीपुर, मौरांवा, विशेश्वरपुर, सोनवर्षा मुसलमीन, अमावां, पूरे वंशवन, असकरपुर, मजरूद्दीनपुर, भग्गूजलालपुर, बल्लीपुर, सहजपुर, डेहरियावां, सैनपुर, सेंधूतारा, मुमारिचनगर और कोछा बाजार गांव शामिल किए गए हैं।

# आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात ने ढाया कहर



ललितपुर। ग्राम पंचायत कचनौदा अंतर्गत राजस्व ग्राम खोंखरा में 9 जून को आई बेमौसम आंधी, तेज बारिश, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचा दी। प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मौके पर जांच टीम भेजने, पीड़ितों को मुआवजा दिलाने तथा घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

- मकान क्षतिग्रस्त, पेड़ उखड़े, 50 से अधिक लोग घायल होने का किया दावा
- मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन के अनुसार 9 जून की शाम लगभग 3.30 बजे अचानक तेज आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और वज्रपात शुरू हो गया, जिससे गांव में व्यापक नुकसान हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण सैकड़ों मकानों की छतें उड़ गईं, कई पेड़ धराशायी हो गए और लोगों की घरेलू संपत्ति को भी भारी क्षति पहुंची। ज्ञापन में दावा किया गया है कि आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 50 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से कई का उपचार जिला अस्पताल ललितपुर में चल रहा है, जबकि कुछ गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन अब तक मौके पर कोई प्रभावी सर्वेक्षण या राहत कार्य नहीं कराया गया है। इससे प्रभावित परिवारों में नाराजगी बनी हुई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि राजस्व एवं संबंधित विभागों की टीम भेजकर नुकसान का आकलन कराया जाए। साथ ही जिन परिवारों के मकान, पशु या अन्य संपत्ति को क्षति पहुंची है, उन्हें शासन की ओर से निर्धारित मुआवजा दिलाया जाए। घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने तथा आपदा राहत मद से आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा ने कई परिवारों के सामने संकट खड़ा कर दिया है। ऐसे में शासन-प्रशासन को तत्काल राहत एवं पुनर्वास कार्य शुरू करना चाहिए ताकि प्रभावित परिवारों को सहायता मिल सके।

## पैमाइश को लेकर ग्रामीणों का विरोध, लेखपाल-कानूनगो पर लगाया मनमानी करने का आरोप



ललितपुर। तहसील सदर के मौजा भगवाहा में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के दौरान भूमि पैमाइश को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लेखपाल और कानूनगो पर मनमाने ढंग से पैमाइश करने का आरोप लगाया है तथा निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मौजा भगवाहा में चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत भूमि की पैमाइश की जा रही है, लेकिन यह कार्य निष्पक्ष तरीके से नहीं किया जा रहा। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पैमाइश के दौरान जमीन की वास्तविक स्थिति और मूल तथ्यों की अनदेखी की जा रही है, जिससे कई किसानों और ग्रामीणों को नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि मौजूदा पैमाइश प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और लोगों की आपत्तियों को भी गंभीरता से नहीं सुना जा रहा। इससे गांव में असंतोष का माहौल है और कई लोग अपने अधिकारों को लेकर चिंतित हैं। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि वर्तमान लेखपाल और कानूनगो को हटाकर किसी अन्य राजस्व अधिकारी अथवा स्वतंत्र टीम से दोबारा पैमाइश कराई जाए, ताकि सभी पक्षों को न्याय मिल सके। साथ ही जब तक मामले का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक संबंधित भूमि पर चल रही पैमाइश प्रक्रिया को रोकने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि निष्पक्ष पैमाइश से ही गांव में विवाद समाप्त हो सकेगा और लोगों का प्रशासन पर विश्वास बना रहेगा।

## अवैध कब्जे के खिलाफ ग्रामीण एकजुट



फतेहपुर। थाना गाजीपुर के ग्राम शाह अयाह के पीड़ित हरि ओम ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि खाद गड्ढे की जमीन में जबरन गुंडे के बल पर मकान बनाएं जाने के संबंध में सूचना पिछली बार भी दी जा चुकी है परंतु कार्यवाही न होने के कारण आज मजबूरन पीड़ित जनों को दोबारा प्रार्थना पत्र देना पड़ रहा है पीड़ित गण अनुसूचित जाति के व्यक्ति हैं जिनकी उपजाति चमार है विदित हो कि खाद गड्ढे की जमीन पर गुंडे के बल पर सुधीर शुक्ला व कल्लू शुक्ला मटरू शुक्ला सुनील शुक्ला पुत्र गण स्वर्गीय रामखेलावन ने जबरन पक्के पिलर खड़े करके मकान निर्माण कार्य करा रहे जिनका जमीन का खाता संख्या 3248 रब्बा 0.07 29 हैकटेयर जो लेखपाल से सांठ-गांठ करके मकान बना रहा है जो कि कानून के विरुद्ध है पीड़ित गणो के मना करने पर गाली गलौज वह अभद्र भाषा तथा जान से मारने की धमकी देता है अतः आपसे निवेदन है कि उपरोक्त लोगों के विरुद्ध जनहित में ध्यान रखते हुए कानूनी कार्रवाई करने व निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया जायें। इस मौके पर हरिओम संदीप कुमार कुलदीप कुमार श्री चंद राकेश छोटे सौरभ विपिन कुमार राजू सुरेंद्र रामगोपाल मेवा लाल सीताराम उषा राकेश रिंकू जितेंद्र हरिश्चंद्र राजकुमार राम किशोर श्री चंद रामपाल हीरालाल सावित्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने किया पेयजल योजना का शुभारंभ

फतेहपुर। जनपद प्राथमिकता वाले कार्यक्रम जल जीवन मिशन के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत बरुहा में एक भव्य जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अयाह शाह व विकास गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर विधायक अयाह शाह ने ग्रामवासियों की मौजूदगी में बरुहा पेयजल योजना का औपचारिक लोकार्पण भी किया।वार्षिक रूप से संचालित योजनाविधायक ने बताया कि यह पेयजल योजना पिछले एक वर्ष से ग्राम में नियमित रूप से संचालित हो रही है तथा सप्लाई किए जाने वाले पानी में नियमित क्लोरीन परीक्षण एवं साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना का मकसद प्रत्येक घर तक शुद्ध, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँचाना है, जिससे जलजनित रोगों में कमी आए और ग्रामीणों की आरोग्य स्थिति सुधरे।विधायक का सम्बोधन और जल-संरक्षण पर आवाहनविधायक अयाह शाह ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ पानी पीने से पंचायत के लोगों की स्वास्थ्य देखभाल पर होने वाला खर्च भी कम होगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे पानी की बबार्दी न करें, जल संरक्षण और जल संचयन को अपनाएँ तथा वर्षा जल को संरक्षित कर आगे के उपयोग के लिए संजोएँ। उन्होंने कहा कि एक-एक बूंद कीमती है और सामूहिक प्रयास से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है।प्रशासन व एजेंसी को सराहनाइस अवसर पर विधायक ने अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम, निर्माण कंपनी तथा जल जीवन मिशन की समस्त टीम के समर्पण और प्रभावी कार्यान्वयन की प्रशंसा की। विधायक ने कहा कि लोकहित के ये कार्य तभी सफल होते हैं जब प्रशासनिक अधिकारियों, तकनीकी टीम और ग्रामवासियों के सहयोग से योजनाओं को सही दिशा मिलती है।स्थानीय अधिकारियों के वक्तव्यअधिशासी अभियंता अनुराग गौतम ने कहा कि परियोजना की गुणवत्ता तथा पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर मॉनिटरिंग और मेंटेनेंस कार्य होते रहेंगे।सहायक अभियंता कैलाश चंद्र व अवर अभियंता पिंटू कुमार ने तकनीकी बिंदुओं पर जानकारी दी और परियोजना से जुड़ी नियमित सप्लाई तथाक्लोरीनिंग प्रक्रिया के बारे में आश्वासन दिया।

## मेडिकल कॉलेज में प्रत्येक बुधवार को लगेगा दिव्यांगता प्रमाणपत्र बोर्ड

जिला संवाददाता

ललितपुर। दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब दिव्यांगता प्रमाणपत्र (डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट) जारी करने के लिए प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से विकलांगता बोर्ड (डिसेबिलिटी बोर्ड) का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने अथवा संबंधित चिकित्सकीय परीक्षण कराने के इच्छुक आवेदकों को निर्धारित दिवस पर उपस्थित होकर अपनी जांच करानी होगी। यह बोर्ड प्रत्येक बुधवार को सुबह 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित किया जाएगा। विकलांगता बोर्ड का आयोजन 300 शैय्या चिकित्सालय (300 बेड हॉस्पिटल) के प्रथम तल स्थित कक्ष संख्या-09 में किया जाएगा। बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने वाले आवेदकों को अपने आवश्यक दस्तावेज एवं अभिलेख साथ लाने होंगे, ताकि परीक्षण एवं प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि इस व्यवस्था से जिले के दिव्यांगजनों को समयबद्ध तरीके से प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। साथ ही उन्हें प्रमाणपत्र बनवाने के लिए बार-बार अस्पताल के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला ने जनसामान्य से अपील की है कि दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दिन एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

- दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र बनवाने के लिए अब नहीं करनी पड़ेगी लंबी प्रतीक्षा
- बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने वाले आवेदकों को अपने आवश्यक दस्तावेज एवं अभिलेख साथ लाने होंगे

## विटामिन-ए संपूरण अभियान का शुभारंभ



जिला संवाददाता

ललितपुर। जिला चिकित्सालय स्थित प्रसवोत्तर केन्द्र में बुधवार को विटामिन-ए संपूरण अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण द्वारा किया गया। अभियान का उद्देश्य 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाना तथा उन्हें रतौंधी और कुपोषण जैसी समस्याओं से बचाना है। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि यह अभियान पूरे जनपद में एक माह तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों को निशुल्क विटामिन-ए की खुराक उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है

- एक माह तक बच्चों को दी जायेगी खुराक

और यह उनकी रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैद्य ने बताया कि 9 से 12 माह तक के बच्चों को आधा चम्मच (1 एमएल) तथा 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरा चम्मच (2 एमएल) विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। अभियान संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा बहुओं की सहायता से पात्र बच्चों की सूची पहले से तैयार कर ली गई है, जिससे कोई भी बच्चा लाभ से वंचित न रहे। डा.सौरभ ने बताया कि प्रदेश में यह कार्यक्रम वर्ष में दो बार, छह माह के अंतराल पर संचालित किया जाता है। 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को कुल नौ निर्धारित खुराकें दी जाती हैं। विटामिन-ए एक वसा में घुलनशील पोषक तत्व है, जो बच्चों को रतौंधी और कुपोषण से बचाने में मदद करता है। इस दौरान सत्र स्थलों पर बच्चों का वजन भी किया जाएगा तथा अभिभावकों को विटामिन-ए के महत्व, स्तनपान और पूरक पोषण संबंधी जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने दवा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ एक्सपायरी तिथि की जांच, खुराक का सही मापन और अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। मौके पर प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला, परामर्शी चिकित्सक डा.हुसैन खान, चिकित्सा अधिकारी डा.राजेश भारती, आरआरटी जेएसआई सबा परवीन सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध लकड़ी से भरे ट्रक और ट्रैक्टर पकड़े आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। जनपद की वन संपदा पिछले अनेकों वर्षों से लकडी माफियाओं की गिरफ्त में है। लगातार वन कटान होने से जंगल का क्षेत्रफल भी कम होता जा रहा है। वहीं वन विभाग कार्यवाही करने की बात करता है। वन विभाग द्वारा अवैध वृक्ष कटान और अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वन विभाग की टीम ने तालबेहट एवं माताटीला रेंज में छापेमारी कर अवैध रूप से काटी गई लकड़ी से भरे एक ट्रक और एक ट्रैक्टर को पकड़कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है। डीएफओ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 9 जून 2026 को तालबेहट रेंज क्षेत्र में अवैध कटान कर परिवहन की जा रही चिलबिल एवं गूंज प्रजाति की लकड़ी से लदा एक ट्रक पकड़ा गया। वन विभाग की टीम ने वाहन को कब्जे में लेकर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। इसके बाद 10 जून 2026 को वन विभाग ने माताटीला रेंज और तालबेहट रेंज में संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध रूप से काटे गए पेड़ों की लकड़ी को एक ट्रक एवं एक ट्रैक्टर पर लादकर ले जाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने दोनों वाहनों को पकड़ लिया और आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अवैध वृक्ष कटान और वन संपदा की तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। वन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध कटान या वन संपदा के अवैध परिवहन की जानकारी मिले तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण और वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## नमामि गंगे योजना की खुदाई बनी मुसीबत

जिला संवाददाता

ललितपुर। डोडाघाट तालाबपुरा स्थित ज्वाला मंदिर के पास गली में नमामि गंगे योजना के तहत कराए गए कार्यों की लापरवाही से स्थानीय नागरिकों का जीवन प्रभावित हो गया है। पाइपलाइन बिछाने के लिए करीब डेढ़ माह पहले खोदी गई सड़क आज तक दुरुस्त नहीं कराई गई, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। नाराज नागरिकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है तथा समस्या का समाधान न होने पर धरना-प्रदर्शन और अनशन की चेतावनी दी है।

- पाइपलाइन बिछाने के लिए करीब डेढ़ माह पहले खोदी गई सड़क आज तक दुरुस्त नहीं करायी गयी
- डेढ़ माह से बदहाल सड़क पर फूटा रहवासियों का गुस्सा
- मोहल्लावासी सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन और अनशन करने को मजबूर होंगे

मोहल्लावासियों के अनुसार 23 अप्रैल 2026 को नमामि गंगे योजना के अंतर्गत पाइपलाइन डालने के लिए गली की सड़क खोदी गई थी। पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के बावजूद सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया। परिणामस्वरूप पूरी गली में गहरे गड्ढे, उखड़ी सड़क और मलबे के ढेर पड़े हुए हैं, जिससे लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि आए दिन बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बरसात शुरू होने के साथ ही स्थिति और गंभीर हो गई है। नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे कीचड़ और दुर्गंध फैल रही है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। मोहल्लावासियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित सुपरवाइजर और ठेकेदार को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ठेकेदार ने उनकी बात सुनने के बजाय अभद्र व्यवहार किया और यह तक कह दिया कि जहां शिकायत करनी हो कर दो। इस रवैये से क्षेत्रीय लोगों में रोष और बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा तत्काल सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मोहल्लावासी सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन और अनशन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायत पत्र पर अंशुमन साहू, सुमित साहू, देवेन्द्र साहू, रूपेश साहू, राहुल विश्वकर्मा, आशीष साहू, रामगोपाल साहू, सुरेन्द्र, देवी, शुभांशु, खेमचंद, जगतराम, सुरेश कुमार, राजकुमार, हरगोविंद सहित बड़ी संख्या में मोहल्लावासियों के हस्ताक्षर हैं।

## संस्कार वैली एकेडमी पर एक लाख रुपये का जुर्माना

ललितपुर। जनपदीय शुल्क नियामक समिति ने निजी विद्यालयों में शुल्क विनियमन एवं नियमों के पालन को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए संस्कार वैली एकेडमी, हरदीला पर एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। विद्यालय पर छात्रों और अभिभावकों को विशेष दुकानों से पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य करने का आरोप सिद्ध होने के बाद यह कार्रवाई की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जनपदीय शुल्क नियामक समिति के सदस्य सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस संबंध में प्राप्त शिकायत पर 21 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में जनपदीय शुल्क नियामक समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में शिकायतकर्ता राजाराम साहू, निवासी आनंदपुर आश्रम के पास, राजघाट रोड, पिसनारी बाग, ललितपुर तथा विद्यालय प्रबंधन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जांच के दौरान समिति के समक्ष यह तथ्य सामने आया कि विद्यालय द्वारा पुस्तकों की खरीद के लिए वितरित किए गए पंपलेट में लकी बुक डिपो और राजीव बुक डिपो के नाम स्पष्ट रूप से अंकित थे। समिति ने पाया कि कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को इन्हीं दुकानों से पुस्तकें खरीदने के लिए प्रेरित एवं बाध्य किया गया। विद्यालय प्रबंधन इस संबंध में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं कर सका।

- अभिभावकों को विशेष दुकानों से किताबें खरीदने के लिए किया था बाध्य
- जनपदीय शुल्क नियामक समिति की कार्रवाई, शुल्क विनियमन अधिनियम के उल्लंघन का मामला

इसके बाद समिति ने इसे उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम-2018 की धारा-3(10) का स्पष्ट उल्लंघन माना। समिति ने अधिनियम की धारा-8(10)(क) के तहत विद्यालय प्रबंधन पर एक लाख रुपये का दंड अधिरोपित किया है।

साथ ही विद्यालय को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित अर्थदंड नियमानुसार जमा कर उसकी रसीद एवं चालान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, ललितपुर के माध्यम से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में उपलब्ध कराएं। इस कार्रवाई को निजी विद्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अभिभावकों के हितों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## साइबर ठगों के निशाने पर

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिले में साइबर अपराध का एक चैंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस लाइन में तैनात एक पुलिसकर्मी ही साइबर ठगी का शिकार हो गया।

अज्ञात साइबर जालसाज ने फोन कॉल के माध्यम से झांसे में लेकर उसके बैंक खाते से एक लाख रुपये की रकम पार कर दी। पुलिस द्वारा प्रारंभिक स्तर पर कार्रवाई न किए जाने के बाद पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर अब कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लाइन में रहने वाले अजय कुमार पुत्र सुरेन्द्र के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया।

- पुलिसकर्मी के खाते से उड़ाए एक लाख रुपये, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

बातचीत के दौरान आरोपी ने किसी बहाने से उन्हें अपने जाल में फंसाया और उनके बैंक ऑफ बड़ौदा, फतेहपुर शाखा स्थित खाते से एक लाख रुपये की धनराशि निकाल ली। खाते से रकम कटने का संदेश मिलने पर अजय कुमार ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर साइबर सेल में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद संबंधित धनराशि को बैंक खाते में ही होल्ड करा दिया गया।

हालांकि पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने साइबर थाना एवं कोतवाली में लिखित शिकायत देने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस से न्याय न मिलने पर अजय कुमार ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में बीएनएसएस की धारा 173(4) के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने 9 जून 2026 को अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-डी के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया है।

## चोरी की चार बाइक के साथ गोंडा निवासी दो गिरफ्तार



अयोध्या। अयोध्या कोतवाली पुलिस ने रामनगरी के विभिन्न स्थलों से श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों के वाहन पर हाथ साफ करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की चार मोटर साईकिल बरामद की है। बुधवार को क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अयोध्या कोतवाली पंकज कुमार सिंह की पुलिस टीम ने सरजू नगर कालोनी के पास जंगल से महेश तिवारी (20 वर्ष) निवासी सोनी हरलाल कोतवाली नगर जिला गोण्डा और शिवाकान्त तिवारी उर्फ वीरु (19 वर्ष) निवासी सोनी हरलाल कोतवाली नगर जिला गोण्डा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल चार मोटरसाइकिल यूपी 42 एजे 1070, यूपी 51एएम 8957, यूपी 42 बीडी 7248 और यूपी 32 केडब्ल्यू 6159 बरामद हुई है। बाइक चोरी के तीन मामलों में पीड़ितों की ओर से अज्ञात के खिलाफ वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एक बाइक इन्होंने अन्य थाना क्षेत्र से चोरी करने की बात कबूल की है।

उन्होंने बताया कि महेश तिवारी के खिलाफ पहले से अयोध्या कोतवाली और गोंडा में चोरी और धोखाधड़ी के चार तथा शिवाकान्त तिवारी उर्फ वीरु के खिलाफ अयोध्या कोतवाली व गोंडा में चोरी के कुल दो मामले दर्ज मिले हैं। सीओ ने बताया कि दर्ज बाइक चोरी के मामलों में बरामदगी की धारा बढ़ा दोनों का मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया गया है।

## सहकारी समिति में सचिव पद को लेकर विवाद गहराया, सहकारिता विभाग ने मांगा स्पष्टीकरण

ललितपुर। जिले की एक सहकारी समिति में सचिव पद पर सेवा विस्तार और अतिरिक्त प्रभार को लेकर विवाद गहरा गया है। सहकारिता विभाग के अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (प्रशासन), उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी पत्र के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

विभाग ने संबंधित अधिकारियों से नियमों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सहकारिता विभाग उत्तर प्रदेश के अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (प्रशासन) अनिल कुमार सिंह द्वारा 1 जून 2026 को जारी पत्र में ललितपुर के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता से एक प्रकरण पर स्पष्टीकरण और आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में जारी एक आदेश के तहत एक सेवानिवृत्त सचिव को वी-पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति) में सेवा विस्तार प्रदान करते हुए क्रय-विक्रय समिति ललितपुर में कार्य करने की अनुमति दिए जाने के संबंध में मार्गदर्शन मांगा गया था।

- अपर आयुक्त ने भेजा पत्र, नियमों के विरुद्ध सेवा विस्तार और प्रभार को लेकर उठे सवाल

अपर आयुक्त ने अपने पत्र में उत्तर प्रदेश सहकारी समितियां नियमावली, 1968 के नियम 127 का हवाला देते हुए स्पष्ट किया है कि सचिव की नियमित नियुक्ति होने तक समिति की प्रबंध समिति किसी उपयुक्त व्यक्ति को अस्थायी सचिव के रूप में नियुक्त कर सकती है। हालांकि ऐसी नियुक्ति सीमित अवधि और निर्धारित नियमों के अंतर्गत ही मान्य होगी। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि नियमावली में अतिरिक्त प्रभार के आधार पर संचालक समितियों को कोई विशेष अधिकार प्रदान नहीं किए गए हैं। ऐसे में संबंधित प्रकरण में नियमों के अनुरूप कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा जताई गई है। विभागीय पत्र सामने आने के बाद सहकारी क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। पत्र से संकेत मिलता है कि सचिव पद पर सेवा विस्तार अथवा अतिरिक्त प्रभार देने की प्रक्रिया को लेकर विभाग गंभीर है और किसी भी प्रकार की नियुक्ति या कार्य व्यवस्था नियमों के अनुरूप ही की जानी चाहिए। अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (प्रशासन) ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता ललितपुर को निर्देशित किया है कि मामले की समीक्षा कर नियमावली के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विभागीय पत्र के बाद अब स्थानीय स्तर पर इस मामले में आगे की कार्रवाई पर नजर बनी हुई है। सहकारिता विभाग के इस पत्र को जनपद की सहकारी समितियों में प्रशासनिक पारदर्शिता और नियमों के पालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## गांजा के साथ गिरफ्तार

अयोध्या। कैण्ट थाना पुलिस ने शहर के चर्चित स्मैक कारोबारी को 1100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की चेकिंग के दौरान सटीक सूचना के आधार पर बिंदू कुमार अग्रवाल (54 वर्ष) निवासी दालमंडी फतेहगंज कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया है। जामा तलाशी में उसके पास से कुल एक किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। गांजा बरामद होने के कारण बिंदु अग्रवाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बिंदु अग्रवाल के खिलाफ थाना कैंट और कोतवाली नगर में एनडीपीएस एक्ट, आयुध अधिनियम और चोरी का माल बरामद होने के कुल 14 मामले पहले से दर्ज मिले हैं।

## संक्षेप

### माइंडमाइंस समिट 2026 में नीति निर्माता उद्योगपति और परिवर्तनकर्ता होंगे शामिल

नई दिल्ली। हीरो एंटरप्राइस का मुख्य चिंतन नेतृत्व आयोजन दि माइंडमाइन समिट अपने 16वें संस्करण के साथ नई दिल्ली के ताज पैलेस में 15 जून को आयोजित होगा। अनिश्चित समय, भरोसेमंद फैसले: भारत ने दिशा बदली विषय पर केंद्रित इस समिट में भारत के अग्रणी नीति निर्माता, विचारक नेता, कारोबारी नेता, अर्थशास्त्री, राजनयिक, निवेशक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और बुद्धिजीवी उथल-पुथल के इस दौर में भारत के विकास पर चर्चा करेंगे। यह समिट 18वें मौरिस एम. मुंजाल पुरस्कार समारोह के साथ संपन्न होगा जिसमें उन संगठनों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### एक्सिस मैक्स लाइफ ने 2530 करोड़ के पार्टिसिपेटिंग बोनस का किया एलान

बंगलुरु। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने पात्र पॉलिसीधारकों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,530 करोड़ रुपये के पार्टिसिपेटरी (पार) बोनस का एलान किया है। यह कंपनी की तरफ से लगातार 24वां वार्षिक बोनस है और विगत 24 वर्षों में कंपनी ने अब तक कुल 18,377 करोड़ रुपये के बोनस का एलान किया है। घोषित बोनस 21 लाख से ज्यादा पात्र पार पॉलिसीधारकों को जुलाई, 2026 से प्रदान किया जाएगा। एक्सिस मैक्स लाइफ का पीएआर फंड वित्त वर्ष 2024-25 के 74,119 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2025-26 में 79,003 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

### नयी तकनीक से पैदावार और किसानों की आमदनी बढ़ेगी

हरदोई। गन्ना किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से आज हरदोई के सवायजपुर रॉयल कृष्णा ग्रैंड लॉन एंड बैंक्वेट में धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के तत्वावधान में गन्ना चुनौतियां एवं भविष्य की दिशा विषय पर आयोजित किसान संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे क्षेत्र की मिट्टी अत्यंत उपजाऊ है, लेकिन किसानों की वास्तविक समृद्धि तभी संभव है जब वे आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक सलाह और उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उत्पादों को अपनाएंगे।

### जेएफएफ 2026 फिल्मकारों को देता है करोड़ों दिलों को छूने का निमंत्रण

नई दिल्ली। जेएफएफ विश्व का सबसे बड़ा ट्रैवलिंग फिल्म फेस्टिवल, ने अपने 2026 संस्करण के लिए आधिकारिक रूप से वैश्विक प्रविष्टियों का आह्वान किया है। सिनेमा की कोई सीमा नहीं होती, वह हर भाषा बोलता है और सबका है। इसी मूल दर्शन पर खड़े होकर, जेएफएफ सभी महाद्वीपों के फिल्मकारों को – चाहे वे महान निर्देशक हों या नई आवाजें – अपनी सिनेमाई रचनाएँ प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करता है। चाहे वह कोई भव्य फीचर फिल्म हो, मार्मिक शॉर्ट फिल्म हो, प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्री हो, या अभूतपूर्व एनिमेशन हो – जेएफएफ उन कहानियों के लिए सर्वोत्तम मंच है जो देखे, महसूस किए और सराहे जाने के योग्य हैं। यह फेस्टिवल किसी भी भाषा की फिल्मों का स्वागत करता है, केवल वैश्विक दर्शकों के लिए अंग्रेजी उपशीर्षक अनिवार्य हैं।

### लॉक अप की स्ट्रीमिंग 27 जून को नेटफ्लिक्स पर

नई दिल्ली। कई दिनों तक अफवाहों और शहरों में नकाबपोश कैदियों की झलक के बीच सोशल मीडिया पर अनेकों चर्चाएं छिड़ीं। अब नेटफ्लिक्स ने घोषणा की है कि एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ साझेदारी में निर्मित लॉक अप की स्ट्रीमिंग 27 जून को शुरू हो रही है। इस घोषणा ने लॉक अप के लिए एक परफेक्ट माहौल तैयार कर दिया है। इस शो में भारत की सबसे अधिक चर्चित हस्तियाँ एक ही छत के नीचे कैद होंगी।

### सोलर ऑन व्हील्स को दिखायी गयी हरी झंडी

लखनऊ। जैक्सन ग्रुप में शामिल जैक्सन सोलर ने अपने सोलर ऑन व्हील्स जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस अभियान का उद्देश्य रूफटॉप सोलर को लेकर अधिक जागरूकता पैदा करना और पूरे उप्र में उपभोक्ताओं के लिए क्लीन एनर्जी सॉल्यूशन तक पहुंच को आसान बनाना है। इस अवसर पर यूपीनेडा और जैक्सन के वरिष्ठ नेतृत्व मौजूद रहे।

# सेंसेक्स में 64 अंकों की उछाल



मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ने के कारण बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार शुरुआती बढ़त को गंवा कर लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। तेल एवं गैस, धातु और दूरसंचार शेयरों में अंतिम घंटे की बिकवाली की वजह से सेंसेक्स में जहां मामूली बढ़त रही, वहीं निफ्टी नुकसान में बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाले सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवा कर अंत में सीमित लाभ के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 694.25 अंक तक चढ़कर 74,613.01 अंक के स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन अंत में यह मामूली 64.42 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,983.18 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 27.15 अंक यानी 0.12 प्रतिशत फिसलकर 23,214.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 23,425.35 अंक के उच्च स्तर तक गया और 23,184.60 अंक के निचले स्तर तक आया। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख तथा विदेशी कोषों के प्रवाह से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, इटर्नल लिमिटेड, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा पश्चिम एशिया में ताजा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण निवेशकों का भरोसा कमजोर बना रहा। इन घटनाक्रमों के चलते शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में तेजी देखने को मिली, जिससे बाजार पर दबाव बना। हालांकि, बैंकिंग क्षेत्र के प्रमुख शेयरों में मजबूती के कारण बाजार में गिरावट सीमित रही और सूचकांकों को बड़े नुकसान से बचाने में मदद मिली। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.37 प्रतिशत नीचे आया। मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.35 प्रतिशत की गिरावट रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 4,566.03 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 0.20 प्रतिशत घटकर 91.27 डॉलर प्रति बैरल रही। सेंसेक्स मंगलवार को 394.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,918.76 अंक और निफ्टी 119.10 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,242.10 अंक पर बंद हुआ था।

# रुपया 14 पैसे चढ़कर डॉलर के मुकाबले 95.27 पर



मुंबई। रुपया बुधवार को 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.27 (अस्थायी) पर रहा। अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने तथा घरेलू मुद्रा में और गिरावट को थामने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शुरुआती नुकसान को कम करते हुए रुपया अंत में सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.52 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 95.07 के उच्च और 95.56 के निचले स्तर तक पहुंचा। अंत में यह 95.27 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को 20 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.41 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.87 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 64.42 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,983.18 अंक पर जबकि निफ्टी 27.15 अंक फिसलकर 23,214.95 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 91.16 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 4,566.03 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई में 12 महीने के निचले स्तर पर

नयी दिल्ली। अस्थिर बाजार परिस्थितियों के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश मई में एक साल के सबसे निचले स्तर 22,908 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह प्रवाह अप्रैल में दर्ज 38,440 करोड़ रुपये से 40 प्रतिशत कम रहा।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड उद्योग में मई में कुल मिलाकर 64,131 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी दर्ज हुई जबकि अप्रैल में 3.22 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। इसकी मुख्य वजह ऋण उन्मुख योजनाओं से 96,948 करोड़ रुपये की निकासी रही। इसके परिणामस्वरूप, उद्योग की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) मई के अंत में घटकर 81.6 लाख करोड़ रुपये रह गईं, जो एक महीने पहले 81.92 लाख करोड़ रुपये थीं। आंकड़ों के अनुसार, मई में इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश 22,908 करोड़ रुपये रहा। यह अप्रैल में 38,440 करोड़ रुपये, मार्च में 40,450 करोड़ रुपये, फरवरी में 25,978 करोड़ रुपये और जनवरी में 24,028 करोड़ रुपये था। ताजा निवेश मई 2025 के बाद सबसे कम है जब इक्विटी म्यूचुअल फंड में 19,013 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था।

# सोना 4300 रुपये टूटा, चांदी 10 हजार रुपये गिरी



नयी दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से मांग कमजोर पड़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोना 4,300 रुपये टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि चांदी 10,000 रुपये फिसलकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

स्थानीय सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 4,300 रुपये यानी करीब तीन प्रतिशत गिरकर 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 10,000 रुपये यानी करीब चार प्रतिशत लुढ़ककर 2,45,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का बंद भाव 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया, जिससे डॉलर मजबूत हुआ और कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। ऊर्जा कीमतों में उछाल से महंगाई के लंबे समय तक ऊपर बने रहने और ब्याज दरें ऊंची बनी रहने की आशंका बढ़ी है, जिससे सोने-चांदी को लेकर आकर्षण में कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 90.53 डॉलर यानी 2.13 प्रतिशत गिरकर 4,168.99 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 2.24 प्रतिशत टूटकर 63.87 डॉलर प्रति औंस पर रही। डॉलर की मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी से कीमती धातुओं की मांग पर दबाव पड़ा है, जिससे वैश्विक बाजारों में इनकी कीमतों में गिरावट आई है।

# हिमाचल प्रदेश में दुकानों को 24 घंटे खोलने की अनुमति

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के श्रम कानूनों में संशोधन के बाद अब हिमाचल प्रदेश में दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान चौबीस घंटे खुले रह सकेंगे।

सुक्खू ने मंगलवार शाम श्रम एवं रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1969 और संबंधित नियमों में संशोधन किया है ताकि राज्य भर में कानून का अधिक प्रभावी तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि संशोधित प्रावधानों के तहत दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को चौबीस घंटे संचालित करने की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे व्यापारियों के लिए चीजें लचीली होंगी और उपभोक्ताओं को अपनी सुविधानुसार खरीदारी करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विभाग को प्रमाण पत्र और लाइसेंस सहित अपनी सभी सेवाओं की पहुंच को पूरी तरह से डिजिटल बनाने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को इन दस्तावेजों को प्राप्त करने में असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभान्वित करें। राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना-2023 के तहत युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

# छोटी राशि के कर्ज देने वाले संस्थानों के लिए ऋण गारंटी योजना अगस्त तक बढ़ी

नयी दिल्ली। सरकार ने सूक्ष्म-वित्त संस्थानों (एमएफआई) के लिए ऋण गारंटी योजना सीजीएसएमएफआई-2.0 की अवधि बढ़ाने और अधिकतम ऋण सीमा को 1,000 करोड़ रुपये तक करने को मंजूरी दी है।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि इस योजना के तहत अब तक 770 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। यह योजना 20 मार्च, 2026 को शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य बैंकों और वित्तीय संस्थानों को एमएफआई और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) को दिए गए ऋण पर संभावित नुकसान के खिलाफ गारंटी कवर प्रदान करना है। यह गारंटी राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) के माध्यम से दी जाती है। यह योजना 30 जून, 2026 तक या 20,000 करोड़ रुपये तक के ऋण पर गारंटी जारी होने तक, जो भी पहले हो, वैध थी। मंत्रालय ने कहा कि अब योजना की वैधता 31 अगस्त, 2026 तक या 20,000 करोड़ रुपये तक के ऋण पर गारंटी जारी नहीं होने तक बढ़ा दी गई है। इसके अलावा, बड़े आकार के एनबीएफसी-एमएफआई/एमएफआई के लिए अधिकतम ऋण सीमा 300 करोड़

# मेटा ने की रिलायंस के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। मेटा और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने आज भारत में एक एआई-सक्षम डेटा सेंटर के लिए समझौता करके अपनी रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने की घोषणा की। गुजरात के जामनगर में स्थित यह निवेश भारत के प्रति मेटा की गहरी प्रतिबद्धता को और पुख्ता करता है। यह बुनियादी ढांचा हमारे उत्पादों और उन एआई क्षमताओं को ताकत देगा, जो दुनिया भर में हमारे सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते समुदायों में से एक को पर्सनल सुपरइंटेलिजेंस देने के लिए जरूरी हैं। इस समझौते के तहत रिलायंस 168 एमडब्ल्यू क्षमता का एक डेटा सेंटर बनाएगा, जिसे मेटा लीज पर लेगा। भविष्य में इसे और विस्तार देने का विकल्प भी मौजूद हैं। भारत में अपना पहला एआई-सक्षम डेटा सेंटर बनाने के लिए रिलायंस के साथ काम कर रहे हैं।

# गोल्ड ईटीएफ में मई में 725 करोड़ रुपये की निकासी

एजेंसी

नयी दिल्ली। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में मई महीने में 725 करोड़ रुपये की निकासी की गई। इससे लगातार 13 महीनों से जारी शुद्ध निवेश का सिलसिला टूट गया। सोना न खरीदने को लेकर सरकार की अपील और कई परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों का इन कोष में नए निवेश को रोकना इसकी मुख्य वजह रही। यह अप्रैल 2025 के बाद पहली निकासी है। उस समय गोल्ड ईटीएफ से 5.82 करोड़ रुपये की मामूली निकासी हुई थी। कुल मिलाकर मई 2025 के बाद से अब तक गोल्ड ईटीएफ में 70,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित हुआ है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में गोल्ड ईटीएफ से 725 करोड़ रुपये की निकासी हुई जबकि अप्रैल में 3,040 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। मार्च में निवेश 2,266 करोड़ रुपये, फरवरी में 5,255 करोड़ रुपये और जनवरी में 24,040 करोड़ रुपये रहा था। जनवरी में मजबूत निवेश के बाद आने वाले महीनों में यह गति धीरे-धीरे कम होती गई, जिससे यह संकेत मिला कि नई निवेश प्रविष्टियां धीरे-धीरे कम हो रही हैं। यह उलटफेर मुख्य रूप से सोने की कीमतों में पहले आई तेजी के बाद मुनाफावसूली और निवेशकों की जोखिम लेने की प्रवृत्ति में बदलाव के कारण हुआ है।

# रिटेल यात्रा का जश्न मना रही यूनिकॉर्न इन्फोसॉल्यूशंस

नई दिल्ली। यूनिकॉर्न इन्फोसॉल्यूशंस ने आज अपने 100वें एप्पल मोनो ब्रांड स्टोर का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि दो दशकों से अधिक की सतत वृद्धि और देशभर में ग्राहकों को सर्वोत्तम एप्पल उपलब्ध कराने की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह यात्रा 2006 में उस समय शुरू हुई जब यूनिकॉर्न ने अहमदाबाद में अपना पहला स्टोर खोला। तब से इस कंपनी ने पूरे उत्तर और पश्चिम भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए मजबूत स्थिति का निर्माण किया है। अब यह 9 राज्यों में 49 शहरों में परिचालन कर रही है। यूनिकॉर्न का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में अपना विस्तार कर स्टोर्स की संख्या 150 पर पहुंचाने का है।

# टाटा मोटर्स फाउंडेशन के इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम से लोग हुए सशक्त

लखनऊ। टाटा मोटर्स फाउंडेशन के 'इंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम ने उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जिलों–श्रावस्ती और बलरामपुर–में 4,500 से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। यह पहल केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के साथ बेहतर तालमेल बनाकर जमीनी स्तर पर टिकाऊ और सामुदायिक बदलाव को बढ़ावा दे रही है। श्रावस्ती और बलरामपुर भारत के उन जिलों में शामिल हैं जहां विकास की चुनौतियां अब भी बड़ी हैं। श्रावस्ती की लगभग 74% आबादी गरीबी रेखा के नीचे रहती है और यहाँ प्रति व्यक्ति औसत आय 42,000 रूपए के आसपास ही है।

## पेज एक का शेष

### कांग्रेस के

सबकी आकांक्षाएं हमें पूरी करनी हैं। पीएम मोदी ने कहा, आज देश का हर नागरिक विकसित भारत के सपने से भरा हुआ है। विकसित भारत का सपना अब किसी दल का या व्यक्ति का नहीं है। यह देश के जन-जन का सपना बन चुका है। इसकी पूर्ति के लिए हमें अपना हर पल समर्पित करना है। एनडीए के 12 वर्ष की एक सफलता यह भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचार और बेचारगी और हीन भावना के स्तर पर गिरा दिया था। देश को यह एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता था। 'इस धीमे विकास को एक नाम दिया गया था- हिंदू ग्रोथ रेट। कार्यशैली कांग्रेस की, दायित्व कांग्रेस का, विफलता कांग्रेस की, लेकिन कलंक देश की बड़ी हिंदू आबादी के नाम लगाया गया। जबकि असल में इस कुसंस्कृति का नाम कांग्रेस ग्रोथ रेट होना चाहिए था। इसमें न गवर्नेंस था, न नीति और न नीयत और न ही निर्णय। जब अटल जी की सरकार आई तब हमें झलक दिखी कि विकास कार्य में गति कैसे आती है। लेकिन 2004 में देश अस्थिरता के बंवडर में फंस गया। कांग्रेस ने देश को एक के बाद एक हजार करोड़ के घोटालों में घसीट लिया। देश का भाग्य फिर तब बदला, जब 2014 में एनडीए की सरकार बनी।'

उन्होंने आगे कहा, देश ने देखा कि जब नीति, नीयत और निर्णय तीनों एक साथ काम करते हैं तो विकास की गति कैसी होती है। देश ने देखा है कि जो काम उदशकों में होते थे, वो काम महीनों में होने लगे। 2014 में 74 एयरपोर्ट थे, 2026 में 160 एयरपोर्ट हुए। 2026 में 6700 किमी एक्सप्रेसवे हैं। 2014 में 4 शहरों में मेट्रो थे, 2026 में 20 से ज्यादा शहरों में मेट्रो है। डिफेंस एक्सपोर्ट भी बढ़े हैं। देश ने एक लंबी यात्रा तय की है। देश में केवल 25 करोड़ इंटरनेट यूजर्स थे 2014 तक, आज 100 करोड़ यूजर्स इंटरनेट से जुड़े हैं। तब डिजिटल पेमेंट न के बराबर थे, आज भारत नंबर वन है।

उन्होंने कहा, 2014 तक भारत मोबाइल बाहर से मंगाता था, आज 33 करोड़ हैंडसेट यहीं बनते हैं। 2014 में एथनॉल ब्लेंडिंग 1.5 फीसदी था, 2026 में यह 20 फीसदी तक पहुंच चुका है। हमने देश की जरूरतों को अपनी नीतियों और निर्णयों का आधार बनाया। हमने युवाओं के लिए कौशल विकास मंत्रालय बनया। मंत्रालयों के सहयोग के लिए अलग कोऑपरेटिव मिनिस्ट्री बनाई। मछुआरों के लिए अलग मत्स्य मंत्रालय बनाया। हमारा फोकस रहा विकास की इस गति में कोई पीछे न छूटे।

### राष्ट्र निर्माण

सुशासन और समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। इसी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश भी जनकल्याण, सुशासन और समावेशी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित करते हुए 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सीएम योगी ने लिखा कि आपके प्रेरक नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उत्तर प्रदेश के करोड़ों नागरिकों तक पहुंचा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 3 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लगभग 65 लाख परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से लगभग 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 1.86 करोड़ महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जबकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा अन्य किसान हितैषी कार्यक्रमों ने उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सीएम ने लिखा कि आपके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। मिशन रोजगार के अंतर्गत 9 लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रदान की गई है। वहीं कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से 25 लाख युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट उपलब्ध कराए गए हैं। निवेश आधारित औद्योगिक विकास, एमएसएमई, ओडीओपी, स्टार्टअप तथा स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में 3 करोड़ से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, जिससे युवा शक्ति प्रदेश की विकास यात्रा की प्रमुख भागीदार बनी है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आपके दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आधुनिक आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। दिल्ली-मेरठ 12 लेन एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मेरठ नमो भारत (आरआरटीएस), देश का प्रथम इनलैंड वाटर-वे, उत्तर प्रदेश से होकर गुजरने वाले ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, वंदे भारत एवं नमो भारत जैसी आधुनिक रेल सेवाओं ने प्रदेश की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। आज उत्तर प्रदेश अपनी विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे श्रृंखला के कारण देशभर में 'एक्सप्रेस-वे प्रदेश' के रूप में स्थापित हो चुका है। स्मार्ट सिटी मिशन, आधुनिक हवाई अड्डों, मेट्रो परियोजनाओं, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तथा औद्योगिक कॉरिडोर के विकास ने निवेश, व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी है। सीएम ने लिखा कि आपकी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में रूल ऑफ लॉ की स्थापना हुई है। आज प्रदेश माफिया मुक्त, दंगा-मुक्त और भयमुक्त वातावरण की पहचान बना चुका है। व्यापारी, निवेशक, मातृशक्ति व उद्योगपति स्वयं को सुरक्षित अनुभव कर रहे हैं। बेहतर कानून-व्यवस्था और निवेश-अनुकूल वातावरण ने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे आकर्षक निवेश गंतव्यों में स्थापित किया है। इन प्रयासों का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2017 की तुलना में लगभग तीन गुना हो चुकी है। प्रति व्यक्ति आय में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है तथा बेरोजगारी दर लगभग 18 प्रतिशत से घटकर लगभग 3 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है। उत्तर प्रदेश आज वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर है तथा 'विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सीएम ने लिखा कि आज इस गौरवपूर्ण अवसर पर हम पुनः यह विश्वास व्यक्त करते हैं कि उत्तर प्रदेश आपके प्रेरक नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में 'विकसित भारत' के संकल्प के अनुरूप 'विकसित उत्तर प्रदेश' के निर्माण हेतु पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा तथा राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देता रहेगा।

### ईयू प्रमुख

यह उपलब्धि भारत के विकास, समृद्धि और वैश्विक मंच पर उसकी प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाने में उनकी वर्षों की समर्पित जनसेवा और नेतृत्व का प्रमाण है।

इब्राहिम ने कहा कि मलेशिया भारत के साथ अपनी घनिष्ठ और लंबे समय से चली आ रही मित्रता को महत्व देता है और दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने तथा लोगों के लिए नए अवसरों का विस्तार करने को लेकर उत्साहित है। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू ने सोशल मीडिया पर एक लंबे संदेश में कहा कि यह उपलब्धि तीन लगातार जनादेशों के दौरान मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता द्वारा जताए गए भरोसे और विश्वास को दर्शाती है। केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रूटो ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मोदी की सराहना करते हुए कहा, साधारण पृष्ठभूमि से इस मुकाम तक पहुंचने की आपकी यात्रा समर्पण, धैर्य और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए भारत की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, भारत के सबसे लंबे समय तक तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई। वह एक सच्चे राजनेता हैं जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था और वैश्विक प्रतिष्ठा को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। मुझे उस व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर गर्व है जिसे हमने मिलकर विकसित किया।

### राजग ने

दृष्टिकोण को हकीकत में बदलने के लिए काम किया। नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राजग के सहयोगी दलों की आज बैठक हुई। यह बैठक सत्तारूढ़ गठबंधन के 12 साल पूरे होने और मोदी के भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी।

### विकसित भारत

राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 95,692 करोड़ रुपये की अंतरिम धनराशि आवंटित की गई है। इस प्रकार कुल उपलब्ध राशि बढ़कर लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह राशि देश की लगभग 2.80 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगी, जिससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने राज्यों से पर्याप्त संख्या में विकास कार्यों को पूर्व स्वीकृति देने का आग्रह किया ताकि 1 जुलाई 2026 से विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन शुरू किया जा सके। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह धनराशि राज्य में ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन, आधारभूत संरचना के विस्तार और गांवों की समृद्धि को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार इस राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता के साथ करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### नौसेना को

लिमिटेड (एएसएसपीएल) के साथ किया गया है। इस अनुबंध पर नयी दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए।

### अमेरिका और

पक्षों की जीत के तौर पर पेश कर सकें। लेकिन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कहीं ज्यादा मुश्किल लक्ष्यों को हासिल करने पर अड़े हुए दिखते हैं: ईरान की धार्मिक सरकार को गिराना, उसके परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना और लेबनान में ईरान के सहयोगी हिज्बुल्ला समूह को नष्ट करना। इससे समझौता करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

### आर्थिक अपराधों

है। यह प्रणाली प्रकरणों के डिजिटल प्रबंधन, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा डैशबोर्ड आधारित अनुश्रवण की सुविधा प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने इसके प्रभावी उपयोग के निर्देश देते हुए कहा कि तकनीक आधारित व्यवस्था से जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी। जांच अधिकारी किसी मामले को तीन माह से अधिक समय तक अपने पास न रखें। इस सम्बंध में उनकी जवाबदेही भी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने आर्थिक अपराधों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बदलते तकनीकी परिवेश में वित्तीय धोखाधड़ी, निवेश संबंधी ठगी तथा अन्य आर्थिक अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि ईओडब्ल्यू की ओर से जागरूकता, जानकारी, बचाव अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आमजन को विभिन्न प्रकार के आर्थिक अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है।




## इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में दो मैच खेलेंगे सुथार



लंदन। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले वामहस्त स्पिनर मानव सुथार इंग्लैंड के क्लब वारविकशर के लिए काउंटी चैम्पियनशिप के अगले दो मैचों में खेलेंगे। वारविकशर ने बुधवार को सुथार के साथ अल्पकालिक अनुबंध की घोषणा की। इस अनुबंध के तहत वह रॉथेसे काउंटी चैम्पियनशिप के अगले दो मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। पहला मैच 12 से 15 जून तक यॉर्कशर के खिलाफ स्कारबोरो में और दूसरा मैच अगले सप्ताह समरसेट के खिलाफ टॉनटन में खेला जाएगा। तेईस वर्षीय सुथार ने हाल ही में मुल्लांपुर (पंजाब) में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट से अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। उन्होंने पहली पारी में 33 रन देकर छह और दूसरी पारी में 29 रन देकर एक विकेट लिया। टेस्ट पदार्पण से पहले उन्होंने 29 प्रथम श्रेणी मैचों में 129 विकेट अपने नाम किए हैं। वारविकशर के प्रदर्शन निदेशक जेम्स थॉमस ने कहा, हमें मानव का बेयर्स में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह टीम के लिए वास्तव में रोमांचक समय है। हमने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है और मानव हमारी गेंदबाजी आक्रमण में नया आयाम लाएंगे। सुथार ने कहा, मैं काउंटी चैम्पियनशिप के अगले दो मैचों के लिए वारविकशर में शामिल होकर बेहद उत्साहित हूं। टीम ने इस सत्र की अच्छी शुरुआत की है। ऐसे में मैं उम्मीद करता हूं कि टीम को खिताब की ओर बढ़ाने में अहम योगदान दे पाऊंगा। वारविकशर ने बुधवार को सुथार के साथ अल्पकालिक अनुबंध की घोषणा की।

## तेंदुलकर ने मुझे शून्य से शुरुआत करने की सलाह दी : जेमिमा



मुंबई। भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का कहना है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के एक फोन कॉल ने उन्हें एकाग्रता वापस पाने में मदद की क्योंकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में खेली गई अपनी यादगार पारी के बाद वह काफी भावुक और उत्साहित थीं। जेमिमा ने नाबाद 127 रन की शानदार पारी खेलकर भारत को पिछले साल नवी मुंबई में अपना पहला विश्व खिताब जीतने के रास्ते में दुनिया की सबसे मजबूत टीम ऑस्ट्रेलिया को हराने में मदद की। उन्होंने कहा कि तेंदुलकर की सलाह ने उन्हें एकाग्रता बनाए रखने में मदद की। जेमिमा ने जियो हॉटस्टार से कहा, सचिन सर ने मेरे कोच प्रशांत शेट्टी को फोन किया। उन्होंने उनसे कहा कि वह मुझे बताएं कि वह समझते हैं कि पिछले कुछ दिन मेरे लिए बहुत भारी रहे हैं, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी पारी खेलना, उन्हें हराने की खुशी। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने मुझे याद दिलाया कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। हमें अब भी फाइनल जीतना था। उन्होंने कहा, उसे एक तरफ रखने की कोशिश करो और शून्य से शुरुआत करो। उस संदेश ने मेरा मन शांत करने में काफी मदद की। जेमिमा ने कहा, मैं समझ गई कि आपने पहले क्या किया है उससे आप अगला मैच नहीं जीत सकते। आपको हर मैच को एक नई शुरुआत के तौर पर लेना चाहिए। एक दिग्गज की उस सलाह ने फाइनल से पहले मुझे बहुत स्पष्टता दी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में शेफाली वर्मा (87 रन और 36 रन पर दो विकेट) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। सलामी बल्लेबाज शेफाली ने बताया कि उस समय उनके पिता की कही बातों ने उन्हें बहुत हिम्मत दी। शेफाली ने कहा, फाइनल से पहले हमें दो दिन का आराम मिला था। मेरे पिता ने मुझे एक वॉयस नोट भेजा। उन्होंने कहा, बस कड़ी मेहनत करो। मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ दो और ऐसा कुछ कर दिखाओ कि इतिहास में लिखा जाए कि शेफाली वर्मा ने भारत को विश्व कप जिताने में मदद की। उन्होंने कहा, उस वॉयस नोट ने मेरे अंदर एक नई ऊर्जा भर दी। मुझे पता था कि मुझे सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि उनके और टीम के लिए भी अच्छा प्रदर्शन करना है। इसी बात ने मुझे मैदान पर अपना सब कुछ झोंक देने के लिए प्रेरित किया। मौजूदा एकदिवसीय विश्व चैंपियन भारत रविवार को बर्मिंघम में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती मैच की तैयारी कर रहा है।



## संक्षेप

### श्रीलंका में सीमित ओवरों की शृंखला खेलेगी पाकिस्तान की महिला टीम

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड में आईसीसी टी20 विश्व कप खत्म होने के कुछ दिन बाद अपनी राष्ट्रीय महिला टीम के लिए श्रीलंका में सीमित ओवरों की एक श्रृंखला का इंतजाम किया है। पाकिस्तान और श्रीलंका दोनों अभी महिला टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए ब्रिटेन में हैं। यह टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा और पांच जुलाई को खत्म होगा। पीसीबी के मुताबिक पाकिस्तान की महिला टीम सीमित ओवरों के छह मैच के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी जो 23 जुलाई से शुरू होंगे। सभी छह मैच महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। दोनों टीमों के बीच पहले 23 जुलाई से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला होगी जो आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-29 का हिस्सा है। दो अन्य मैच 25 और 28 जुलाई को होंगे। एकदिवसीय श्रृंखला के बाद पाकिस्तान तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय भी खेलेगा जो 31 जुलाई, दो तथा चार अगस्त को होंगे।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पहले वोलवार्ट ने दक्षिण अफ्रीकी टीम से बेहतर खेल की मांग की

मैनचेस्टर। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में मिली हार के बाद अपनी टीम को रणनीतियों को बेहतर करने को कहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शनिवार को यहां होने वाले महिला टी20 विश्व कप मैच में ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ वे कोई कोताही नहीं दिखा सकते। आयरलैंड के खिलाफ करीबी मुकाबले मे जीत दर्ज करने के बाद दक्षिण अफ्रीका को मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अब उन्हें छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने खेल के स्तर को बेहतर करना होगा। वोलवार्ट ने इस हार को दक्षिण अफ्रीकी टीम के लिए आंखें खोलने वाला अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़े मुकाबले से पहले उन्हें अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाना होगा। आईसीसी ने वोलवार्ट के हवाले से कहा, हम दोनों (अभ्यास मैच) मैच जीतना चाहते थे लेकिन शायद टूर्नामेंट शुरू होने से ठीक पहले हमें इसी की जरूरत थी।

### बुरी संगत से दूर रखने के लिए गुरनूर को खेलों से जोड़ना चाहते थे पिता

चंडीगढ़। जब सुखबीर सिंह बरार को पता चला कि उनके किशोर बेटे गुरनूर को क्रिकेट का बहुत शौक है तो वह उसके सपनों को पूरा करने में मदद करने के लिए तुरंत तैयार हो गए और इसके दो कारण थे। पहला, वह वास्तव में एक सहयोगी पिता बनना चाहते थे। दूसरा, पंजाब पुलिस में एएसआई होने के नाते उन्हें लगा कि यह 17 साल के बेटे को बुरी संगत से दूर रखने का एक शानदार तरीका है। सुखबीर ने चंडीगढ़ के सेक्टर-125 में अपने आलीशान घर पर पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में अपने तेज गेंदबाज बेटे के सफर के बारे में बात करते हुए कहा, जब वह किशोरावस्था के आखिरी दौर में पहुंच रहा था तो मैं चाहता था कि मेरा बेटा पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी शामिल हो जिससे उसके पास किसी और चीज में पड़ने का समय नहीं बचे।

# इंग्लैंड ने भारत को हराया

### महिला टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में भारत को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हरा दिया

एजेंसी

कार्डिफ। रिचा घोष की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी पर दानी गिब्सन का हरफनमौला प्रदर्शन भारी पड़ा जिससे इंग्लैंड ने बुधवार को महिला टी20 विश्व कप के अपने अंतिम अभ्यास मैच में भारत को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हरा दिया। जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम का शीर्ष क्रम एक बार फिर नाकाम रहा। लगातार विकेट गिरने के बीच रिचा ने 36 गेंदों में 68 रन की शानदार पारी खेलकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया, लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी स्मिथ (42 रन पर तीन विकेट) ने दबाव में संयम बनाए रखा और भारत की पारी 19.5 ओवर में 166 रन पर समेट दी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।



इंग्लैंड की ओर से एमी जोन्स (45 गेंदों पर 64 रन) और कप्तान नैट स्किवर-ब्रंट (45 गेंदों पर 57 रन) ने अर्धशतक जमाए, जबकि गिब्सन ने महज 12 गेंदों में नाबाद 30 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम का स्कोर छह विकेट पर 171 रन तक पहुंचाया। उन्होंने 20वें ओवर में रेणुका सिंह के खिलाफ दो चौके और एक छक्का लगाकर 19 रन बटोरे, जो अंततः निर्णायक साबित हुए। गिब्सन ने इसके बाद मध्य ओवरों में यास्तिका भाटिया (15) और भारती फुलमाली (18) के अहम विकेट चटकाते हुए दो ओवर में 17 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। चार्ली डीन (16 रन पर दो विकेट) और टिली कोर्टीन-कोलमैन (22 रन पर दो विकेट) ने भी उनका बेहतरीन साथ निभाया। इस हार ने टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम की कुछ चिंताओं को उजागर कर दिया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज एक बार फिर बड़ी पारियां खेलने में विफल रहे, जबकि क्षेत्ररक्षण में हुई चूकों ने इंग्लैंड को अतिरिक्त रन बटोरने का मौका दिया। स्मृति मंधाना का खराब दौर भी जारी रहा। वह केवल एक रन बनाकर आउट हुईं। फरवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 82 रन की पारी खेलने के बाद पिछली सात पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर महज 37 रन रहा है।

शेफाली वर्मा ने छह गेंदों में 13 रन की तेज पारी खेली, लेकिन वह इसी वोंग का शिकार बन गईं। यास्तिका, कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) और भारती भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकीं। भारत 17.3 ओवर में 132 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद मुकाबले से लगभग बाहर नजर आ रहा था, लेकिन रिचा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया।

जब जीत के लिए तीन गेंद में छह रन की जरूरत थी, तब वह स्मिथ की गेंद पर स्टंप आउट हो गईं। अगली ही गेंद पर रेणुका के आउट होने से भारतीय पारी सिमट गई। इससे पहले जोन्स और स्किवर-ब्रंट के बीच 70 रन की साझेदारी से इंग्लैंड ने बेहतरीन शुरुआत की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने बारिश के व्यवधान के बीच रनगति पर अंकुश लगाए रखा। अंतिम ओवरों में गिब्सन की विस्फोटक पारी की बदौलत टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। भारत के लिए श्रेयंका पाटिल ने दो विकेट लिए, जबकि रेणुका सिंह, श्री चरणी, राधा यादव और शेफाली वर्मा को एक-एक सफलता मिली। वहीं दूसरी ओर श्रीलंका 2021-22 में भारतीय दौरा पर आई थी। भारत ने 3 टेस्ट मैच 3-0 से जीते थे। भारत 9 साल बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज खेलेगा। टीम 15 अगस्त से श्रीलंका दौरे की शुरूआत करेगी। 2017 में विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने श्रीलंका को टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम दो टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट गॉल में खेला जा सकता है। वहीं दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में हो सकता है।

यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा होगी। टेस्ट सीरीज के अलावा भारत और श्रीलंका के बीच 3 टी-20 मैच भी खेले जा सकते हैं। क्रिकबज के मुताबिक इउउक सचिव देवजीत सैकिया ने हाल में ही कहा था कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से तीन मैचों की बात हुई है। श्रीलंका प्रीमियर लीग 9 अगस्त को खत्म होने वाली है। ऐसे में टेस्ट सीरीज के बाद टी-20 मुकाबले कराना ज्यादा आसान माना जा रहा है। एशिया कप 2025 भारत ने सुपर ओवर में श्रीलंका को हराया था। भारत-ए की टीम अभी श्रीलंका दौरे पर ट्राई-सीरीज खेल रही है। टीम का पहला मुकाबला 9 जून को खेला गया। भारत ने इस वनडे मैच में श्रीलंका को 8 रन से हरा दिया। टीम इस सीरीज के बाद दो अनऑफिशियल टेस्ट मैच भी खेलेगी। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक कउउ टेस्ट बैटर रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने करियर में दूसरी बार यह पोजिशन हासिल की है।

## सिंधू जीती, तन्वी ने पांचवीं वरीय खिलाड़ी को हराकर किया उलटफेर



सिडनी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू की अगुआई में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन किया जबकि तन्वी शर्मा भी उलटफेर करने में सफल रहीं। तीसरी वरीय सिंधू, तन्वी, मालविका बंसोड, ईशारानी बरुआ और तान्या हेमंत सभी ने राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों के लिए हालांकि बुधवार का दिन खराब रहा जब किरण जॉर्ज, थारुन मान्नेपल्ली और क्वालीफायर सनीथ दयानंद पहले दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार को सीधे गेम में सिर्फ 32 मिनट में 21-13, 21-11 से हराया। सिंधू अगले दौर में हमवतन ईशारानी से भिड़ेंगी जिन्होंने एक घंटा तीन मिनट चले कड़े मुकाबले में चीन की हान कियान को 22-20, 10-21, 21-14 से शिकस्त दी। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 17 साल की तन्वी ने किया जिन्होंने पांचवीं वरीय और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की च्यु पिन चियान को 45 मिनट में 21-12, 22-20 से शिकस्त दी। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी अगले दौर में साथी भारतीय खिलाड़ी मालविका से भिड़ेंगी जिन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड की तोंरुंग सेहेंग को 15-21, 21-7, 21-13 से हराया। तान्या ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 39 मिनट में 21-17, 21-18 से हराया। वह अगले दौर में थाईलैंड की दूसरी वरीय और दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ेंगी। पुरुष एकल में किरण को कड़े मुकाबले में मलेशिया के जस्टिन हो के खिलाफ एक घंटा दो मिनट में 19-21, 21-14, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

क्वालीफायर दयानंद भी चीन के हू झीआन के खिलाफ सिर्फ 35 मिनट में 8-21, 10-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। थारुन उलटफेर करने के करीब पहुंचे लेकिन अंततः उन्हें दूसरे वरीय और दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ एक घंटा 20 मिनट में 21-18, 13-21, 23-25 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में ध्रुव रावत और मनीषा के ने लिन जेडन और विक्टोरिया जोनाडी की ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी को 27 मिनट में 21-13, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। मोहित जगलान और लक्षिता जगलान को हालांकि गुओ शिन वा और चेन फेंग हुइ की चीन की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 20 मिनट में 6-21, 5-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### हैदराबाद अक्टूबर में तीरंदाजी प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र की मेजबानी करेगा

नयी दिल्ली। हैदराबाद आठ से 18 अक्टूबर तक तीरंदाजी प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र की मेजबानी करेगा और पिछले साल हुए पहले सत्र में हिस्सा लेने वाली छह टीमों (फ्रैंचाइजी) की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले सत्र वाली छह टीम मौजूदा चैंपियन राजपूताना रॉयल्स (राजस्थान), माइटी मराठाज (महाराष्ट्र), पृथ्वीराज योद्धाज (दिल्ली), काकतीय नाइट्स (तेलंगाना), चेरो आर्चर्स (झारखंड) और चोला चीफ्स (तमिलनाडु) को ही बरकरार रखा गया है। रिकर्व और कंपाउंड वर्ग में कुल 48 भारतीय और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज हिस्सा लेंगे। टीम के खिलाड़ियों के करार, मैचों के कार्यक्रम और प्रसारण की जानकारी बाद में दी जाएगी।

## हिट-मैन की वापसी, किया नेट अभ्यास

एजेंसी

मोहाली। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा बुधवार को यहां भारत के सफेद गेंद के नेट सत्र में शामिल हुए तथा युवा और उभरते सितारों की मौजूदगी के बावजूद आकर्षण का केंद्र बने रहे। भारतीय टीम की बस के आई एस बिंद्रा स्टेडियम परिसर में पहुंचने से पहले ही लोगों में उत्सुकता थी। हाल में खेल से दूर रहने के कारण उनकी फिटनेस को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि पीटीआई ने मंगलवार को ही खबर दी थी कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज को खेलने की मंजूरी मिल गई है। फिर भी जब भारतीय टीम ट्रेनिंग के लिए इकट्ठा हुई तो यह साफ हो गया कि सबकी नजरें किस पर होंगी। भारतीय टी20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर भी मौजूद थे। यशस्वी जायसवाल के अलावा युवा खिलाड़ी गुरनूर बरार, प्रिंस यादव और हर्ष दुबे भी अभ्यास कर रहे थे। लेकिन जब रोहित (39 वर्ष) ट्रेनिंग मैदान पर पहुंचे तो सबकी नजरें उन्हीं पर टिक गईं। रोहित का सत्र बल्लेबाजी नेट्स से दूर शुरू हुआ। उन्होंने स्ट्रेंथ एंव कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रूक्स के साथ कुछ मिनट बातचीत की और फिर आगे पीछे दौड़ने वाली हल्की दौड़ शुरू की।




ड्रिल के दौरान ईशान किशन उनके साथ रहे और रोहित ने लगभग पांच सेट पूरे किए। फिटनेस को लेकर हालिया चिंताओं के बावजूद उन्हें कोई परेशानी नहीं दिखी। हालांकि असली उत्सुकता तब बढ़ी जब उन्होंने पैड पहने। अगले एक घंटे तक उनकी हर हरकत पर बारीकी से नजर रखी गई क्योंकि वह कभी तेज गेंदबाजों के नेट पर तो कभी स्पिनरों के नेट में अभ्यास कर रहे थे। वहां मौजूद कुछ लोग उनके हर शॉट और हर चूक पर नजर रखे हुए थे। ब्रेक के बाद वापसी करने वाले बल्लेबाज के लिए शुरुआती संकेत उम्मीद के मुताबिक ही थे। वह थोड़े असहज दिखे और बाउंड्री लगाने के बजाय टाइमिंग पर ध्यान दे रहे थे।

नीतिश कुमार रेड्डी ने शुरुआत में ही उन्हें इन कटर पर पगबाधा आउट कर दिया। इसके बाद उन्होंने गुरनूर बरार और प्रिंस यादव की कुछ गेंदों को छोड़ा। फिर कुछ झिझक भरे शॉट खेले और कुछ बार गेंद को खेलने की कोशिश में चूके भी। ऐसा लग रहा था कि उनका ध्यान लय फिर से हासिल करने पाने पर है। हालांकि जल्द ही उनके आक्रामक खेल की झलक भी दिखी। उन्होंने अर्शदीप सिंह की एक गेंद पर अपने खास फ्लिक शॉट से डीप मिडविकेट के ऊपर पहुंचाया। इसके बाद प्रिंस ने एक वाइड यॉर्कर डालने की कोशिश की, लेकिन रोहित ने उसे दूसरी दिशा में मोड़ दिया। अब भी कुछ कमियां थीं।

### ज्षभ पंत को जोखिम भरी आक्रामक बल्लेबाजी पर काबू पाना होगा : किरमानी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर सैयद किरमानी का कहना है कि अगर विकेटकीपर-बल्लेबाज ज्षभ पंत देश के लिए फिर से सभी प्रारूप में खेलना चाहते हैं, तो उन्हें अनावश्यक रूप से जोखिम भरी बल्लेबाजी शैली पर नियंत्रण रखना होगा, शारीरिक फिटनेस पर अधिक काम करना होगा और दबाव में संयम बनाए रखना होगा। अठाईस साल के पंत पिछले दो साल से भारत के लिए सिर्फ टेस्ट मैच ही खेल रहे हैं, हालांकि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टी20 क्रिकेट खेलते हैं। लेकिन उन्हें पहले सभी प्रारूपों का नैसर्गिक खिलाड़ी समझा जाता था। किरमानी ने कहा, ज्षभ को अपनी फिटनेस और निरंतरता पर कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्हें दबाव में संयम बनाए रखना होगा।

## पंड्या अफगानिस्तान की एकदिवसीय शृंखला से बाहर

एजेंसी

मुल्लांपुर। भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या खेलने की स्वीकृति मिलने के कुछ घंटे बाद बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए जब उनकी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया।

पंड्या बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपनी पीठ की ऐंठन की चोट से उबरने के बाद खेलने की मंजूरी लेने गए थे। यह चोट उन्हें आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए खेलते समय लगी थी। हो सकता है कि यह नई चोट सीओई में आकलन के दौरान पूरे 10 ओवर की गेंदबाजी करने की वजह से लगी हो। अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला शनिवार को धर्मशाला में शुरू होगी। इसके बाद लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 17 और 20 जून को दो अन्य मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, उन्हें ठीक होने में तीन हफ्ते लगेंगे इसलिए उनके एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि उनका रिहैबिलिटेशन पूरा नहीं हो पाएगा। पंड्या आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए कुछ मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन 24 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम के आखिरी मैच में वापसी की थी। इस 32 साल के ऑलराउंडर को यह नई चोट ऐसे समय में लगी है जब अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें अधिक एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।




एकदिवसीय विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ पहले दौर के मैच के दौरान पंड्या के बाएं टखने में लगी चोट ने टीम का संतुलन बिगाड़ दिया था। दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत की योजनाओं में पंड्या अहम बने हुए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला और फिर अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ भी इतने ही मैच की श्रृंखला के लिए पंड्या को मैच फिट रखने के मकसद से उन्हें भारत की टी20 टीम से बाहर रखा गया है जबकि वह इस प्रारूप में दो बार विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं।

## विश्व कप स्टेडियमों में खतरों से निपटने की तैयारी तेज

एजेंसी

न्यूयॉर्क। स्टेडियम के ऊपर ड्रोन की आवाज प्रशसंकों के लिए परेशानी का सबब हो सकती है लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसियां लंबे समय से इन विमानों को बड़े पैमाने पर तबाही मचाने वाले हथियार के तौर पर देखती रही हैं।

फुटबॉल विश्व कप शुरू होने वाला है इसलिए सुरक्षा बढ़ा दी गई है और 11 अमेरिकी शहरों में होने वाले 78 मुकाबलों के दौरान स्टेडियम के ऊपर या पास ड्रोन उड़ाने के लिए शून्य सहिष्णुता की नीति है। अधिकारियों ने सुपर बाउल और दूसरे बड़े कार्यक्रमों के दौरान इस्तेमाल होने वाले ड्रोन रोधी उपायों को बढ़ा दिया है जबकि कांग्रेस ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक रूप से अक्षम करने या उन्हें मार गिराने के लिए अधिक अधिकार दिए हैं। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग की आयुक्त जेसिका टिश ने कहा, यूक्रेन युद्ध ड्रोन प्रोद्यौगिकी के लिए परीक्षण का मैदान बन गया है और अगर कोई खतरा है जो मुझे रात में सोने नहीं देता तो वह ड्रोन से है। कांग्रेस ने राज्य और



स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दिसंबर में किसी खतरनाक ड्रोन को नियंत्रित करने या जरूरत पड़ने पर उसे मार गिराने की हरी झंडी दी है। हालांकि पहला विकल्प उन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप से अक्षम करना और सुरक्षित रूप से उतारना होगा। मुख्य संघीय एजेंसियों के पास यह अधिकार पहले से ही था।

संघीय विमानन प्रशासन विश्व कप मुकाबलों और प्रशंसकों से जुड़े कार्यक्रम के दौरान भीड़भाड़ वाले स्टेडियमों के आसपास और ऊपर के वायुक्षेत्र पर प्रतिबंध लगा देगा। नियम तोड़ने वालों पर एक लाख डॉलर तक का जुर्माना लग सकता है और उनके ड्रोन जब्त किए जा सकते हैं। किसी मैच के आयोजन स्थल के तीन मील के अंदर ड्रोन उड़ाने पर आपराधिक आरोप भी लग सकते हैं लेकिन यह सजा शायद किसी पक्के इरादे वाले आतंकवादी को रोक नहीं पाएगी। एफबीआई ने पिछले सात वर्षों में ड्रोन से निपटने की अपनी क्षमता बढ़ाने, ड्रोन को जल्दी पहचानने और उन पर नियंत्रण करने के लिए जरूरी तकनीक में काफी निवेश किया है और अधिकारी पहले से ही बड़ी प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अमेरिका में प्रवेश नहीं मिलने के बाद सोमालिया के फुटबॉल विश्व कप रैफरी उमर अर्टन का बुधावार को राजधानी मोगादिशू पहुंचने पर समर्थकों और अधिकारियों ने स्वागत किया। अर्टन टूर्नामेंट के लिए फीफा की अंतिम सूची में जगह बनाने के बाद विश्व कप में रैफरी की भूमिका निभाने वाले सोमालिया के पहले रैफरी बनने वाले थे। अमेरिका के सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग ने हालांकि एक बयान में कहा कि मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जांच-पड़ताल से जुड़ी चिंताओं के कारण उन्हें देश में प्रवेश नहीं दिया गया। इसके बाद फीफा ने उन्हें टूर्नामेंट की रैफरी की सूची से हटा दिया।

# मोदी ने राष्ट्र प्रथम की भावना से किया देश का विकास

## सबसे लम्बे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति ने दी प्रधानमंत्री को बधाई

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का कीर्तिमान स्थापित करने पर बधाई दी है और कहा कि इस अवधि के दौरान देश ने राष्ट्रीय जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखे हैं।



प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति ने कहा कि चाहे गरीबों का कल्याण हो, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हो, किसानों को सशक्त बनाना हो या मध्यम एवं नव-मध्यम वर्ग के हितों की रक्षा करना हो, आपकी सर्वसमावेशी दृष्टि और कार्य करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव लेकर आए हैं। मुर्मू ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों के प्रति आपकी संवेदनशीलता और अंत्योदय अर्थात कतार में सबसे अंतिम व्यक्ति के उत्थान के आदर्श के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह केवल एक नीतिगत हस्तक्षेप नहीं था, बल्कि भारत के सबसे कमजोर और वंचित नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना का परिचायक था। राष्ट्रपति ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में उन क्षेत्रों को विशेष ध्यान मिला है, जो लंबे समय तक भारत के विकास की मुख्यधारा से बाहर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बात विशेष रूप से भारत के पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों पर लागू होती है, जो विकास के विभिन्न मानकों पर अपेक्षाकृत पीछे रह गए थे। मुर्मू ने कहा कि ऐसे प्रयास जन-केंद्रित और जन-भागीदारी आधारित सुशासन की भावना को प्रतिबिंबित करते हैं, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी क्षेत्र, समुदाय या नागरिक पीछे न छूटे। नौ जून को लिखे पत्र में राष्ट्रपति ने कहा कि साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने तक की आपकी यात्रा भारतीय लोकतंत्र की सबसे प्रेरक विशेषताओं में से एक को पुनः स्थापित करती है। यह दर्शाती है कि हमारे गणराज्य में सार्वजनिक जीवन के दरवाजे उन सभी लोगों के लिए खुले हैं जो राष्ट्र के हित में सेवा, समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए स्वयं को समर्पित करते हैं। मोदी ने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद संभाला था। उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के लगातार निर्वाचित कार्यकाल का रिकॉर्ड पार कर भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का कीर्तिमान स्थापित किया है। राष्ट्रपति ने अपने पत्र में लिखा, आपने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश का नेतृत्व किया है और परंपरा तथा विकास का अनूठा समन्वय स्थापित किया है। आज भारत वैश्विक समुदाय में अपना उचित और महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर चुका है। उन्होंने कहा कि इतिहास भले ही किसी व्यक्ति के पद पर बिताए गए वर्षों को दर्ज करता है, लेकिन जनता यह याद रखती है कि उन वर्षों ने उनके जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया, उनके अवसरों का विस्तार किया और भविष्य के प्रति उनके विश्वास को कैसे मजबूत किया। मुर्मू ने कहा, लोकसेवा की वास्तविक कसौटी अंततः उन जिंदगियों में निहित होती है जिनमें परिवर्तन आया और उन आशाओं में, जो साकार हुईं। मुझे विश्वास है कि सेवा, समावेशन और राष्ट्रीय विकास के आदर्शों के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता भारत को उसकी आकांक्षाओं की पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ाती रहेगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 12 साल के कार्यकाल के दौरान भारत के गौरव को बहाल किया : शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल भारत के गौरव को बहाल करने, सांस्कृतिक नवजागरण और देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करने का रहा है। निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे समय तक जनता की सेवा करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं देते हुए शाह ने कहा कि नया भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ विश्व के हर मंच पर अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि दुनिया एक सक्षम, सशक्त तथा नये भारत के उदय की साक्षी बन रही है। शाह ने इन 12 वर्षों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि नये संसद भवन का निर्माण हुआ, तीन नये आपराधिक कानून लागू हुए, नयी शिक्षा नीति और मातृभाषा में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ तथा आत्मनिर्भर भारत हर भारतीय का संकल्प बना। उन्होंने कहा कि इन 12 वर्षों में एक तरफ देश की सीमाएं सुरक्षित हुईं, कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटा, राम मंदिर का निर्माण हुआ, नक्सलवाद का अंत हुआ और आतंकवाद पर नकेल कसकर हर आतंकी घटना का मुंहतोड़ जवाब दिया गया। वहीं, देश की सामूहिक शक्ति ने हीनता के भाव से बाहर निकलकर अपनी विरासत, संस्कृति और सामर्थ्य पर गर्व करना सीखा। शाह ने कहा कि देशवासियों को सुरक्षित बनाना और उनके खोए हुए आत्मसम्मान व गौरव को लौटाना प्रधानमंत्री मोदी की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मोदी बुधवार को भारत के सबसे लंबे कार्यकाल वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के कार्यकाल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

## संक्षेप

### गाज़ा में चरमपंथियों, पुलिस ने दर्जनों फलस्तीनियों की हत्या की

रामल्ला। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल के साथ युद्ध के दौरान गाज़ा में हमास के लड़ाकों और पुलिस इकाइयों ने दर्जनों फलस्तीनियों को पीटा, उन्हें अपंग बना दिया और सरेआम उनकी हत्या कर दी। इसमें कहा गया कि यह कृत्य युद्ध अपराध की श्रेणी में आता है। मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की रिपोर्ट में युद्ध से प्रभावित इलाके में बिना कानूनी प्रक्रिया के सज़ा देने के सैकड़ों मामलों का ज़िक्र किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों में डर पैदा करने के लिए अक्सर इन मामलों का प्रचार-प्रसार घटना के दौरान और उसके बाद किया जाता था। इसमें कहा गया, इन मामलों में लोगों को मार डालना, घुटनों पर गोली मारना, धातु की रॉड या सीमेंट की ईंटों से हड्डियां तोड़ना तथा बुरी तरह पीटना शामिल है। हमलावरों ने इस कृत्य को इज़राइल के साथ कथित मिलीभगत, मानवीय सहायता की लूट, चोरी, मादक पदार्थ से जुड़े अपराधों या अंदरूनी विरोधियों से जुड़ाव की सज़ा बताया। आयोग ने पाया कि अगस्त 2024 से जनवरी 2026 के बीच दर्ज 249 मामलों में से लगभग एक-चौथाई मामलों- जिनमें 108 मौत भी शामिल हैं- में हमास से जुड़े चरमपंथी और पुलिस बल शामिल थे।

## पीओके में पाकिस्तान की सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मुजफ्फराबाद के निकट पाकिस्तान आर्मी एविएशन के एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी कर्मियों की मौत हो गई। सेना ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, इस हादसे में कोई भी जीवित नहीं बच पाया। इसने हालांकि मृतकों की संख्या नहीं बताई। बयान के अनुसार यह दुर्घटना हेलीकॉप्टर के उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी के कारण हुई। बयान में कहा गया है कि बचाव और राहत दल तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। दुर्घटना के वास्तविक तकनीकी कारण का पता लगाने के लिए एक बोर्ड ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है। सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और सेना के अधिकारियों ने लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया और शोक-संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की।

## तृणमूल कांग्रेस को एक और झटका, सुष्मिता देव ने पार्टी और राज्यसभा से इस्तीफा दिया

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस सांसद सुष्मिता देव ने बुधवार को पार्टी से और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

इससे पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी को एक और झटका लगा है जो राज्य विधानसभा चुनाव में हार के बाद आंतरिक विभाजन से जूझ रही है। सांसद के रूप में देव के इस्तीफे को राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने स्वीकार कर लिया। राज्यसभा सचिवालय की एक अधिसूचना के अनुसार, पश्चिम बंगाल से राज्यसभा की निर्वाचित सदस्य सुष्मिता देव ने उच्च सदन की अपनी सीट से इस्तीफ़ा दे दिया है और उनका इस्तीफ़ा राज्यसभा के सभापति ने 10 जून, 2026 से मंजूर कर लिया है। साल 2021 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुईं सुष्मिता देव अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकती हैं। उन्होंने अपना इस्तीफा देने के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से मुलाकात की। सुष्मिता देव ने तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी को लेकर पूछे गए सवालों या अपने भविष्य की राजनीतिक योजनाओं पर कोई भी टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा, यह मेरा व्यक्तिगत निर्णय है कि मैं किस तरह की राजनीति करना चाहती हूं और मेरा नेता किसे होना चाहिए। मेरे अपने कारण हैं और इसलिए मैंने यह फैसला किया है। भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर उन्होंने कहा, जब मैं फैसला करुंगी तो आपको जानकारी दूंगी। देव ने कहा कि उन्होंने निजी और राजनीतिक कारणों से इस्तीफा दिया है।

## कांग्रेस ने ईसी से नटराजन का नामांकन खारिज करने के फैसले को निरस्त करने का आग्रह किया




नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से अपनी राज्यसभा उम्मीदवार का नामांकन खारिज किए जाने के खिलाफ बुधवार को निर्वाचन आयोग से शिकायत की और आग्रह किया कि निर्वाचन अधिकारी (आरओ) के संविधान एवं गणतंत्र विरोधी फैसले को तत्काल निरस्त किया जाए।

पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयोग पहुंचकर इस मामले में पार्टी का पक्ष रखा और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो अन्य आयुक्तों को ज्ञापन भी सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव जयराम रमेश, भूपेश बघेल, रणदीप सुरजेवाला और वरिष्ठ नेता दीपा दासमुंशी, विवेक तन्खा एवं अभिषेक सिंघवी शामिल थे। इसमें खुद नटराजन भी मौजूद थीं। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, हमने भारत निर्वाचन आयोग के साथ विस्तार से चर्चा की और तथ्य व आंकड़े रखे। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के सामने विस्तृत रूप से अपने मुद्दे रखे हैं। मीनाक्षी नटराजन जी के मामले में आरओ का फैसला विकृत है, कानूनी रूप से गलत है, जिसका समर्थन नहीं किया जा सकता। उनका कहना था कि निर्वावन अधिकारी ने जिस आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया, वह आधार कानूनी रूप से सही नहीं हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, ऐसा कोई आपराधिक मामला नहीं है, जिसका मीनाक्षी जी खुलासा कर सकती थीं। अदालत से एक नोटिस आया, जिसमें मीनाक्षी जी से कहा गया कि आप आकर हमें बताइए कि हम इस मामले का संज्ञान लें या नहीं। कानून के पहली कक्षा के विद्यार्थी को भी पता होता है कि मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेना एक प्राथमिक चरण होता है और उसमें यह फैसला किया जाता है कि यह मामला आगे चलना चाहिए या नहीं। बिना संज्ञान के कोई भी आपराधिक मामला जन्म ही नहीं लेता है। मजे की बात यह है कि चुनाव आयोग के कानून में स्पष्ट लिखा है कि आपको सिर्फ वह खुलासा करना है।

## यूक्रेन ने रूस के अंदरूनी इलाकों में सैन्य कारखानों, ऊर्जा संयंत्रों पर किया हमला

कीव। ऊर्जा संयंत्रों और सैन्य कारखानों को निशाना बना कर मॉस्को को रणनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने की कोशिश के तहत यूक्रेन ने बुधवार को रूस के भीतरी क्षेत्रों में कई हमले किए।



राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने कई सैन्य और ऊर्जा अवसंरचना स्थलों पर हमला किया, जिसमें एक सैन्य कारखाना भी शामिल है। इस बारे में उन्होंने कहा कि यह रूसी ड्रोन और मिसाइलों के लिए कलपुर्जे की आपूर्ति करता था।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की एफपी-5 फ्लेमिंगो लंबी दूरी की मिसाइलों ने चेबोक्सारी में मौजूद उस ठिकाने पर हमला किया, जो अग्रिम मोर्चे से 900 किलोमीटर से अधिक दूरी पर चुवाशिया इलाके में है। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में यूक्रेन के 326 ड्रोन मार गिराए। चुवाशिया के प्रमुख ओलेग निकोलायेव ने मिसाइल हमले की पुष्टि की, लेकिन इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। ऑनलाइन समाचार संस्थान एस्ट्रा ने खबर दी कि यूक्रेनी हमले में वीएनआईआईआर-प्रोग्रेस संयंत्र को निशाना बनाया गया, जहां ड्रोन के लिए एंटीना बनाए जाते हैं। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूस के समारा इलाके में एक रिफाइनरी पर हमला किया। वहां के गवर्नर व्याचेस्लाव फेदोरिशचेव ने बताया कि ड्रोन हमलों से कई औद्योगिक संयंत्र को नुकसान पहुंचा और तीन लोग घायल हो गए। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने रूस के व्लादिमीर इलाके में तेल से जुड़ी दो अवसंरचना को भी निशाना बनाया, जो अग्रिम मोर्चे से लगभग 700 किमी की दूरी पर स्थित हैं। रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में, एक यूक्रेनी ड्रोन उस इमारत से टकरा गया, जिसमें 19वीं सदी के क्रीमिया युद्ध के दौरान शहर की रक्षा को दर्शाने वाली एक विशाल पेंटिंग रखी थी। रूसी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय क्रेमलिन द्वारा क्रीमिया के सबसे बड़े शहर सेवस्तोपोल के प्रमुख नियुक्त किये गए मिखाइल राजवोजायेव ने कहा कि कलाकार फ्रांज रुबो द्वारा बनाई गई यह पेंटिंग पूरी तरह से नष्ट हो गई। पिछले हफ्ते, यूक्रेन के हमलों में सेंट पीटर्सबर्ग में एक तेल टर्मिनल में आग लगने और पास के नौसैन्य अड्डे पर भी हमला होने के बाद पुतिन ने रूस की वायु रक्षा को मजबूत करने का संकल्प लिया था। यूक्रेन की वायुसेना का कहना है कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रूस के 207 में से 181 ड्रोन मार गिराए। क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख ओलेह सिनिहुबोव के अनुसार, बुधवार तड़के खारकीव पर 26 ड्रोन के जरिये हमला किया गया, जिसमें कम से कम चार लोग घायल हो गए।

## इंटरटेनमेंट...

## 'अल्फा' का टीजर रिलीज, एक्शन करती दिखीं आलिया

**मुंबई।** आलिया भट्ट स्टारर फ्रैंचाइज़ स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म अल्फा का टीजर बुधवार को जारी किया गया। टीजर 1 मिनट 55 सेकेंड का है, जिसमें आलिया जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं। टीजर में कहानी एक युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका किरदार आलिया निभा रही हैं। उसे बचपन से ही एक खास मकसद के लिए तैयार और ट्रेन किया जाता है। टीजर में उनके पिता बॉबी देओल उन्हें 'अल्फा' नाम के एक सीक्रेट प्रोग्राम से इंट्रोड्यूस कराते हैं, जिसे भारत के अगली पीढ़ी के सैनिकों को तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**शाहरुख बोले– आलिया पहले दिल तोड़ती थी, अब हड्डियां तोड़ रही है**




अल्फा का टीजर रिलीज होने के बाद शाहरुख खान ने आलिया की जमकर तारीफ की है। शाहरुख ने पर लिखा, 'बहुत बढ़िया आलिया। पहले तुम दिल तोड़ती थीं, अब हड्डियां तोड़ रही हो। तुम्हारा टैलेंट लगातार बढ़ता जा रहा है। उम्मीद है 'अल्फा' लोगों का दिल जीतेगी और सीक्वल के लिए कुछ विलेन भी बच जाएंगे। जाओ, सबको दिखा दो सिग्मा गर्ल! बॉबी सर, जब आप विलेन बनते हैं तो कमाल कर देते हैं। आपको एक बड़ी-सी झप्पी। शिव और उनकी पूरी टीम को भी ढेरों शुभकामनाएं। अल्फा यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की 7वीं और फीमेल लीड वाली पहली फिल्म है। आलिया भट्ट फिल्म में लीड रोल प्ले कर रही हैं। शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर भी फिल्म में अहम किरदारों में हैं। ऋतिक रोशन, इस यूनिवर्स की फिल्म वॉर के किरदार कबीर का कैमियो रोल प्ले करने वाले हैं। फिल्म 3 जुलाई को रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। फिल्म का निर्देशन शिव रवैल ने किया है।

हाल ही में बॉबी देओल ने अल्फा की शूटिंग के बीच आलिया से अनबन की खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए इसे अफवाह बताया था। टीवी शो 'आप की अदालत' में उनसे आलिया से अनबन की खबरों पर सवाल किया गया था, तो एक्टर ने कहा था, ःमुझे भी किसी दोस्त ने उस खबर का स्नैपशॉट भेजा था। मैं भी हैरान था। लोग इतने वेल्ले हैं कि कुछ भी लिखकर बना देते हैं। आगे बॉबी ने कहा था, 'मैंने अभी रणबीर के साथ फिल्म की, फिर मुझे जब पता चला कि मुझे आलिया के साथ एक फिल्म मिली है, तो मैंने सोचा कि ये हो क्या रहा है मेरे साथ, क्योंकि दोनों ही मेरे फेवरेट एक्टर हैं। दोनों के साथ मुझे काम करने को मिल रहा है। ये बहुत अच्छा है। वह कितनी अच्छी एक्ट्रेस हैं, कितनी हार्डवर्किंग हैं। कितनी प्रोफेशनल हैं। उन्हें फाइट सीक्वेंस करना हो तो वह बहुत तैयार रहती हैं। इस यूनिवर्स में अल्फा के बाद पठान 2 और टाइगर वर्सेस पठान की भी चर्चा है।

## 'गुल्लक' पांचवें सीजन में दर्शकों का प्यार देख बढ़ाए एपिसोड

**मुंबई।** ओटीटी पर पहला शो है गुल्लक जिसका पांचवा सीजन आ रहा है। जमील खान इन दिनों 'गुल्लक 5' को लेकर चर्चा में हैं। वे इस सीरीज में एक बार फिर संतोष मिश्रा के किरदार में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 'गुल्लक' और अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर कई बातें साझा कीं। यह ओटीटी का पहला शो है, जिसका पांचवां सीजन आ रहा है। ऊपरवाले की कृपा है। ऊपरवाले से यही दुआ करूंगा कि पांचवां क्या, यह सीजन-दर-सीजन आता रहे और दर्शकों का मनोरंजन करता रहे। इसे लेकर हम लोग बहुत ज्यादा एक्साइटेड हैं। आशा है कि इस बार भी उतना ही प्यार मिले। जितना पहले सफल रहा है, उससे भी ज्यादा सफल शो साबित हो। 'गुल्लक' की जिस वजह से पहचान बनी है, वे सारी चीजें इसमें भी हैं।

## 'फिल्म काला हिरण में सलमान की इमेज बिगाड़ने की कोशिश'

**मुंबई।** आपकी जिंदगी का सबसे बड़ा किरदार आपको ऑफर किया जा रहा हैङ्क' 14 अप्रैल को आए एक फोन कॉल से अभिनेता सोनू मिश्रा को लगा कि उनके करियर का बड़ा मोड़ आने वाला है। जल्दबाजी में टिकट भेजी गई, शूट के लिए यूपी बुलाया गया और बताया गया कि फिल्म एक बड़े सुपरस्टार से जुड़ी है। लेकिन सेट पर पहुंचने के बाद चीजें वैसी नहीं निकलीं जैसी उन्हें समझाई गई थीं। स्क्रिप्ट नहीं मिली, एग्रीमेंट नहीं हुआ और कहानी को लेकर सवाल बढ़ते गए। दैनिक भास्कर से बातचीत में सोनू मिश्रा ने बताया कि उन्होंने बीच में ही फिल्म 'काला हिरण' छोड़ने का फैसला क्यों लिया और इस विवाद के पीछे क्या हुआ। सोनू मिश्रा बताते हैं कि 14 अप्रैल को उन्हें अचानक फोन आया।

**सोनू मिश्रा बोले– कहा गया सलमान भी आ जाएं, तब भी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे**

उस वक्त वह एक बड़े प्रोजेक्ट की मीटिंग में थे। कॉल करने वालों ने कहा कि 16 तारीख को फ्री रहिए, आपकी जिंदगी का सबसे बड़ा किरदार आपको ऑफर किया जा रहा है। पहले उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं दी गई।

## अजय स्टारर 'धमाल 4' की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** कॉमेडी फ्रेंचाइज 'धमाल' की चौथी फिल्म 'धमाल 4' की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार 'फिल्म पहले 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक सप्ताह पहले 10 जुलाई को सिनेमाघरों में लाने की तैयारी है।

हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी घोषणा नहीं की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक 'अल्फा' की रिलीज 10 जुलाई के बजाय 3 जुलाई किए जाने की चर्चा के बाद 10 जुलाई की तारीख खाली हो गई। इसी को देखते हुए 'धमाल 4' के मेकर्स ने अपनी फिल्म को उस स्लॉट में रिलीज करने का फैसला लिया है। फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया है। इसमें




फ्रेंचाइज के पुराने कलाकार अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी एक बार फिर नजर आएंगे। इनके अलावा ईशा गुप्ता, संजीदा शेख, अंजलि आनंद, उपेंद्र लिमये, विजय पाटकर और रवि किशन भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। धमाल सीरीज की शुरूआत धमाल से हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद

**तय समय से एक हफ्ते पहले हंसाएगी फिल्म, 10 जुलाई को सिनेमाघरों में हो सकती है रिलीज**

किया था। इसके बाद डबल धमाल और टोटल धमाल भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। खास तौर पर 'टोटल धमाल' ने 154 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया था। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज, देवगन फिल्म्स, मारुति इंटरनेशनल और पैनोरमा स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com